Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09

देश



**कौन होगा भारतीय टी20 टीम का अगला कप्तान? संजू और श्रेयस अय्यर नाम आया...**

**तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनते ही टीवीके चीफ विजय ने एक सीट से दिया इस्तीफा**


कृष्ण पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • मंगलवार • 12 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 159 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,39,450 | ₹ 2,75,000 |



## आज का इतिहास

1949 : विजयलक्ष्मी पंडित स्वतंत्र भारत की पहली विदेशी महिला राजदूत बनीं।

1998 : व्यापक रूप से दंगों के लिए अग्रणी अंततः त्रिसक्ति विश्वविद्यालय इण्डोनेशिया में चार छात्रों की गोली मारकर हत्या कर दी गई और अंततः सहरूतो का पतन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार डीसीईसीई की प्रवेश परीक्षा 23-24 मई को

**पटना (नि.सं.)** । बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (डीसीईसीई) 2026 की तिथि 23 और 24 मई को घोषित की है। प्रवेश पत्र 14 मई को जारी होंगे। परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए जाएंगे और जैविक पहचान की जाएगी। सभी जिलों ने नकलविहीन परीक्षा के लिए तैयारी की है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (डीसीईसीई) 2026 की तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा 23 व 24 मई को होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 14 मई, 2026 को वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर जारी किया जाएगा।

### राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए कल से आवेदन

**पटना (नि.सं.)** । बिहार के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में बी.ई./बी.टेक. पाठ्यक्रम में पहले वर्ष के नामांकन का शिड्यूल जारी कर दिया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 5 जून है। छात्रों को जेईई (मेन)-2026 का स्कोर कार्ड, प्रमाण-पत्र और अन्य दस्तावेज ऑनलाइन आवेदन के समय प्रस्तुत करने होंगे। बिहार के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में बी.ई./बी.टेक. पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में नामांकन का शिड्यूल जारी कर दिया गया है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने स्नातक स्तरीय अभियंत्रण नामांकन काउंसिलिंग (यूजीईएसी)-2026 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन)-2026 (पेपर-I) में वैध स्कोर प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थी 13 मई से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

बिहार सरकार की पहल : अब घर बैठे दर्ज होगी शिकायत

# 'सहयोग' हेल्पलाइन और पोर्टल लॉन्च, 30 दिनों में दर्ज शिकायत का होगा समाधान

- देरी होने पर संबंधित विभाग की जवाबदेही तय की जा सकती है।
- सरकार ने इसे जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित करने वाला प्लेटफॉर्म बताया।



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार ने आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने सोमवार को "सहयोग" हेल्पलाइन नंबर 1100 और सहयोग पोर्टल की शुरुआत की। इसके जरिए अब बिहार का कोई भी नागरिक घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगा। सरकार ने दावा किया है कि दर्ज शिकायतों का निपटारा 30 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद भवन में इस नई व्यवस्था का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव सहित कई जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सरकार ने इसे "जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित करने वाला प्लेटफॉर्म" बताया।

### सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक काम करेगी हेल्पलाइन

सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए 1100 हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। जिन लोगों को ऑनलाइन आवेदन करने में परेशानी होगी, वे इस नंबर पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। हेल्पलाइन सेवा प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक संचालित होगी। कॉल सेंटर पर मौजूद अधिकारी शिकायत दर्ज कर संबंधित विभाग तक पहुंचाएंगे और आवेदक को जरूरी जानकारी भी देंगे।

सरकार के अनुसार अब लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सड़क, बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन, जमीन विवाद, सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी या किसी भी विभाग से संबंधित शिकायत सीधे सहयोग पोर्टल पर दर्ज की जा सकेगी। इससे शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया पहले से अधिक आसान और तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है। नई व्यवस्था के तहत शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित विभाग को तुरंत भेजी जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक शिकायत का समाधान 30 दिनों के भीतर करना अनिवार्य होगा। शिकायत का निपटारा होने के बाद आवेदक को इसकी लिखित जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। यदि किसी कारण से समाधान में देरी होती है, तो संबंधित विभाग से जवाबदेही तय की जा सकती है। सहयोग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने के लिए सबसे पहले मोबाइल या कंप्यूटर में वेबसाइट खोलनी होगी। इसके बाद आवेदक को अपना नाम, मोबाइल नंबर और अन्य जरूरी जानकारी भरनी होगी। फिर संबंधित विभाग का चयन कर अपनी समस्या विस्तार से लिखनी होगी। जरूरत पड़ने पर दस्तावेज, फोटो या अन्य प्रमाण भी अपलोड किए जा सकते हैं।

### हर महीने लगेगा 'सहयोग शिविर'

सरकार ने यह भी घोषणा की है कि हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को राज्यभर में "सहयोग शिविर" लगाए जाएंगे। इन शिविरों में आम लोग सीधे अधिकारियों के सामने अपनी समस्या रख सकेंगे। मौके पर ही शिकायतों के समाधान की कोशिश की जाएगी, ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके। सरकार का मानना है कि इससे प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम होगी।

शिकायत जमा करते ही आवेदक को एक रजिस्ट्रेशन नंबर मिलेगा। इसी नंबर की मदद से लोग अपनी शिकायत की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे और यह जान पाएंगे कि उनकी शिकायत किस स्तर पर लंबित है। सरकार का कहना है कि इस नई पहल का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को तेज, सरल और पारदर्शी सरकारी सेवा उपलब्ध कराना है। साथ ही शिकायत निवारण प्रणाली को अधिक जवाबदेह बनाना भी इसका अहम लक्ष्य है।

मिडिल ईस्ट तनाव के बीच लोगों से शांत रहने की अपील

# जरूरी सामान और ऊर्जा आपूर्ति पर सरकार की कड़ी नजर : राजनाथ सिंह

- केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि तेल कंपनियां उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए दबाव झेल रही हैं।
- सरकार ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।



**एजेंसी | नई दिल्ली**

मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष और वैश्विक तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देश में आवश्यक वस्तुओं और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि सरकार ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला और जरूरी सामानों की उपलब्धता पर लगातार नजर बनाए हुए है तथा लोगों को किसी प्रकार की घबराहट की जरूरत नहीं है। सोमवार को मिडिल ईस्ट संकट को लेकर मंत्रियों के समूह की पांचवीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार देश में जरूरी वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की।

राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार किसी भी प्रकार की कमी या आपूर्ति बाधित होने की स्थिति से निपटने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में जनता की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है और आत्मनिर्भरता तथा ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सभी को सहयोग करना होगा।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हैदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान देशवासियों से खर्च में कटौती करने और संसाधनों के सीमित उपयोग की अपील की थी। उन्होंने लोगों से गैर-जरूरी विदेश यात्राएं टालने, सोने की खरीद से बचने तथा जहां तक संभव हो घर से काम करने की सलाह दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि कोविड-19 महामारी के दौरान अपनाई गई वर्क फ्रॉम होम, वर्चुअल मीटिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी व्यवस्थाओं को फिर से बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इससे ईंधन की खपत कम होगी और विदेशी मुद्रा भंडार की बचत होगी।

उन्होंने मेट्रो, कारपूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिक उपयोग पर भी जोर दिया। साथ ही माल ढुलाई को सड़क मार्ग के बजाय रेलवे के माध्यम से बढ़ाने की बात कही।

प्रधानमंत्री ने सोने के आयात को लेकर भी चिंता जताई और लोगों से राष्ट्रीय हित में कम से कम एक वर्ष तक सोने की खरीद से बचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े सोना आयातक देशों में शामिल है और त्योहारों तथा शादी के मौसम में इसका आयात बिल काफी बढ़ जाता है।

केंद्र सरकार के अनुसार ईरान-अमेरिका तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में संभावित व्यवधान के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सरकारी तेल कंपनियां उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए अतिरिक्त दबाव झेल रही हैं। सरकार का कहना है कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए ऊर्जा सुरक्षा, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# सड़कों के निर्माण में अत्याधुनिक तकनीक का होगा उपयोग : मंत्री कुमार शैलेंद्र

- अभियंताओं को प्रशिक्षण के लिए दूसरे राज्यों में भेजने की तैयारी



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री इं. कुमार शैलेंद्र ने कहा है कि राज्य में सड़कों और पुलों के निर्माण कार्यों में अब अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए विभागीय अभियंताओं को प्रशिक्षण देने हेतु महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में भेजा जाएगा, ताकि बिहार में भी आधुनिक तकनीक आधारित विकास कार्यों को गति मिल सके। सोमवार को पथ निर्माण विभाग में पदभार ग्रहण करने के बाद मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बिहार अब तकनीकी रूप से उन्नत सड़क एवं पुल निर्माण की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में तकनीक आधारित आधारभूत संरचना विकास तेजी से हो रहा है, जबकि बिहार अभी इस क्षेत्र में काफी संभावनाओं के बावजूद पीछे है। मंत्री ने कहा कि वे स्वयं भी सिविल इंजीनियर हैं और अपनी तकनीकी दक्षता का उपयोग विभागीय कार्यों में करेंगे।

उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास और आर्थिक प्रगति के लिए बेहतर सड़क नेटवर्क बेहद आवश्यक है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज राज्य के किसी भी हिस्से से पटना तक पांच घंटे के भीतर पहुंचना संभव हो पाया है, जो पूर्व में शुरू किए गए सड़क विकास कार्यों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकार अब उसी रोडमैप को और अधिक गति एवं गुणवत्ता के साथ आगे बढ़ाएगी।

# मुख्यमंत्री का सख्त संदेश, अपराधियों को 48 घंटे में मिलेगा जवाब

- सरकार ने कानून-व्यवस्था को उद्योग और विकास के लिए जरूरी बताया।



**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को मंदिरी नाले पर बनी नई सड़क का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश देते हुए कहा कि पुलिस को पूरी छूट दे दी गई है और जो भी अपराधी पुलिस को चुनौती देगा, उसे 48 घंटे के भीतर जवाब मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सुशासन से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। अपराधी किसी भी जाति या वर्ग का हो, सरकार उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए मजबूत कानून-व्यवस्था बेहद जरूरी है।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिरी नाले पर बनी यह सड़क पटना के लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाएगी। अब लोग इनकम टैक्स गोलंबर से सीधे गंगा पथ तक आसानी से पहुंच सकेंगे। इससे पीएमसीएच, एनएमसीएच, गायघाट, कंगनघाट, गुरुद्वारा और दीदारगंज जाने वाले लोगों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि यह इलाका तेजी से रिहायशी क्षेत्र से व्यावसायिक क्षेत्र में विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के लिए मंत्री नितिन नवीन एवं उनकी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि पटना को आधुनिक और व्यवस्थित शहर बनाने की दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है।

उद्घाटन के दौरान एक रोचक स्थिति भी देखने को मिली। मुख्यमंत्री द्वारा रिमोट दबाते ही शिलापट्ट पर लगा पर्दा बीच में फंस गया। इसके बाद मौके पर मौजूद अधिकारियों ने हाथ से पर्दा हटाया, जिसके बाद कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। बताया गया कि इस सड़क का शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। यह परियोजना नितिन नवीन के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल रही है। सड़क का नामकरण उनके पिता के नाम पर "नवीन किशोर सिन्हा पथ" किया जाएगा। मंदिरी नाले पर बनी इस सड़क का सीधा लाभ तीन लाख से अधिक लोगों को मिलने की उम्मीद है। प्रशासन के अनुसार इससे शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और जाम की समस्या में काफी कमी आएगी।

# बिहार में जमीन खरीद-बिक्री के लिए नई व्यवस्था लागू

### अब निबंधन से पहले सीओ देंगे जमीन की पूरी अपडेट जानकारी, 15 मई से शुरू होगी व्यवस्था

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार ने जमीन की खरीद-बिक्री प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विवादमुक्त बनाने के लिए नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। अब जमीन खरीदने वाले लोगों को निबंधन से पहले ही संबंधित अंचलाधिकारी (सीओ) अथवा राजस्व अधिकारी से जमीन की अद्यतन जानकारी प्राप्त हो सकेगी। यह नई व्यवस्था फिलहाल वैकल्पिक रूप में 15 मई से लागू की जाएगी। नई प्रणाली लागू होने के बाद जमीन खरीदने वाले व्यक्ति को रजिस्ट्री से पहले ही यह स्पष्ट जानकारी मिल जाएगी कि संबंधित जमीन की वर्तमान स्थिति क्या है और उस पर किसी प्रकार का विवाद, ऋण या सरकारी दावा तो नहीं है। इससे निबंधन के बाद दाखिल-खारिज एवं अन्य राजस्व प्रक्रियाओं में आने वाली परेशानियां काफी हद तक कम होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार उपनिबंधन महानिरीक्षक की ओर से इस संबंध में सभी जिलों के समाहर्ताओं को पत्र भेजकर पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई है।

वर्तमान व्यवस्था में जमीन की रजिस्ट्री के दौरान केवल रैयत और मालिक के संबंध को स्पष्ट करना जरूरी होता है, जबकि जमीन की वास्तविक एवं अद्यतन स्थिति का सत्यापन नहीं हो पाता। कई मामलों में रजिस्ट्री के बाद खरीदारों को जमीन से जुड़ी गड़बड़ियों, फर्जी दस्तावेजों या मालिकाना हक संबंधी विवादों की जानकारी मिलती है, जिससे उन्हें कानूनी और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नई व्यवस्था का उद्देश्य ऐसी समस्याओं को पहले ही रोकना है। अंचलाधिकारी मौनी बहन ने बताया कि नई प्रक्रिया के तहत जमीन की अपडेट स्थिति की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेजों और भूमि विवादों से लोगों को सुरक्षा मिलेगी।

सप्तम राष्ट्रीय एक्युप्रेशर पखवाड़ा का शुभारंभ, लगेंगे पूरे देश में हजारों निशुल्क चिकित्सा शिविर

# 11 से 25 मई तक देशभर में लगेंगे हजारों निःशुल्क चिकित्सा शिविर




**निज संवाददाता | पटना**

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज परिसर में सोमवार को सप्तम राष्ट्रीय एक्युप्रेशर पखवाड़ा का शुभारंभ राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एक्युप्रेशर महागुरु डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह पखवाड़ा 11 मई से 25 मई तक आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत देशभर में हजारों निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने कहा कि सुश्रुत संहिता में एक्युप्रेशर चिकित्सा को विश्व की सर्वोत्तम चिकित्सा पद्धतियों में शामिल बताया गया है। उन्होंने कहा कि इस चिकित्सा पद्धति से रोगियों को त्वरित लाभ मिलता है तथा दर्द संबंधी बीमारियों के साथ-साथ डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, लकवा एवं इन्डोक्राइन ग्लैंड से संबंधित रोगों का भी सरल और सफल उपचार संभव है।

यह पखवाड़ा बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, स्वास्थ्य जागरूकता मिशन तथा इंडियन काउंसिल ऑफ एक्युप्रेशर योग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार देश के 17 राज्यों में सैकड़ों संस्थानों एवं चिकित्सकों के सहयोग से हजारों निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित होंगे। पखवाड़ा संयोजक डॉ. अजय प्रकाश ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम की मुख्य थीम डायबिटीज रोग रखी गई है। इसके साथ ही कमर दर्द, घुटना दर्द, गर्दन दर्द, साइटिका, थायरॉयड, लकवा एवं गठिया जैसे रोगों की चिकित्सा भी प्रमुख रूप से की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार सहित झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, ओड़िशा, असम, पंजाब समेत नेपाल और बांग्लादेश में लाखों रोगी इस अभियान से लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि पटना जिले में भी 16 चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। साथ ही सभी शिविर आयोजकों को 26 मई को ओल्ड सेक्रेटेरियट कैंपस स्थित अधिवेशन भवन में आयोजित 32वें राष्ट्रीय एक्युप्रेशर एवं एक्युपंक्चर सम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को कोषाध्यक्ष वीणा प्रकाश, बीएवाईसी मटेरिया मेडिका विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र प्रसाद सिंह एवं डॉ. एच. पी. सिंह समेत कई चिकित्सकों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में श्रुति कुमारी, सर्व प्रकाश, आदित्य प्रकाश, अभव्या, सोनी देवी, शाम्भवी प्रकाश, अनंत, रोजी तिवारी, डॉ. विकास पंडित, डॉ. संजय पोद्दार, डॉ. हरेंद्र, डॉ. मानसी, डॉ. काजल, डॉ. दयानंद सिंह, रिंकी श्रीवास्तव, डॉ. प्रीति, डॉ. अभिषेक, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. बी.एन. सिंह, डॉ. सुनील कुमार सुमन, डॉ. नीतीश कुमार एवं डॉ. संगीता कुमारी सहित अन्य लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

BAYC Institute स्थापित 1972


बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### नरहट के पोखर घाट के पास दो पुंज में लगी आग, हजारों की निवारी जलकर राख

**नरहट (नवादा)।** नरहट के पोखर घाट के पास रखे दो पुंज में अचानक आग लग गई, जिससे उसमें रखी निवारी जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि एक पुंज में करीब 6 से 7 हजार निवारी रखी हुई थी। एक पुंज बिरजू महतो का था, जबकि दूसरा ब्रह्म देव महतो का बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, एक पुंज में रात करीब 8 बजे आग लगी, जबकि दूसरे पुंज में देर रात करीब 12 बजे आग भड़क उठी। आग लगते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दोनों पुंज में रखी निवारी करीब करीब जल चुकी थी। घटना से किसान के समकक्ष चारा की समस्या उतपन्न हो गई है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

### 86 दिनों बाद समाप्त हुई राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल, कौआकोल अंचल कार्यालय में कामकाज शुरू

**कौआकोल।** लंबे समय से चल रही राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल सोमवार को समाप्त हो गई। हड़ताल खत्म होने के बाद कौआकोल अंचल कार्यालय में सोमवार से कार्य सामान्य रूप से शुरू हो गया है। राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू, आदित्य कुमार, प्रकाश कुमार, नरेंद्र कुमार,दीपक कुमार एवं नितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कर्मचारी संघ के आह्वान पर जारी 86 दिनों की लंबी हड़ताल के बाद सभी कर्मचारी पुनः अपने कार्य पर लौट आए हैं। कर्मचारियों ने कहा कि हड़ताल समाप्त होते ही लंबित राजस्व कार्यों का निष्पादन शुरू कर दिया गया है। कार्यालय में दाखिल-खारिज, भूमि परिमार्जन, लगान रसीद निर्गत करने सहित अन्य राजस्व सेवाएं अब नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। हड़ताल के कारण क्षेत्र के लोगों के कई आवश्यक कार्य लंबित पड़े थे। कर्मचारियों के काम पर लौटने से आम जनता को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया जाता है कि आने वाले दिनों में लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए विशेष रूप से कार्य किया जाएगा ताकि आम लोगों की परेशानी जल्द दूर हो सके।

### सात निश्चय पार्ट-3 के तहत लगा कौआकोल के विभिन्न कार्यालयों में लगा जनता दरबार

**कौआकोल।** सात निश्चय पार्ट-3 के तहत सोमवार को कौआकोल प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में जनता दरबार आयोजित कर फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। अंचल कार्यालय में सीओ मनीष कुमार,प्रखंड कार्यालय में बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार,पंचायती राज कार्यालय में बीपीआरओ शमा बानो तथा शिक्षा विभाग में बीईओ अजीत कुमार ने आम लोगों की शिकायतों की सुनवाई कर संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया।

### घर-घर जाकर प्रगणकों द्वारा जुटाई जा रही जानकारी

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र के सभी गणना ब्लॉकों में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार प्रगणक प्रत्येक परिवार से संपर्क कर सामाजिक,आर्थिक एवं पारिवारिक जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्वे के दौरान परिवार के सदस्यों की संख्या,आवास की स्थिति सहित अन्य आवश्यक जानकारियां दर्ज की जा रही हैं। सर्वे कार्य को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए सभी प्रगणकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बीडीओ ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध कराकर सहयोग करें।


### पशु चिकित्सालय कौआकोल में एंटी रैबीज वैक्सीन नहीं, पशुपालक परेशान

**कौआकोल।** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित पशु चिकित्सालय कौआकोल में कुत्ता काटने के बाद लगाए जाने वाले एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं रहने से पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालक भलुआही गांव निवासी शंकर कुमार यादव, रामाशीष यादव,भोला यादव ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक बकरियों को रविवार की शाम आवारा कुत्ते ने काट लिया था। एक बकरी की तो मौत भी हो गई। इलाज के लिए जब वे पशु चिकित्सालय कौआकोल से सम्पर्क किए तो वहां एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं था। वहां के कर्मी ने बताया कि दो महीने से वैक्सीन नहीं है। वैक्सीन नहीं रहने के कारण पशुपालकों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। पशुपालकों ने बताया कि मजबूरी में वैक्सीन के लिए नवादा जिला मुख्यालय जाना पड़ता है,जो कौआकोल से लगभग 40 किलोमीटर दूर है। दूरी अधिक होने के कारण समय और पैसे दोनों की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ती है। पशुपालकों का कहना है कि पशु चिकित्सालय में नियमित रूप से जीवन रक्षक दवाएं और वैक्सीन उपलब्ध रहनी चाहिए, ताकि आपात स्थिति में पशुओं का तुरंत उपचार हो सके। समाजसेवी रामनिवास प्रसाद सहित अन्य लोगों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द वैक्सीन उपलब्ध कराने की मांग की है।

### युवक ने शादी का सांझा देकर दो महीनों तक किया यौन शोषण अब शादी से कर रहा इंकार,युवती व उसकी मां के साथ मारपीट,आरोपित युवक पुलिस गिरफ्त में,प्राथमिकी दर्ज

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। इसमें युवक और युवती दोनों स्वजातीय है और पिछले दो माह पूर्व युवक ने युवती को शादी का सांझा देकर अपने साथ दिल्ली लेकर चला गया। दिल्ली में दोनों पति-पत्नी की तरह रहे,किंतु शादी की बात सामने आते ही युवक बहाना बनाने में जुट गया। युवती के परिजनों ने दूसरे जगह पर रिश्ता तय करने में जुट गए,तब युवक द्वारा रिश्तेदारों के यहां पुराने फोटो-वीडियो को भेजकर तय रिश्ता भी तुड़वाता रहा। युवती के परिजनों का आरोप है कि युवक द्वारा अबतक तीन रिश्तों को तोड़ चुका है। पीड़िता ने यह भी बताई कि इस प्रेम प्रसंग के कारण उत्पन्न तनाव से ग्रस्त होकर मेरी छोटी बहन ने आत्महत्या भी कर ली थी। सोमवार को युवती और उसके परिजन जब युवक के घर बहादुरपुर पहुंचे,तो युवक और उसकी मां द्वारा शादी से इंकार करते हुए मारपीट किया जाने लगा। इसके बाद युवती ने सहायता हेतु डायल 112 को फोन कर बुलाया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने युवती और उसकी मां के साथ आरोपी बहादुरपुर गांव निवासी रामकृष्ण कुमार उर्फ टुनटुन साव के पुत्र आकाश दीप को हिरासत में लेकर थाना को सुपुर्द कर दिया। थाना में पीड़ित युवती द्वारा लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित युवती द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है एवं गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।

### रजौली में एनएच-20 पर अनियंत्रित होकर पलटी स्विफ्ट कार, जांच में जुटी पुलिस



**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र में एनएच-20 पर सोमवार को एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि इस सड़क दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ। कार सवार लोग हादसे के बाद मौके से चले गए। मिली जानकारी के अनुसार, कार संख्या बीआर21एए9987 नवादा की ओर से आ रही थी। दोपटा मोड़ के आगे पहुंचते ही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। कार का चारों चक्का ऊपर हो गया। जब तक आसपास के लोग मौके पर जुटते, कार में सवार लोग वाहन को छोड़कर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। स्थानीय लोगों ने डायल 112 को सूचना दी कि एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क किनारे पड़ी है। लोगों ने कहा कि कार में चार लोग सवार थे, जो हादसे के बाद मदद के लिए कहीं चला गए। बारिश के मौसम में जमीन के गिले होने के कारण कार में सवार रहे लोगों को ज्यादा चोटें नहीं आई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि जब तक डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची, तब तक कार सवार लोग वाहन छोड़कर जा चुके थे। दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। कार को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षा के मंदिर में 'अंधेरगर्दी', किसान उच्च विद्यालय अंधरवारी में भविष्य के साथ खिलवाड़, कागजों के बदले मांगी जा रही 'रिश्वत'

**सोन वर्षा वाणी । संवाददाता**

**◆ टीसी और मार्कशीट के नाम पर छात्रों से अवैध वसूली का आरोप, 'वेतन नहीं मिला तो छात्रों से वसूली' किसान उच्च विद्यालय अंधरवारी पर गंभीर आरोप**

**रजौली।** बिहार की शिक्षा प्रणाली को भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी बनाने की सरकारी कोशिशों को रजौली प्रखंड के अंधरवारी गांव स्थित किसान उच्च विद्यालय में गहरा धक्का लगा है।एक तरफ जहां सरकार 'पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया' जैसे नारों से छात्रों को प्रोत्साहित कर रही है, वहीं दूसरी ओर इसी विद्यालय में मैट्रिक पास कर चुके छात्र-छात्राओं को अपने ही अंक पत्र (मार्कशीट) और स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।विद्यालय प्रशासन पर लगे अवैध वसूली के इन आरोपों ने न केवल स्थानीय प्रशासन की नींद उड़ा दी है, बल्कि गरीब अभिभावकों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

**छात्रों की बेबसी और विद्यालय में भ्रष्टाचार का खुला तांडव :-** सोमवार का दिन किसान उच्च विद्यालय के छात्रों के लिए किसी मानसिक प्रताड़ना से कम नहीं था। इंटर में नामांकन की समय सीमा नजदीक देख जब छात्र अपने मूल दस्तावेज लेने विद्यालय पहुंचे, तो उनसे कथित तौर पर नाजायज रकम की मांग की गई। छात्रों ने आरोप लगाया कि विद्यालय के जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग टीसी और मार्कशीट देने के एवज में 200 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की मांग कर रहे हैं। जिन छात्रों ने पैसे देने से इनकार किया या असमर्थता जताई, उनके साथ न केवल टालमटोल किया गया, बल्कि उन्हें घंटों कड़ी धूप में इंतजार कराकर मानसिक रूप से परेशान भी किया गया। अभिभावकों का कहना है कि यह वसूली सीधे तौर पर उनके बच्चों के भविष्य को बंधक बनाने जैसा है।

**वेतन की कमी का बहाना और शिक्षकों का गैर-जिम्मेदाराना तर्क :-** इस पूरे मामले में सबसे विवादित मोड़ तब आया जब विद्यालय के प्रभारी पंकज पासवान और सहायक शिक्षक अनवर व विनोद प्रसाद ने अपनी सफाई पेश की। उन्होंने वसूली की बात को सिरे से खारिज करने के बजाय एक अजीबोगरीब तर्क देते हुए कहा कि विद्यालय 'वेतन रहित' श्रेणी में आता है और उन्हें लंबे समय से सरकार द्वारा कोई मानदेय नहीं मिला है। शिक्षकों का कहना है कि वे बिना सैलरी के काम कर रहे हैं और विद्यालय संचालन में उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों के इस बयान ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या सरकारी तंत्र की विफलता का बोझ उन गरीब छात्रों पर डाला जाएगा, जिनका इस व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं है।




हाथों में रुपया गिनते शिक्षक एवं कागजात लेने का इंतजार करती छात्रा

**शिक्षा व्यवस्था की साख पर लगा बड़ा प्रश्नचिह्न :-** अंधरवारी के इस प्रकरण ने यह साबित कर दिया है कि जमीनी स्तर पर शिक्षा विभाग के नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यदि एक सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में छात्रों को अपने ही अधिकार प्राप्त करने के लिए रिश्वत देनी पड़ रही है, तो यह पूरी व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। अब क्षेत्र के लोगों की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। क्या प्रशासन इन अवैध गतिविधियों पर लगाम लगा पाएगा या फिर 'वेतन नहीं मिलने' का बहाना बनाकर शिक्षा के नाम पर वसूली का यह काला खेल बदस्तूर जारी रहेगा, यह आने वाला समय ही बताएगा। फिलहाल, छात्रों में डर और अनिश्चितता का माहौल है कि क्या वे बिना पैसे दिए अपना नामांकन अगले सत्र में करा पाएंगे।

**प्रशासनिक दखल और दोषियों पर कार्रवाई की बढ़ती मांग :-** विद्यालय के शिक्षकों द्वारा दी गई इस दलील ने स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश भर दिया है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि शिक्षकों का वेतन न मिलना विभाग और सरकार के बीच का प्रशासनिक मुद्दा है, इसके लिए छात्रों से उनके कानूनी दस्तावेजों के बदले पैसे वसूलना पूरी तरह गैर-कानूनी है। यह मामला जब रजौली अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) स्वतंत्र कुमार सुमन के संज्ञान में आया, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। एसडीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि किसी भी परिस्थिति में छात्रों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले कर्मियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि वे मंगलवार को विद्यालय में जाकर जांच किया जाएगा,उसके बाद अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## जनता दरबार के दिन भी बंद रहता है प्रखण्ड आपूर्ति कार्यालय

**आपूर्ति कार्यालय में सरकारी आदेश कागजों तक रहती है सीमित**



**सोन वर्षा वाणी । संवाददाता**

**कौआकोल।** राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय पार्ट-3 के तहत प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में जनता दरबार आयोजित कर आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई करने का निर्देश जारी किया गया है। बावजूद इसके प्रखण्ड आपूर्ति कार्यालय में सरकार के आदेश का पालन होता नजर नहीं आ रहा है।बताया जाता है कि जनता दरबार के निर्धारित दिनों में भी प्रखण्ड आपूर्ति कार्यालय में ताला लटका रहता है। दूर-दराज गांवों से राशन कार्ड सुधार, नाम जोड़ने-हटाने, अनाज वितरण एवं अन्य समस्याओं को लेकर पहुंचने वाले फरियादी बिना सुनवाई के ही वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित एमओ (मार्केटिंग ऑफिसर) अक्सर कार्यालय से गायब रहते हैं,जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लाभुकों ने बताया कि उन्हें बार-बार कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। सरकार की मंशा जनता दरबार के माध्यम से लोगों की शिकायतों का त्वरित निपटारा करने की है,लेकिन प्रखण्ड आपूर्ति कार्यालय की कार्यप्रणाली इस व्यवस्था को प्रभावित कर रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर नियमित रूप से जनता दरबार संचालित कराने एवं लापरवाह पदाधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है।

## हड़ताल से लौटे राजस्व कर्मियों के साथ सीओ ने की बैठक, जनसुनवाई में निस्तारित हुए भूमि विवाद के मामले

**सोन वर्षा वाणी । संवाददाता**

**रजौली।** अंचल कार्यालय रजौली में पिछले लंबे समय से जारी प्रशासनिक गतिरोध और राजस्व कर्मियों की अनुपस्थिति के बाद अब जनसेवा की गतिविधियां पुनः पूरी क्षमता के साथ पटरी पर लौट आई हैं। विगत 8 फरवरी से हड़ताल पर चल रहे राजस्व कर्मचारी सोमवार 11 मई 2026 को सामूहिक रूप से अपने काम पर वापस लौट आए, जिसके तुरंत बाद अंचल अधिकारी गुफरान मजहरी ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में सीओ ने हड़ताल से लौटे सभी छह राजस्व कर्मचारियों में चंदन कुमार, नन्दन कुमार, जितेन्द्र कुमार राम, सुजीत कुमार, राहुल कुमार और राहुल राज को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए लंबित कार्यों को अविलंब पूरा करने की हिदायत दी। सीओ ने स्पष्ट किया कि राजस्व कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण जनता के कई महत्वपूर्ण कार्य रुके हुए थे, जिन्हें अब मिशन मोड में निष्पादित किया जाना है। बैठक के दौरान मुख्य रूप से परिमार्जन, दाखिल-खारिज, जनगणना कार्य और राजस्व शिविरों के आयोजन जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और कर्मियों को समय-सीमा के भीतर कार्यों के निष्पादन का कड़ा निर्देश दिया गया। इसके अलावा



राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक करते सीओ

प्रशासनिक सक्रियता का ही परिणाम रहा कि कर्मियों की वापसी के साथ ही अंचल कार्यालय में जनसुनवाई का सिलसिला भी विधिवत शुरू हो गया, जिसमें कुल 12 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद के विभिन्न पहलुओं जैसे रैयती भूमि में दखल, सीमांकन, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, और ऑनलाइन म्यूटेशन में जमाबंदी सुधार से जुड़े मामलों पर सुनवाई की गई। प्रमुख रूप से प्रेम प्रकाश वर्मा, ओकील रविदास, सत्येंद्र कुमार मुनेश्वर महतो, बलिराम प्रसाद, संजय साहब, नवीन कुमार, बासुदेव प्रसाद, अनीता देवी, प्रभु राम, रून देवी और अरविंद कुमार सिंह जैसे फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन्हें सीओ ने त्वरित संज्ञान में लिया। इसके अतिरिक्त आरटीपीएस और भू-दान पर्चो के परिमार्जन से संबंधित तकनीकी बाधाओं को दूर करने के लिए भी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। अंचल अधिकारी ने जोर देकर कहा कि राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और गतिशीलता सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सभी कर्मचारी पूरी ईमानदारी के साथ जनसमस्याओं के समाधान में जुट जाएं ताकि आम जनता को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। हड़ताल के बाद पटरी पर लौगे कर्मियों से स्थानीय ग्रामीणों में भी राहत की उम्मीद जगी है कि अब उनके रुके हुए जमीनी विवादों और सरकारी दस्तावेजों से जुड़े कार्यों का समाधान शीघ्र हो सकेगा।

## पिरामल फाउंडेशन की गांधी फैलो समीक्षा पाठक का भावभीनी विदाई

**बीईओ की अध्यक्षता में विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें दी गयी विदाई**

**सोन वर्षा वाणी । संवाददाता**





**नरहट (नवादा)।** पिरामल फाउंडेशन के तहत गांधी फैलो के रूप में कार्यरत समीक्षा पाठक का कार्यकाल पूर्ण होने पर सोमवार को नरहट प्रखंड के बीआरसी प्रांगण में भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निशांत प्रियदर्शी ने की। समीक्षा पाठक ने बीते दो वर्षों तक नरहट प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षक प्रशिक्षण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य किया। उनके प्रयासों से कई सरकारी स्कूलों में नवाचार और गतिविधि-आधारित शिक्षण को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों, छात्रों और जीविका दीदियों ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि समीक्षा पाठक ने जमीनी स्तर पर शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बिना थके काम किया। उनके साथ काम करने का अनुभव प्रेरणादायक रहा।अपने संबोधन में समीक्षा पाठक ने कहा, "नरहट के शिक्षक, छात्र और अभिभावकों से जो स्नेह और सहयोग मिला, वह हमेशा याद रहेगा। गांधी फैलोशिप का यह सफर मेरे लिए सीख और सेवा दोनों का अवसर था।" उन्होंने शिक्षा में बदलाव लाने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत पर बल दिया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निशांत प्रियदर्शी ने कहा कि समीक्षा पाठक के कार्य प्रखंड के लिए एक उदाहरण हैं। उनके द्वारा शुरू किए गए नवाचारों को आगे भी जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन मास्टर ट्रेनर नवीन कुमार ने किया। इस मौके पर जिला कॉर्डिनेटर दीपाली सिंह मोहम्मद राहत सुजीत कुमार प्रखंड शिक्षक राजेश कुमार, ताबिश एजाज, अलका कुमारी, चंद्रभूषण, रामानंद कुमार, गणेश प्रसाद, राकेश कुमार, सुरेंद्र पासवान, संजय कुमार, कृष्णानंद कुमार, नवीन कुमार, कामेश्वर यादव, अनिल पासवान, मोहम्मद साजिद आलम, प्रीति भदानी, संजय कुमार, बीआरसी स्टाफ, जीविका समूह की महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह के अंत में बीईओ द्वारा समीक्षा पाठक को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## जिला पदाधिकारी द्वारा जिला निबंधन कार्यालय एवं नव निर्मित प्रतीक्षालय भवन का निरीक्षण

**सोन वर्षा वाणी । संवाददाता**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा जिला निबंधन कार्यालय, नवादा परिसर स्थित नव निर्मित प्रतीक्षालय भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आम नागरिकों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं एवं कार्यालय की कार्यप्रणाली का विस्तृत जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विदित हो कि जिला स्कोर सोसाइटी द्वारा एलएइओ के माध्यम से लगभग 40 लाख रुपये की लागत से निबंधन कार्य हेतु आने वाले आगंतुकों की सुविधा के लिए वातानुकूलित प्रतीक्षालय एवं शौचालय का निर्माण कराया गया है, जिसका शुभारंभ आज से किया गया।



निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रतीक्षालय भवन में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतीक्षालय में आने वाले आमजनों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निबंधन पदाधिकारी को एक टीवी लगाने का निर्देश दिया, ताकि प्रतीक्षारत नागरिकों को आवश्यक सूचनाएं एवं जनहित से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

साथ ही जिला पदाधिकारी ने प्रतीक्षालय भवन एवं वहां उपलब्ध संसाधनों की सुरक्षा, रख-रखाव एवं समुचित देखरेख सुनिश्चित करने हेतु एक गार्ड की प्रतिनियुक्ति कराने का निर्देश निबंधन पदाधिकारी को दिया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा निबंधन कार्य से संबंधित कंप्यूटर कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने निबंधन प्रक्रिया, अभिलेख संधारण, ऑनलाइन कार्य प्रणाली एवं कार्यालय में संचालित विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कर्मियों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निबंधन कार्य पूरी पारदर्शिता, तत्परता एवं समयबद्ध तरीके से संपादित किया जाए।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर श्री अमित अनुराग, निबंधन पदाधिकारी श्री अजय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में टास्क फोर्स बैठक आयोजित

**सोन वर्षा वाणी । संवाददाता**

**नवादा।** समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था, मद्य निषेध, अवैध खनन, भूमि विवाद, बाल श्रम उन्मूलन एवं किशोर श्रम निषेध सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा एवं चर्चा की गई। मद्य निषेध की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शराब आपूर्ति करने वाले तस्करों एवं आपूर्तिकर्ताओं की गिरफ्तारी पर विशेष बल दिया। उन्होंने छापामारी एवं गश्ती कार्य में प्रयुक्त सभी वाहनों में जीपीएस लगाने का निर्देश दिया, ताकि कार्रवाई की समुचित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके।बैठक में विनष्टीकरण हेतु 20 हजार लीटर से अधिक शराब लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र विनष्टीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इसके उपरांत नारको कोऑर्डिनेशन सेंटर (NCORD) की जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की आपूर्ति एवं मांग को कम करने हेतु प्रभावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में मादक पदार्थों के "डार्क स्पॉट" को चिन्हित कर वहां विशेष अभियान चलाया जाए तथा अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव धीमान ने बताया कि जिले में स्निफर डॉग टीम उपलब्ध है, जिसका उपयोग आवश्यकतानुसार जांच एवं कार्रवाई में किया जा सकता है। उन्होंने अधीक्षक मद्य निषेध को चेक पोस्टों पर भी




स्निफर डॉग के माध्यम से जांच कराने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने गांजा की अवैध खेती वाले संभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी एवं सतर्कता बरतने का भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल 2026 तक की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई। प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार कुल 127 छापेमारी की गई, 18 प्राथमिकी दर्ज की गई, 01 गिरफ्तारी हुई, 59 वाहनों को जप्त किया गया तथा 70.52 लाख रुपये की वसूली की गई।राजस्व समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 13657.04 लाख रुपये के वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध 13750.75 लाख रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 467.44 लाख रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई है।

जिलाधिकारी ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु प्रभावी एवं सतत कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे जिले में विधि-व्यवस्था संधारण में भी सहायता मिलेगी। बैठक में सिविल सर्जन, नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजौली, उत्पाद अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा यूनिवर्सिटी में 15 मई तक नॉन-टीचिंग पदों पर आवेदन, ऑनलाइन होगी पूरी प्रक्रिया

**नालंदा**। नालंदा विश्वविद्यालय में नॉन-टीचिंग पदों पर करियर बनाने का सपना देख रहे अभ्यर्थियों के लिए समय तेजी से निकल रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर और जूनियर इंजीनियर सहित विभिन्न 9 पदों पर निकाली गई भर्ती के लिए आवेदन करने में अब महज 4 दिन का समय शेष रह गया है। 15 मई की समय सीमा समाप्त होने के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा, इसलिए इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे बिना देरी किए अपनी पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर लें। विश्वविद्यालय की ओर से जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, इस भर्ती अभियान में आईटी मैनेजर का 1, असिस्टेंट आईटी मैनेजर के 2, गेस्ट हाउस मैनेजर का 1, मैकेनिकल जूनियर इंजीनियर का 1 और प्रशासन व वित्त विभाग में असिस्टेंट के कुल 4 पदों को भरा जाना है। इन पदों के लिए बीई, बीटेक, एमसीए या एमएससी जैसी तकनीकी डिग्री के साथ-साथ पद की आवश्यकतानुसार 3 से 8 वर्षों का अनुभव होना अनिवार्य है। भर्ती के लिए आवेदन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन (ईमेल) के जरिए रखी गई है, जिससे दूर-दराज के अभ्यर्थी भी आसानी से जुड़ सकते हैं। योग्य उम्मीदवारों का चयन उनके दस्तावेजों की शॉर्टलिस्टिंग और उसके बाद होने वाले इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों का वेतन उनकी योग्यता और अनुभव के अनुरूप आपसी विमर्श से तय किया जाएगा। आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों को सबसे पहले विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर उसे भरना होगा। इसके बाद, भरे हुए फॉर्म और सभी सहायक दस्तावेजों को स्कैन कर एक पीडीएफ फाइल तैयार करनी होगी और उसे अधिसूचना में दिए गए आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजना होगा। अंतिम क्षणों में तकनीकी समस्याओं या सर्वर की देरी से बचने के लिए अभ्यर्थियों को जल्द से जल्द मेल करने का सुझाव दिया गया है।

### नालंदा में सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल-कूद हॉकी प्रतियोगिता

**नालंदा**। नालंदा में नानंद स्थित सैनिक स्कूल कैंपस में चार दिवसीय अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल-कूद (ग्रुप स्तरीय) हॉकी प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ। इस प्रतिष्ठित अंतर-विद्यालयी स्पर्धा में बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के चार प्रमुख सैनिक स्कूलों की टीमें शिरकत कर रही हैं। अलग-अलग वर्गों में कुल 192 सैन्य छात्र-छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जिसमें बालक(वरिष्ठ व कनिष्ठ) और बालिका वर्ग की टीमें शामिल हैं। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य परेड ग्राउंड में हुआ, जहां विद्यालय के प्राचार्य कर्नल भुपेन्द्र कुमार ने प्रतियोगिता के विधिवत आरंभ की घोषणा की। इस अवसर पर प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी टीम के ध्वज तले भव्य मार्च-पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य कर्नल भूपेन्द्र कुमार ने भारतीय हॉकी के स्वर्णिम और गौरवशाली इतिहास को याद किया। कर्नल भूपेन्द्र कुमार ने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह सैन्य छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण गुणों को भी विकसित करता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अपनी पूरी क्षमता प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया। यह प्रतियोगिता 14 मई तक चलेगी, जिसके समापन के बाद तीनों वर्गों की विजेता टीमों का चयन किया जाएगा। चयनित टीमें आगामी 8 जून से सैनिक स्कूल भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय सैनिक स्कूल अंतर-ग्रुप प्रतियोगिता में अपने ग्रुप का प्रतिनिधित्व करेंगी। उद्घाटन समारोह के दौरान विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार त्यागी सहित विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षक, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में सैन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित, आमजनों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु अधिकारियों को निर्देश

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस योजना के तहत आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों में कार्य निष्पादन के दौरान होने वाली कठिनाइयों को कम करने एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके शीघ्र एवं प्रभावी निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 11 शिकायतें दर्ज कराई गईं। जिला पदाधिकारी द्वारा कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि अन्य मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना-नारदीगंज, ग्राम-चोरमा निवासी रामाशीष प्रसाद द्वारा शारीरिक शिक्षक की काउंसलिंग से संबंधित आवेदन, थाना-मेसकौर, ग्राम-मेसकौर निवासी नीलम कुमारी द्वारा जमीनी विवाद से संबंधित आवेदन, थाना-हिसुआ, ग्राम-बैठकगली निवासी रतिका जैन द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित आवेदन तथा थाना-नेमदारगंज, ग्राम-जसौली निवासी प्रमोद शर्मा द्वारा जमीनी विवाद से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का निष्पादन समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल कार्यालयों सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### मलमास मेले में भीड़ की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम

**नालन्दा**। ऐतिहासिक मलमास मेले में उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने जू-सफारी से लेकर घोड़ाकटोरा तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। विश्व शांति स्तूप, नेचर सफारी और जेपी उद्यान जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इस बार सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए विशेष खाका तैयार किया गया है, ताकि आने वाले किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना न करना पड़े। राजगीर जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम. और डीएफओ राजकुमार एम. ने संयुक्त रूप से अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मेले के दौरान पर्यटन स्थलों पर भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन सुविधाओं में कोई कोताही न बरती जाए। भीषण गर्मी के मौजूदा प्रकोप को देखते हुए इस बार प्रशासन का सबसे अधिक ध्यान अग्नि सुरक्षा और इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम पर है। जू-सफारी और आसपास के घने वन क्षेत्रों में आग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए फायर सेफ्टी विभाग को हाई-अलर्ट पर रखा गया है। संवेदनशील इलाकों में त्वरित राहत दल की तैनाती की गई है और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों को पेट्रोलिंग के काम में लगाया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वन्य क्षेत्रों और ऐतिहासिक स्मारकों के पास भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल के साथ-साथ समन्वयकों की भी मदद ली जाएगी ताकि धक्का-मुक्की या जाम की स्थिति पैदा न हो। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ इस बार स्वच्छता और वन्यजीव संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, मेला क्षेत्र में पर्यावरण के मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा और कचरा प्रबंधन के लिए विशेष टीमें सक्रिय रहेंगी। पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए वेणुवन, सोन भंडार और जरासंध अखाड़ा जैसे पौराणिक स्थलों पर भी पुलिस की गश्ती तेज कर दी गई है। प्रशासन की ओर से की गई इन व्यापक तैयारियों का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे वे बिना किसी भय या बाधा के राजगीर की गौरवशाली विरासत और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले सकें।

# सड़क-नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास 52 लाख से ज्यादा रुपए होंगे खर्च

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी शहर के वार्ड-53 के भुसुंडा कोइरी टोला में सोमवार को विकास कार्यों की शुरुआत हुई है। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत पीसीसी पथ और नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह ने किया। लंबे समय से सड़क और जल निकासी की समस्या झेल रहे स्थानीय लोगों के लिए ये योजना राहत मानी जा रही है। संबंधित क्षेत्र के लोग वर्षों से सड़क-नाली की मांग कर रहे थे। इलाके के लोगों का कहना है कि सड़क नहीं होने से बरसात के समय बहुत परेशानी होती है।

## बरसात में कीचड़ से नहीं होगी परेशानी




खराब सड़क में चलना भी मुश्किल निर्माण कार्य गया-फतेहपुर रोड में सुरेश राउत के घर से शुरू होकर बिजली बाबा के घर के पास होते हुए कब्रिस्तान के पास शिवधर महतो के घर तक कराया जाएगा। योजना पर कुल 52 लाख 89 हजार 301 रुपए खर्च किए जाएंगे। शिलान्यास के मौके पर विधायक वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि भुसुंडा इलाके के लोगों को बरसात में कीचड़, दलदल और जलजमाव की गंभीर समस्या से जूझना पड़ता था। सड़क खराब रहने से लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो जाता था। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काफी परेशानी होती थी।

अब पीसीसी सड़क और नाली बनने से लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और बरसात में जलनिकासी की समस्या से भी राहत मिलेगी।

**स्थानीय लोगों में है उत्साहः** विधायक ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि शहर के हर वार्ड में बुनियादी सुविधाएं मजबूत हों। सड़क, नाली और जल निकासी जैसी योजनाएं सीधे आम लोगों की जिंदगी से जुड़ी है। विकास कार्यों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों में भी उत्साह दिखा। लोगों ने उम्मीद जताई कि वर्षों पुरानी उनकी समस्या अब खत्म होगी और मोहल्ले की तस्वीर बदलेगी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौधरी, बाला सिंह विधायक के निजी सहायक कुन्दन कुमार सिंह, राजेश प्रसाद, राकेश रंजन, प्रदीप कुमार, अनिल चौधरी, ललन भारती सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्कॉर्पियो ने बाइक में मारी टक्कर, ड्राइवर मौके से फरार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ससुराल जा रहे युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। सूचना मिलते ही रहुई थानाध्यक्ष ललित विजय के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान बिंद के खालसा निवासी देवेंद्र केवट के पुत्र रवि कुमार(22) के तौर पर हुई है। घटना भेंडा गांव के पास की है।

**फरार ड्राइवर की तलाश जारीः** रवि चार भाइयों में सबसे छोटा था। चार साल पहले कंचन कुमारी से शादी हुई थी। दो साल का मासूम बेटा भी है। हादसे के बाद स्कार्पियो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार होने में सफल रहा। जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और स्कार्पियो को जब्त कर लिया है।

# लोडेड ट्रक ने छात्रा को रौंदा, मौत सहेली के साथ स्कूल जा रही थी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी में लोडेड ट्रक ने स्कूल जा रही छात्रा को कुचल दिया। मौके पर ही मौत हो गई। साथ जा रही दूसरी छात्रा बाल-बाल बच गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों जीटी रोड जाम कर दिया। दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। घटना बाराचट्टी थाना क्षेत्र की है। मृतका करिश्मा कुमारी काहूदाग टोला बसेडीया गांव की रहने वाली थी। पिता सत्येंद्र दास ने बताया कि बेटी रोज की तरह सुबह साइकिल से अपनी सहेली के साथ स्कूल जा रही थी।

जीटी रोड पार करने के दौरान झारखंड की ओर से तेज गति में आ रहे मालवाहक ट्रक ने चपेट में ले लिया। ट्रक का चक्का शरीर के ऊपर से गुजर गई। घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोश इतना था कि लोग समझने को तैयार ही नहीं थी।

करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुला। मृतका के आश्रितों को मुआवजा और उचित कार्रवाई की आश्वासन मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अमरेंद्र किशोर ने बताया कि जीटी रोड पार करने के दौरान छात्रा ट्रक की चपेट में आ गई। परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आरोपी ड्राइवर की खोजबीन की जा रही है।

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, दो लोग घायल, पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

## सिविल लाइन थाना के सामने हादसा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी शहर में सोमवार सुबह सिविल लाइन थाना के मुख्य गेट के सामने एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार कोर्ट की ओर तेज गति से आ रही थी। इसी दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तत्काल राहत कार्य शुरू किया और कार में फंसे




घायलों को बाहर निकालने में मदद की।

**पुलिस ने यातायात सामान्य करायाः** सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य किया गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं, जिन्हें पुलिस ने नियंत्रित किया। सिविल लाइन थानाध्यक्ष ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराई। 2 लोगों का इलाज मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। प्रारंभिक जांच में तेज गति और चालक द्वारा नियंत्रण खोना हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है।

# जमीन विवाद में हुई थी सोहन की हत्या, 23 अप्रैल को बदमाशों ने पिता-पुत्र को मारी थी गोली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालंदा**। बिहार थाना क्षेत्र के सूफी नगर मोहल्ले में बीते 23 अप्रैल को हुई चर्चित गोलीबारी की घटना का पुलिस ने पूरी तरह पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस रिमांड पर लिए गए मुख्य आरोपितों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि रिमांड के दौरान मुख्य आरोपित बेचू मियां उर्फ लंगड़ा और मन्नू ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है और पूरी घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी दी है।

23 अप्रैल को बदमाशों ने सरेआम फायरिंग कर मोहम्मद सोहन और उनके पुत्र अली फरहान को लहूलुहान कर दिया था। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान अगले दिन मोहम्मद सोहन ने दम तोड़ दिया, जबकि उनके बेटे अली फरहान की स्थिति में सुधार होने के बाद उनकी जान बच गई। वारदात के बाद से ही पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिसिया दबिश और घेराबंदी के कारण मुख्य आरोपितों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ शुरू की।

**थाना अध्यक्ष बोले- हत्याकांड की मुख्य वजह जमीन विवाद थाः** थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि इस हत्याकांड की मुख्य वजह जमीन का विवाद था। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि बड़ी दरगाह इलाके के समीप स्थित एक जमीन को लेकर मोहम्मद सोहन और मोहम्मद एहतिशाम के बीच खींचतान चल रही थी। एहतिशाम चाहता था कि सोहन उस जमीन को न बेचे और इसके लिए उसने बेचू मियां को सोहन को रोकने की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बदले में बेचू को मुनाफे के तौर पर 80 हजार रुपये देने का लालच दिया गया था। पुलिस जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि बेचू की ओर से बार-बार मना किए जाने के बावजूद जब सोहन ने जमीन बेच दी, तो विवाद चरम पर पहुंच गया। घटना वाले दिन इसी बात को लेकर तीखी बहस हुई और नशे की हालत में धुत बेचू ने सोहन पर गोली चला दी, जिससे यह दुखद घटना घटी। थानाध्यक्ष ने पुष्टि की है कि आरोपितों की निशानदेही पर वारदात में शामिल हथियार को जब्त कर लिया गया है और मामले में संलिप्त अन्य कड़ियों की जांच के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# जमीन विवाद को लेकर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या परिजन बोले- आरोपी ने 30 साल पहले जमीन बेची थी

## ♦ सुबह खाली करने को कहा, विरोध करने पर मारा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा के नूरसराय थाना क्षेत्र के कुबड़ा बीघा गांव में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कुबड़ा बीघा गांव निवासी कमलेश मांझी (50) के रूप में हुई है। मारपीट की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद घायल कमलेश मांझी को बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर डीएसपी-2 संजय जायसवाल पहुंचे। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

**मृतक आरोपी से 30 साल पहले जमीन खरीदा थाः** मृतक के साढू के बेटे शिवकुमार मांझी ने बताया कि करीब 30 साल पहले कमलेश ने गांव के ही योगेंद्र पासवान से जमीन खरीदी थी। आज सुबह योगेंद्र पासवान आया और जमीन खाली करने को कहने लगा। जिसको लेकर दोनों के बीच में कहासुनी हुई। जिसके थोड़ी देर बाद योगेंद्र पासवान कमलेश की घर तोड़ने लगा। जिसका वह विरोध किया। इस दौरान योगेंद्र, कमलेश को पीटने लगा। तब तक पीटा जब तक वह अधमरा न हो गया। शिव कुमार ने बताया कि योगेंद्र पासवान पर कई



अपराधिक मामले दर्ज हैं। वह इससे पहले भी गांव में हत्या सहित कई मामलों में शामिल रहा है।

**पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजाः** इस मामले में डीएसपी-2 संजय जायसवाल ने बताया कि जमीन को लेकर मारपीट हुई है। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# गयाजी जंक्शन पर चोरी के मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी रेलवे जंक्शन पर 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने 3 चोरी के मोबाइल फोन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही, स्टेशन परिसर में सघन एंटी सबोटेज चेकिंग अभियान भी चलाया गया। यह विशेष गश्ती और निगरानी अभियान रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के निर्देशन में चलाया गया।

संयुक्त टीम गयाजी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म और संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-1बी के दिल्ली छोर पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखा। सुरक्षा टीम को देखते ही वह भागने लगा, जिसके बाद जवानों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान धीरज कुमार (25) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक ITEL कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल और INFINIX कंपनी के दो एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुए। इनमें से एक मोबाइल चालू था, जबकि दो लॉक स्थिति में थे।

सुरक्षा बलों की पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि ये मोबाइल यात्रियों से चुराए गए थे। बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 45 हजार रुपए बताई गई है। आरोपी को जीआरपी थाना गया ले जाया गया। वहां उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार के लिखित आवेदन पर कांड संख्या 131/26 मामला दर्ज कर पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

## ♦ हर प्लेटफार्म पर चलाया चेकिंग अभियान, रेल यात्रियों के सामान-बैग की हुई जांच

**संवेदनशील स्थानों की बारीकी से जांच कीः** इधर, गयाजी रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से आरपीएफ और जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से एंटी सबोटेज चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इस अभियान के दौरान स्टेशन परिसर के प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, फुट ओवरब्रिज, ट्रैक क्षेत्र, मुख्य प्रवेश द्वार और अन्य संवेदनशील स्थानों की बारीकी से जांच की गई। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने विशेष रूप से लावारिस सामान, संदिग्ध व्यक्तियों और विस्फोटक सामग्री की संभावना को ध्यान में रखते हुए हर कोने का निरीक्षण किया।

**कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या सामान नहीं मिलाः** यात्रियों को भी जागरूक करते हुए किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत सुरक्षा बलों को देने की अपील की गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार एंटी सबोटेज चेकिंग के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु, आपत्तिजनक सामग्री या असामान्य गतिविधि नहीं पाई गई। स्टेशन परिसर पूरी तरह सुरक्षित पाया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### दिनदहाड़े हुई मोटरसाइकिल की चोरी

**काराकाट /रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरूप बाजार से संध्या के समय गोरखपारसी निवासी उदय कांत तिवारी पिता रामेंद्र तिवारी ने हरा सब्जी खरीदने के लिए सब्जी मार्केट में गए जब सब्जी खरीद करके वापस लौटे तो पता चला कि मोटरसाइकिल गायब है इधर-उधर दौड़ करके लोगों से जानकारी हासिल किया कहीं कोई आता पता नहीं चला तो समझ गया कि मेरा मोटरसाइकिल चोरी हो गया है । मोटरसाइकिल नंबर B R 24 AZ 1446है और इंजन नंबर H IIEYNHH60538तथा चेचिस नंबर MBLHAW IZZ NHH A06है मोटरसाइकिल का चोरी जाने की लिखित आवेदन काराकाट थाना को दिया गया जिसमें अज्ञात के ऊपर मोटरसाइकिल चोरी का थाना अध्यक्ष महोदय ने फिर कर मामले को जांच करने की बात कही। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना हमें प्राप्त हुई है इस मामले को पुलिस गंभीरता से लेते हुए जांच चालू कर दिया है मामले का उद्बेदन भी बहुत जल्द किया जाएगा चाहे कितना भी शातिर चोर हो पुलिस से बच नहीं सकती है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो खाई में पलटा, चार लोग घायल



**करगहर (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के सासाराम–चौसा मुख्य मार्ग पर जलालपुर गेट के समीप सोमवार को सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गए। तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से सवारियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करगहर से सासाराम जा रहा टेंपो जलालपुर गेट के पास यात्रियों को उतारने के लिए रुका था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टेंपो खाई में जा गिरा और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में सेमरी निवासी अजय शर्मा, सुनीता देवी, प्रकाश कुमार तथा राहुल कुमार घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करगहर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए सभी को सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

### धमनी में घर के समीप से बाइक हुई चोरी,डिक्की में रहे कागजात भी ले उड़े चोर



थाना के बाहर आवेदन लिए पीड़ित व्यक्ति

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के धमनी गांव में बीते रविवार की रात्रि लगभग 9 बजे एक घर के समीप खड़े बाइक को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। चोरी गई बाइक लगभग 20 साल पुरानी बताई जा रही है। बाइक चोर गिरोह द्वारा बाइक की चोरी कर नम्बर प्लेट हटाकर उसे शराब परिवहन के अलावे अन्य अपराध में उपयोग किया जाता है। धमनी गांव निवासी जवाहर मोदी के पुत्र मुकेश कुमार ने बताया कि वह अपनी बाइक बीआर12सी3494 को घर के बाहर लगाए थे।जब थोड़े ही देर बाद घर के बाहर आकर देखा,तो उनकी बाइक नहीं थी। बाइक को लेकर आसपास एवं गांव में काफी खोजबीन की गई,किंतु कुछ भी जानकारी नहीं मिला। चोरी हुए बाइक की डिक्की में बाइक के रजिस्ट्रेशन नम्बर के कागजात रखा हुआ था। पीड़ित मुकेश कुमार ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक चोरी की घटना को लेकर वे सोमवार की सुबह थाना पहुंचे एवं लिखित आवेदन दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त होने पर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जारी



**नारदीगंज (नवादा)।** नारदीगंज बाजार में आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर देखने को मिल रहा है। छठे दिन सोमवार को भी महायज्ञ भक्तिभाव से पूजा अर्चना हुई। वाराणसी के यज्ञाचार्य समाधि बाबा व उनके 11 सहयोगी ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत शर्कराधिवास,घृताधिवास,औषधिधिवास के साथ पूजा अर्चना कराये। इस अवसर पर नारदीगंज बाजार के अलावा सुदूर इलाके से पहुंचे श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर धर्म की प्राप्ति की। मुख्य यजमान की भूमिका में श्रद्धालु संदीप कुमार व उनकी धर्मपत्नी रानी देवी, प्रवेश राम व उनकी धर्मपत्नी रेशम देवी समेत अन्य पूजा अर्चना में भूमिका निभा रही है। वाराणसी के कथावाचिका किशोरी कृष्ण नंदनी ने संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का व्याख्यान बहुत ही सुंदर तरीके से वर्णित की। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण और वामन अवतार का बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की। इस झांकी को देखकर दर्शक आत्मविभोर हो गए,और भगवान के चरणों में चढ़ावा अर्पित कर मन्नतें मांगी। वृंदावन के कलाकारों ने रासलीला का उत्कृष्ट मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर विनय कुमार साव,कृष्णदेव चक्रवर्ती, राजीव रंजन (राजू) संजय कुमार गुप्ता, अमित साव,अखिलेश यादव,अजय यादव,महेन्द्र शाह,सुजीत कुमार, पूर्व उप प्रमुख बच्चू साव,विनोद कुमार ,रंजीत कुमार विश्वकर्मा समेत काफी संख्या में दूर दराज के श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का श्रवण किया।

# विकसित बिहार की ओर एक और कदमः ‘सहयोग पोर्टल’ एवं हेल्पलाइन नंबर 1100 का भव्य शुभारंभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम /रोहतास।** दर्ज शिकायतों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा और आवेदक को इसकी लिखित सूचना भी दी जाएगी। बिहार सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने और आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई। माननीय मुख्यमंत्री, बिहार श्री सम्राट चौधरी द्वारा ‘सहयोग पोर्टल’ एवं सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ‘सबका सम्मान, जीवन आसान’ निश्चय के तहत लोगों की शिकायतों का प्रभावी निपटारा करना है।




पटना के मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित ‘संवाद’ कक्ष में आयोजित इस मुख्य समारोह का जिला स्तर पर सीधा प्रसारण किया गया। रोहतास जिले में समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में इस कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के शुभारंभ को लाइव देखा और इसकी कार्यप्रणाली को समझा। इस नई व्यवस्था के तहत अब जनता अपनी समस्याओं को सीधे सरकार तक पहुँचा सकेगी:

**हेल्पलाइन नंबर 1100:** नागरिक सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे के बीच इस टोल-फ्री नंबर पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**सहयोग पोर्टल (sahyog.bihar.gov.in):** ऑनलाइन माध्यम से कभी भी अपनी शिकायत दर्ज करने की सुविधा। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा के माध्यम से आमजन को घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध होगी। पोर्टल पर आवेदन दर्ज होने के उपरांत आवेदक को तत्काल एक रसीद/पावती भी प्राप्त होगी , जिसके माध्यम से वे अपने आवेदन की स्थिति एवं निष्पादन की प्रगति को ऑनलाइन ट्रैक कर सकेंगे।

शिकायतों के निष्पादन के उपरांत आवेदक द्वारा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फीडबैक एवं टिप्पणी भी दर्ज की जा सकेगी, जिससे शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाया जा सकेगा।

**सहयोग शिविरः** 19 मई 2026 से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**निश्चित समय सीमाः** दर्ज शिकायतों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा और आवेदक को इसकी लिखित सूचना भी दी जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस पोर्टल और हेल्पलाइन के माध्यम से आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस माध्यम से पारदर्शिता बढ़ेगी और आम लोगों को अपनी समस्याओं के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के नोडल पदाधिकारी और अन्य प्रशासनिक कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिन्हें पोर्टल के रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम के बारे में जानकारी दी गई। जिला प्रशासन, रोहतास की आमजन से अपील है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु सहयोग हेल्पलाइन एवं सहयोग पोर्टल का अधिकाधिक उपयोग करें तथा सरकार की इस जनोपयोगी पहल का लाभ उठाएं।

> ♦ कोई भी व्यक्ति sahyog.bihar.gov.in पर जाकर सीधे अपना परिवाद (शिकायत) दर्ज कर सकता है
> ♦ टोल-फ्री नंबर 1100 पर कॉल करके शिविर से सम्बंधित जानकारी ले सकते हैं

## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक की, मौत एक घायल



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर कटियारा गांव के समीप रविवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने एक युवक में जोरदार ठोकर मार दी जिसमें एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक की पहचान कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र के मामादेव गांव निवासी गभु पासी के रूप मे हुई है। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से घायलों को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां मौके पर उपस्थित डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया.वहीं, दूसरे युवक को प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया.सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तुषार कुमार ने बताया कि घायल युवक इंजिनियर पासी कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र के मामादेव गांव निवासी बनवारी पासी का पुत्र बताया जाता है.जानकारी के अनुसार बाइक सवार दोनों युवक मलियाबाग से किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे.इस संदर्भ मे दिनारा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भज दिया है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

## निजी अस्पतालों पर ‘इलाज’ से ज्यादा ‘बिल’ का इल्जाम-रेट लिस्ट गायब, मरीज परेशान!

### नियम किताबों में मजबूत, लेकिन काउंटर पर कमजोर—क्या स्वास्थ्य सेवा बन गई मुनाफे का कारोबार?

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** निजी अस्पतालों के संचालन के लिए भारत में कई सख्त नियम और अधिनियम लागू हैं, जिनमें पंजीकरण से लेकर अग्नि सुरक्षा, मेडिकल वेस्ट निपटान और दवा नियंत्रण तक की स्पष्ट व्यवस्थाएं शामिल हैं । इसके बावजूद कई स्थानों पर मरीजों और उनके परिजनों की ओर से यह शिकायत सामने आती रहती है कि अस्पतालों में पारदर्शिता का अभाव है, खासकर इलाज की दरों और रेट लिस्ट को लेकर । नियमों के अनुसार अस्पतालों को निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य है। चाहे वह Clinical Establishments (Registration and Regulation) Act, 2010 हो या Biomedical Waste Management Rules, 2016, हर स्तर पर जवाबदेही तय की गई है। इसके अलावा फायर सेफ्टी



एनओसी, दवाओं के भंडारण का लाइसेंस और जरूरत के अनुसार अन्य स्वीकृतियां भी आवश्यक हैं । लेकिन जमीनी स्तर पर अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या सभी निजी अस्पताल इन नियमों का पूरी तरह पालन कर रहे हैं? कई जगहों पर यह आरोप लगता है कि इलाज से पहले लागत स्पष्ट नहीं की जाती, रेट लिस्ट प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित नहीं होती और मरीजों को बिलिंग में पारदर्शिता का अभाव महसूस होता है । नियमों के मुताबिक अस्पताल परिसर में सेवाओं की दरें सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए, ताकि मरीज पहले ही अनुमान लगा सकें कि उन्हें कितना खर्च वहन करना होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि पारदर्शिता केवल कानूनी आवश्यकता ही नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है । वहीं, कुछ निजी संस्थानों का तर्क होता है कि चिकित्सा क्षेत्र में उपचार की जटिलता के कारण हर मरीज की स्थिति अलग होती है, इसलिए खर्च भी अलग हो सकता है। इसके बावजूद यह अपेक्षा की जाती है कि आधारभूत सेवाओं की स्पष्ट सूची और दरें उपलब्ध हों । अब बड़ा सवाल यह है कि जब नियमों की एक पूरी श्रृंखला मौजूद है, तो उनका प्रभावी क्रियान्वयन कितना हो रहा है? क्या निगरानी व्यवस्था पर्याप्त है, या फिर निरीक्षण केवल औपचारिकता बनकर रह गया है? । स्वास्थ्य सेवाएं समाज की सबसे संवेदनशील जरूरतों में से एक हैं। ऐसे में मरीजों को पारदर्शी जानकारी, उचित दर और गुणवत्तापूर्ण सेवा मिलना अनिवार्य माना जाता है । यदि कहीं अनियमितता या नियम उल्लंघन की स्थिति बनती है, तो संबंधित प्राधिकरणों की जिम्मेदारी है कि वे जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें । फिलहाल, निजी अस्पतालों में रेट लिस्ट और पारदर्शिता को लेकर उठ रहे सवालों पर व्यापक चर्चा जारी है, और नागरिक यह उम्मीद कर रहे हैं कि नियम केवल कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर भी प्रभावी रूप से लागू हों।

## श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव वैदिक रीति-रिवाज एवं पूर्णाहुति के साथ संपन्न

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोथा बावन बिगहा पोखरा स्थित भगवान भास्कर मंदिर प्रांगण सोमवार को भक्ति,श्रद्धा और सनातन संस्कृति की अलौकिक छटा से सराबोर दिखा,जब कई दिनों से चल रहा श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव वैदिक रीति-रिवाज एवं पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया । अंतिम दिन सुबह से ही यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा । पूरा परिसर वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और भगवान के जयघोष से गुंजायमान रहा । महामहोत्सव का समापन श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में हुआ । पूर्णाहुति से पूर्व विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक विधि-विधान के साथ हवन-पूजन संपन्न कराया



गया । यज्ञ की अग्नि में आहुतियां देते हुए श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और मानव कल्याण की कामना की । पूर्णाहुति के अवसर पर श्रद्धालुओं से श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की आत्मा है । यह केवल पूजा-पाठ का आयोजन नहीं,बल्कि समाज में सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना जगाने का माध्यम है । जहां धर्म और संस्कार जीवित रहते हैं,वहां समाज कभी कमजोर नहीं होता । उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है । भगवान सूर्यनारायण समस्त सृष्टि के ऊर्जा स्रोत हैं और मानव जीवन में अनुशासन,सेवा तथा सदाचार का विशेष महत्व है । महाराज ने लोगों से अपने जीवन में धर्म,संयम और संस्कार को अपनाने का आह्वान किया । महामहोत्सव के समापन अवसर पर दूर-दराज से पहुंचे संत- महात्माओं,कथा वाचकों एवं विद्वान पंडितों को यज्ञ समिति द्वारा अंगवस्त्र एवं दान-दक्षिणा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई । संतों के सम्मान के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और हरिनाम संकीर्तन के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया । इसके उपरांत आयोजन समिति द्वारा विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया । भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरा यज्ञ स्थल आस्था के महासागर में तब्दील नजर आया । महिलाओं,बुजुर्गों और युवाओं की भारी भागीदारी ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया । महामहोत्सव के सफल आयोजन में यज्ञ समिति,ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही । समापन के साथ ही श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष और भी भव्य आयोजन की कामना की ।

## नेचुरल मिशन ऑन नेचुरल फार्मेसीक योजना अंतर्गत नौव प्रखंड के किसानों को किया गया प्रशिक्षित



**काराकाट/रोहतास।** नेचुरल मिशन ऑन नेचुरल फार्मेसीक योजना अंतर्गत नौव प्रखंड में 335किसानों को चयनित किया गया । इसी के तहत काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोथा निवासी लालबाबू सिंह फॉर्मर मास्टर ट्रेनर ने किसानों को बिना खाद यूरिया के खेती के गुण के बारे में बताएं। मॉडल प्रदर्शन फार्म पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें 9 प्रखंडों के कृषि पदाधिकारी एवं समन्वयक के देखरेख में आयोजित किया गया भाग लेने वाले प्रखंड दिनारा, रोहतास, नासरीगंज ,सासाराम , डिहरी, तिलौथू, संझौली ,चेनारी के किसान एवं अधिकारी भाग लिए। श्री श्री ने बताया कि आयुर्वेदिक खेती जैविक खेती अगर किया जाए तो पशु से लेकर आम जनता रोग मुक्त होगा ताकि।

## अज्ञात चोरों ने स्कॉर्पियो की चोरी वारदात सीसीटीवी मे हुई कैद

### क्षेत्र मे हो रही चोरी की घटना से दहशत मे है लोग, पुलिस मौन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** थाना क्षेत्र मे दिन पर दिन चोरी छीनैती जैसे अन्य घटनाओं मे ईजाफा हो रहा है, आम लोग इस तरह की हो रही घटनाओं से त्रस्त है, कहीं हथियार केबल पर अपराधियों द्वारा छीनैती किया जा रहा है तो कहीं घर के दरवाजे पर खड़ी छोटी बड़ी वाहन, ट्रैक्टर मोटर जैसे अन्य वस्तुएँ की चोरी कर ली जा रही है, इसे साफ हो रहा है कि चोरों की सक्रियता थाना क्षेत्र में बढ़ चुकी है, हो रही घटनाओं के बाद स्थानीय लोग भयभीत है तथा पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वही कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 7 से बीती रात अज्ञात चोरों ने बालाजी लॉज के समीप एक मकान के दरवाजे पर खड़ी स्कॉर्पियो को चोरी कर ली है।

पीड़ित कमल पाण्डेय ने बताया कि नित दिन की तरह भाड़े से लौट चालक स्कॉर्पियो घर के दरवाजे के सामने खड़ी कर घर चला गया, इसी बीच घात लगाए चोरो ने स्कॉर्पियो के हैंडल का लॉक तोड़ नौ दो ग्यारह हो गए, इसकी जानकारी तब हुई जब सुबह हम लोग अपने घर का दरवाजा खोल स्कॉर्पियो देखने के लिए बाहर निकले तो देखा कि दरवाजे से गायब है, दरवाजे से वाहन गायब देख होश उड़ गए, बिना देर किए घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है।

इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र से पीड़ित विवेक कुमार पाण्डेय की स्कॉर्पियो जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24 एजी 9193 को अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कर ली गई है, सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात कैद हो गई है, पीड़ित के द्वारा दी गई लिखित आवेदन को पुलिस ले कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है, सीसीटीवी फुटेज के द्वारा अपराधियों का पहचान कर जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राम-जन्म प्रसंग के कथा सुनावे लगलें,त पूरा पंडाल “जय श्रीराम” के जयघोष से गूंज उठल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास ।** प्रखंड क्षेत्र के मोथा बावन बिगहा पोखरा स्थित भगवान भास्कर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव सोमारे के रात आस्था, भक्ति आ भावनाओं के अद्भुत संगम बन गइल । काशी से पधारल प्रसिद्ध संत कथावाचक रामेश्वराचार्य जी महाराज उर्फ भोजपुरिया बाबा जब मंच पर राम-जन्म प्रसंग के कथा सुनावे लगलें,त पूरा पंडाल “जय श्रीराम” के जयघोष से गूंज उठल । श्रद्धालु एतना भावुक हो गइलें कि कई लोग के आंख से आंसू छलक पड़ल । भोजपुरिया बाबा भोजपुरी में कथा कहत श्रद्धालुओं से कहनी

कि राम के जनम खाली त्रेता युग के घटना ना ह,राम त आजो हर ओह



घर में जनमेलन जहां माता-पिता के सम्मान,भाईचारा आ संस्कार जिंदा बा । जवन दिल में राम बस गइलें, उहां खुदे अयोध्या बस जाला । बाबा के एह बात पर पूरा कथा पंडाल तालियन आ जयघोष से गूंज उठल । उ कहनी कि भगवान श्रीराम के अवतार धरती पर सत्य,धर्म आ मानवता के रक्षा खातिर भइल रहे । आज के समाज में अगर राम के आदर्श के लोग अपनावे लागे,त परिवार से लेके समाज तक के हर संकट दूर हो सकेला । राम-जन्म प्रसंग के भावपूर्ण वर्णन करत बाबा कहनी कि जब माता कौशल्या के आंगन में राम जनमलें,त देवता लोग स्वर्ग से फूल बरसावे लागल ।अयोध्या में खुशी के लहर दौड़ गइल रहे । राम के जनम अधर्म पर धर्म के जीत के संदेश ह । भोजपुरिया बाबा के ओजस्वी आवाज आ भोजपुरी शैली में सुनावल कथा श्रद्धालुओं के मन में सीधे उतर गइल । कथा के बीच-बीच में भजन-कीर्तन से माहौल अउरी भक्तिमय हो गइल । महिलाएं, बुजुर्ग,युवा आ बच्चा सभे भक्ति में डूबल नजर आइलें । बाबा आगे कहनी कि आज आदमी सुख खोजत-खोजत थक गइल बा, बाकिर असली शांति राम के नाम में बा । धन-दौलत से घर बन सकेला, लेकिन राम के आदर्श से परिवार बनत बा । पूरा यज्ञ परिसर देर रात तक भक्तिरस में सराबोर रहल । दूर-दराज गांव से पहुंचल श्रद्धालु कथा श्रवण खातिर जुटल रहलें ।

## संक्षिप्त समाचार

### सुल्तानगंज में गंगा में डूबने से 2 युवकों की मौत

**भागलपुर।** भागलपुर के अजगैविनाथ धाम के नमामि गंगा घाट पर डूबने से 2 युवकों की मौत हो गई। स्नान करने के दौरान हादसा हुआ है। एसडीआरएफ ने शव पानी से बाहर निकाला। घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र की है। मृतकों की पहचान मिर्जानहट ताखीचक रवि कुमार साह के पुत्र विकाश कुमार(22) और मुजाहिदपुर इलाके के पीयूष कुमार(21) के तौर पर हुई है। मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा है।

**दोनों घूमने के लिए पहुंचे थेः** जानकारी के मुताबिक दोनों युवक रविवार रविवार सुल्तानगंज घूमने पहुंचे थे। घूमने के दौरान के नमामि गंगा घाट किनारे पहुंच गए। स्नान के लिए गंगा में उतरे। गहरे पानी में जाने से डूब गए। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। सोमवार सुबह एसडीआरएफ ने तलाशी अभियान चलाया। घंटों मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला।

### सूखे नशे ने छीन लिया इन मांओं से बेटों का साया

**भागलपुर।** सूखे नशे का जहर अब सिर्फ युवाओं को नहीं, पूरे परिवार को बर्बाद कर रहा है। कुछ मां ने अपने जवान बेटे को नशे की लत में खो दिया। कई मां आज भी इस डर में जी रही है कि उनका बेटा कहीं अगला शिकार न बन जाए। शहर और गांवों में तेजी से फैल रहे सूखे नशे ने कई घरों की खुशियां छीन ली हैं। बीते मार्च और अप्रैल में ही चार ऐसी घटनाएं हुई है। कोई सूखे नशे की लत पूरा नहीं होने पर चोरी करने लगा। पकड़े जाने पर खुदकुशी कर ली। एक युवक ने घर के पास नशेड़ियों को अड्डेबाजी करने से रोका तो उसकी पीट हत्या कर दी गयी। .गिरफ्तारी- अलग-अलग थाना से 75 से अधिक .बरामदगी- चार किलो ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर, 20 किलो से अधिक गांजा . बीते 27 मार्च को नाथनगर के मथुरापुर निवासी महिला रीना देवी के 18 वर्ष के बेटे की हत्या कर दी गयी। उन्होंने बताया कि बेटा का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने नशेड़ियों को अड्डेबाजी करने से रोका था। घर के पास ही आसपास के कुछ युवक सूखा नशा करते थे, जिसके कारण वहां चोरी की घटनाएं होती थी। बेटा रौशन ने नशेड़ियों को हड़काया था। बेरहमी से पीटकर चार नशेड़ियों ने उसकी हत्या कर दी। . बीते आठ अप्रैल को विश्वविद्यालय के साहेबगंज निवासी रीना देवी के इकलौते बेटे नें फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। वह परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। रीना देवी ने बताया कि पति करंट लगने से दो वर्ष से लाचार हैं। बेटे को लोन पर ई-रिक्शा खरीद कर दिया था, लेकिन सूखे नशे की लत ने सब बर्बाद कर दिया। बेटा एक सप्ताह से घर से कमाने नहीं जा रहा था। डांट लगाने पर खुदकुशी कर लिया। . बीते 31 मार्च को ललमटिया के शुभम झा ने खुदकुशी कर ली। शुभम को सूखे नशे की लत थी। वह घर में ही ब्राउन शुगर पीता था। नशे के लिए पैसा नहीं होने पर वह चोरी करने लगा। पकड़े जाने पर परिजनों ने डांट फटकार लगायी, जिसके कारण उसने फंदे से लटक कर जान दे दी।

### अकबरनगर-गोनूधाम के बीच 22 किलोमीटर रेललाइन का फाइनल लोकेशन सर्वे हुआ मंजूर

**भागलपुर।** रेल मंत्रालय ने अकबरनगर से गोनूधाम स्टेशन के बीच बाइपास लाइन के निर्माण के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी दे दी है। करीब 22 किलोमीटर लंबी इस लाइन से भविष्य में भागलपुर के आसपास रेल यातायात की तस्वीर बदल जाएगी। अभी इस रेलखंडों पर ट्रेनों का भारी दबाव रहता है। रेल बाइपास बनने से मालगाड़ियों और कुछ लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों को सीधे निकाला जा सकेगा।

# सेना के जवान शिव शंकर का पार्थिव शरीर पहुंचा कहलगांव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के कहलगांव में सेना के जवान शिव शंकर का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा पैतृक गांव बरैनी पहुंचा। सेना की गाड़ी के आगे-पीछे हजारों लोगों की भीड़ थी, जो 'भारत माता की जय' और 'शिव शंकर अमर रहे' के नारे लगा रहे थे। पार्थिव शरीर जैसे ही अंतिम दर्शन के लिए गाड़ी से उतारा गया, मां रंजना देवी और पिता विनय कुमार रोने लगे। रोते-रोते मां बेहोश होकर गिर गईं। बहन कोलम रानी भी भाई के पार्थिव शरीर से लिपटकर रोने लगी। बार-बार कह रही थी शिव शंकर लौट जाओ। शिव शंकर की 3 साल पहले असम राइफल्स के नर्सिंग विभाग में जॉइनिंग हुई थी। जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान ऑक्सीजन की कमी होने लगी, तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, पर इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ कहलगांव गंगा घाट पर किया जाएगा।

**चचेरा भाई भी सेना में हैः** शिव शंकर के चचेरे भाई सन्नी शंकर भी सेना में असम राइफल के नर्सिंग विभाग में कार्यरत हैं। वे त्रिपुरा के अगरतला में पोस्टेड हैं। सन्नी शंकर के पिता व्यास मुनि सिन्हा किसान हैं। वहीं सन्नी शंकर का भाई शिवम भी सेना में भर्ती के लिए तैयारी कर रहा है। शिवम ने अग्निवीर की परीक्षा पास किया था, लेकिन शारीरिक जांच में सेलेक्ट नहीं हुआ। शिवशंकर तीन साल पहले जब वर्दी पहनकर पहली बार गांव आए थे, तो पूरे बरैनी ने जश्न मनाया था। आज उसी वर्दी में वह तिरंगे में लिपटकर लौटे हैं।

**बचपन से ही मेधावी थाः** शिव शंकर के बड़े पापा सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि शिव शंकर बचपन से ही मेधावी और मिलनसार था। देश सेवा का जज्बा लेकर वो सेना में भर्ती हुआ था। मेरा भाई विनय कुमार विकलांग है, जिस कारण शिव शंकर और उसकी बहन कोमल रानी दोनों को हम अपने पास कहलगांव रखते थे। मैं सरकारी शिक्षक था। जिस वजह से दोनों को पढ़ाया। शिव शंकर को भारतीय सेना में भेजना था, इसलिए सुबह-सुबह दौड़ने के लिए भेजते थे, जब वह नहीं जागता था तो मुंह पर पानी मार देते थे। जिससे शिव शंकर को गुस्सा आ जाता था, फिर समझाने पर मान जाता था।

**बायोलॉजी से पढ़ाई की थीः** हम चार भाई हैं, विनय कुमार दूसरे नंबर पर है। शिव शंकर उन्हीं का बेटा है। नौकरी के बाद शिव शंकर को हम लोगों ने शादी के लिए कहा था, लेकिन वह मना कर देता था। कहता था कि घर में अभी जो बड़े भाई हैं उनका पहले शादी हो जाने दें।

## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/608, दिनांक 08.05.2026,** वरिष्ठ डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/टीईएलई/टी/22/25-26/सीएपी। कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** डीआरएम बिल्डिंग सियालदह और बी.आर. सिंह अस्पताल, सियालदह में डेटाकॉम नेटवर्क का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण। **निविदा मूल्य :** रु.57,70,963.76, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.1,15,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य की समापन अवधिः** 06 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथिः** 22.05.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथिः** 05.06.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथिः** 05.06.2026 को 14.30 बजे। **विवरण यहाँ से देखा जा सकता हैः www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंडः** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया हैः (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंडः** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजातः** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृतिः** कोई भी दूरसंचार कार्य जिसमें शामिल है एमआईएस/एलएएन/डब्ल्यूएएन/हेल्पलाइन/ यूटीएस/पीआरएस/एफओआईएस/मूल्य वर्धित पूछताछ प्रणाली/वीडियो पूछताछ प्रणाली/डेटा कनेक्टिविटी/डेटाकॉम उपकरण/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/वायरलेस कम्यूनिकेशन/सिक्योर्ड कम्यूनिकेशन/वाई-फाई/टेलीकाम कार्य जो कंप्यूटर आधारित पूछताछ प्रणाली से संबंधित है, का प्रावधान। **टिप्पणीः** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-35/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# 5 दिन बाद बेगूसराय में मिली ट्रेन से गायब प्रज्ञा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** केदारनाथ यात्रा से लौटते समय नंदा देवी एक्सप्रेस ट्रेन से लापता हुईं 29 साल की प्रज्ञा सिंह पांच दिन बाद बिहार के बेगूसराय में सुरक्षित मिल गई। पुलिस उन्हें अपने साथ लेकर हरिद्वार के लक्सर थाने पहुंची, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। थाने में प्रज्ञा का पूरा परिवार भी मौजूद है। प्रज्ञा ने पुलिस को बताया कि पति से किसी बात को लेकर नाराजगी थी। इसलिए मैं ट्रेन से उतरकर बेगूसराय आ गई थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ट्रेन से उतरने के बाद प्रज्ञा ने अपने पति को फोन किया और बताया कि हम अपने मौसी के घर बेगूसराय आ गई हूं। प्रज्ञा के पति ने यह सूचना पुलिस को दी थी। फिर हरिद्वार पुलिस बेगूसराय पहुंची और प्रज्ञा को उसके मौसी के यहां से बरामद कर अपने साथ ले गई। इस पूरे मामले में देहरादून ग्रामीण के SP शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि प्रज्ञा के लापता होने की सूचना मिलने के बाद लक्सर थाने में मिसिंग रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस ने सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और ट्रेन रूट के आधार पर कई टीमें बनाकर जांच शुरू की।

**रात में नींद खुली तो सीट पर नहीं थीं प्रज्ञाः** प्रज्ञा सिंह 5 मई की रात अपने पति मनीष के साथ देहरादून से गाजियाबाद जा रही नंदा देवी एक्सप्रेस में सफर कर रही थीं। पति मनीष के मुताबिक, हरिद्वार तक दोनों के बीच सामान्य बातचीत होती रही, इसके बाद उन्हें नींद आ गई। मनीष ने बताया कि रात में मुजफ्फरनगर के पास उनकी आंख खुली तो प्रज्ञा सीट पर नहीं थीं। शुरुआत में उन्हें लगा कि वह वॉशरूम या किसी दूसरी बोगी में होंगी, लेकिन काफी देर तक तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने पूरी ट्रेन में खोजबीन की। प्रज्ञा के भाई विभूम के अनुसार, रात करीब 1 बजे मनीष अग्रहरि ने परिवार को फोन कर प्रज्ञा के लापता होने की जानकारी दी। इसके बाद मनीष मुजफ्फरनगर स्टेशन पर उतरे और रेलवे पुलिस से मदद मांगी। परिवार का आरोप है कि स्टेशन पर CCTV फुटेज देखने की कोशिश की गई, लेकिन वहां कैमरे बंद मिले। बाद में रुड़की स्टेशन पर भी कैमरे काम नहीं कर रहे थे।

## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: ईएल-16-26, दिनांक 08.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** आसनसोल मंडलः आसनसोल मंडल के तहत रेलवे कॉलोनियों में एलटी ओवरहेड लाइन का अंडरग्राउंड केबल में प्रतिस्थापन एवं सहायक कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 1,70,73,785.15, **बयाना राशिः** रु. 3,41,500/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 02.06.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-63/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बिहार सरकार

### समाहरणालय औरंगाबाद
### -: कोटेशन आमंत्रण सूचना :-
### (अति अल्पकालीन)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री उपेन्द्र कुशवाहा माननीय सांसद (राज्यसभा) द्वारा श्री बृज किशोर सिंह, पिताः- श्री शिवप्रसाद सिंह, ग्राम-शंकरपुर, पो0-कैथी, प्रखंड-ओबरा, जिला-औरंगाबाद को Purchase of Above Knee Prosthesis Adult K4. उपलब्ध कराने हेतु की गई अनुशंसा के आलोक में जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद द्वारा योग्य आपूर्तिकर्त्ता से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/फर्म निम्न वर्णित शर्तों को पूरा करते हुए अपना-अपना कोटेशन बन्द लिफाफा में कार्यालय अवधि में दिनांक 18.05.2026 के अप0 04:00 बजे तक निम्न शर्तो के अधीन जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में समर्पित कर सकते है। शर्ते निम्नवत है :-

1. फर्म/संस्थान के निबंधन से संबंधित कोई एक प्रमाण-पत्र की छायाप्रति यथा-Shop Establishment/General Trade license/M.S.M.E. उद्यम पंजीकरण कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. फर्म/संस्थान को GST में निबंधित होने से संबंधी प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. फर्म/संस्थान को किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी/गैर सरकारी संस्थान के द्वारा काली सूची में सम्मिलित नहीं किए जाने से संबंधित नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. फर्म/संस्थान को अपनी फर्म का मेडिकल क्षेत्र में कार्य करने से संबंधित अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त हेतु कार्य किये जाने का प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा (कार्यादेश/भुगतान आदेश)।
5. फर्म/संस्थान को विशिष्टियों के अनुरूप आपूर्ति की जाने वाली Purchase of Above Knee Prosthesis Adult K4 का प्रति ईकाई दर सभी कर सहित अंक एवं शब्दों दोनों में अंकित करना अनिवार्य होगा।
6. कार्यादेश के अनुरूप उक्त सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय सीमा के अन्दर करना अनिवार्य होगा। उक्त के लिए किसी भी प्रकार की अतिरिक्त राशि देय नहीं होगा।
7. फर्म/संस्थान को उक्त सामग्री की आपूर्ति करने के उपरान्त सभी अनुमान्य आवश्यक करों की कटौती के बाद ही भुगतान योग्य अनुमान्य राशि का भुगतान किया जायेगा।

अविनाश प्रकाश
जिला योजना पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 002929 (Planning) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# रजनीगंधा के लिए दुकानदार की हत्या

**अररिया।** अररिया में रजनीगंधा के लिए एक दुकानदार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक का शव दुकान के पास पड़ा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से सैंपल जुटाकर जांच शुरू कर दी है। घटना फारबिसगंज थाना क्षेत्र के समौल स्थित खैरखा गांव में रविवार देर रात की है। मृतक की पहचान इंदिरानंद यादव के रूप में हुई है। फारबिसगंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि रजनीगंधा लेने के बीच दुकानदार व ग्राहक के बीच मारपीट हुई है इस दौरान दुकानदार की मौत हो गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.: 12-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 08.05.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल -ओईएम/ ओईएम के अधिकृत डीलर द्वारा तीन (03) वर्षों के लिए अंडाल, वेस्ट एम्प्टी केबिन/अंडाल, ईस्ट रिसीविंग केबिन/आसनसोल, अप रिसीविंग केबिन/आसनसोल में सीमेंस प्रस्तुकारक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ई.आई.) सिस्टम का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। **निविदा मूल्यः** रु. 3,04,39,613.88, **बयाना राशिः** रु. 6,08,800/-, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 36 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 02.06.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः http://www.ireps.gov.in/**

ASN-65/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा नोटिस

**सं०- 09 ऑफ 2026-27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं०-05-डीडीयू-व०मं०इंजी०-II-26-27**
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल अभियंता/डेहरी-ऑन-सोन और सहायक मंडल अभियंता/गया के तहत GRRU, RFJ, PES और DOS में आरजीएम/मशीन साइडिंग का उन्नंयन।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 22048530.26, **(iii) धरोहर राशिः** रू० 441000.00

**निविदा सं०-06-डीडीयू-व०मं०इंजी०-II-26-27**
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल अभियंता/डेहरी के तहत अन्य सहायक कार्य के साथ पंप हाउस और जल आपूर्ति पाइपलाइन के साथ नए विकासशील सर्कुलेटिंग एरिया (दक्षिण की ओर) के सरेखण के तहत आने वाले गहरे ट्यूबवेल के एवज में सासाराम स्टेशन पर गहरे ट्यूबवेल का प्रतिस्थापना।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 7403654.75, **(iii) धरोहर राशिः** रू० 148100.00

**निविदा सं०-04-डीडीयू-व०मं०इंजी०-I-26-27**
**(iv) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल अभियंता/II/ डीडीयू के तहत मानपुर-डीडीयू में टीटीआर के लिए चिपके जोड़ो और स्लीपर के माध्यम से रेल का आकस्मिक नवीनीकरण।, **(v) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 7278737.01, **(vi) धरोहर राशिः** रू० 145600.00

**(vii) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 29.05.2026 को 12:00 बजे तक, **(viii) वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

**नोटः विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।**

मंडल रेल प्रबन्धक,
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0198/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26-27/56

## पूर्व रेलवे

**निविदा संख्याः एसएएनडीटी-सीओएन-एसडीएएच-03-2026, दिनांक 08.05.2026,** उप सीएसटीई / निर्माण/सियालदह आर.एम.एस. बिल्डिंग (दूसरी मंजिल), सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा संख्याः एसएएनडीटी-सीओएन-एसडीएएच-03-2026 के प्रतिपक्ष खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में रानाघाट-कृष्णनगर तीसरी लाइन के कार्य के संबंध में रानाघाट-कृष्णनगर खंड के लिए एस एंड टी अतिक्रमण हटाने का कार्य। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 11,09,21,821.51, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूतिः** रु. 22,18,400/- **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **समापन अवधिः** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** 18.05.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** 01.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

CON-06/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**सं.: ओ-एसी-टी-24-26-27 (खुली), दिनांकः 08.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती हैः **केस सं. ओ-एसी-टी-24-26-27, कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में ठेकेदारों के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर 60 केजी/52 केजी (90/72 यूटीएस, आर 260) (नई/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल की फ्लैश बट बेल्डिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,30,64,994.32, **बयाना राशिः** रु. 4,61,300/-, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 02.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-67/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बिहार सरकार

### बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/04 दिनांक- 11.05.2026

### डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026

[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय)]

### परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE/PM/PMM)]-2026 की परीक्षा से सम्बन्धित विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/03 दिनांक- 20.04.2026 के क्रम में सभी सर्वसाधारण एवं डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE/PM/PMM)]-2026 के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि DCECE (PE/PM/PMM)-2026 की परीक्षा दिनांक 23.05.2026 एवं दिनांक 24.05.2026 को निर्धारित है। इस परीक्षा हेतु Admit Card पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** पर दिनांक 14.05.2026 को Upload हो जायेगा। अभ्यर्थी दिनांक 14.05.2026 से अपने Account में login कर Admit Card download करेंगे।

पूर्व प्रकाशित सभी विज्ञापनों के अन्य सभी शर्तें यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

गर्मी के मौसम में पोल्ट्री फार्म को सुरक्षित और उत्पादनशील बनाए रखने के लिए मुर्गीपालकों को सलाह

गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने से मुर्गियों के अंडे एवं मांस उत्पादन में कमी, मृत्यु दर में वृद्धि और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन समस्याओं से बचने के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतेंः

तापमान नियंत्रण
- शेड में उचित वेंटिलेशन (हवादारी) रखें।
- छत पर घास या टाट बिछाकर ऊपर पानी छिड़कें।
- कूलर, फैन, या वाटर फॉगिंग सिस्टम का उपयोग करें

प्रबंधन
- दिन में 2-3 बार पानी की टंकियों को भरें और उन्हें छाया में रखें।
- इलेक्ट्रोलाइट्स (ORS) व विटामिन सी पानी में मिलाएं ताकि डिहाइड्रेशन न हो।

आहार प्रबंधन
- सुबह और शाम के ठंडे समय में दाना दें।
- एनर्जी रिच (ऊर्जा युक्त) आहार दें, लेकिन हाई प्रोटीन से बचें।

स्वास्थ्य प्रबंधन
- गर्मी में तनाव कम करने वाले सप्लीमेंट्स दें।
- टीकाकरण और डि-वॉर्मिंग शेड्यूल का पालन करें।
- बीमार मुर्गियों को तुरंत अलग करें।

सफाई और स्वच्छता
- फार्म को सूखा और साफ रखें।
- नियमित रूप से कीट-नाशक छिड़काव करें।



PR No.- 002885 (Animal)D. 2026-27

विषम परिस्थिति में अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करें या 1962 पर कॉल कर समस्या का समाधान प्राप्त करें

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### लाठीचार्ज के खिलाफ आप ने जताया विरोध

**आरा**। शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई- फोर के विज्ञापन जारी करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज की घटना को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता कृष्ण मोहन ठाकुर ने बिहार सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग उठा रहे अभ्यर्थियों पर "क्रूर लाठीचार्ज" कर सरकार ने यह संदेश दिया है कि उसकी प्राथमिकता शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य नहीं है, बल्कि हिंदू-मुस्लिम, भारत-पाकिस्तान और अगड़े-पिछड़े की भावनात्मक राजनीति कर वोट लेना है। कृष्ण मोहन ठाकुर ने कहा कि सरकार ने चेहरे बदलने से चरित्र नहीं बदलता। उन्होंने युवाओं से भी अपील करते हुए कहा कि चुनाव के समय यदि मूल मुद्दों की अनदेखी कर मतदान किया जाएगा, तो इसका असर युवाओं के भविष्य पर पड़ सकता है।

### जगदीशपुर को पर्यटन स्थल बनाने की मांग तेज, पूर्व सीनेट सदस्य ने मंत्री से किया आग्रह

**आरा**। बिहार सरकार के योजना एवं विकास मंत्री तथा चार बार जगदीशपुर (भोजपुर) से विधायक रहे भगवान सिंह कुशवाहा से पूर्व सीनेट सदस्य अजय कुमार तिवारी मुनमुन ने मुलाकात कर जगदीशपुर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की। इस दौरान अजय कुमार तिवारी मुनमुन ने मंत्री श्री कुशवाहा को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वीर बांकुड़ा बाबू वीर कुंवर सिंह की जन्मस्थली जगदीशपुर ऐतिहासिक और गौरवशाली विरासत का केंद्र है, इसलिए इसे शीघ्र पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि यदि जगदीशपुर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाता है तो देश-विदेश से लोग यहां पहुंचकर वीर कुंवर सिंह के शौर्य, बलिदान और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को जान सकेंगे। इससे क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान मजबूत होने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक विकास के अवसर भी बढ़ेंगे। अजय कुमार तिवारी मुनमुन ने कहा कि जगदीशपुर केवल भोजपुर ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार की ऐतिहासिक धरोहर है।

### शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के विरोध में माले का आक्रोश मार्च

**आरा**। पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज और महिला अभ्यर्थियों के साथ कथित अभद्र व्यवहार के विरोध में रविवार को भाकपा-माले ने आरा में आक्रोश मार्च निकाला। पार्टी कार्यकर्ताओं ने पटेल बस स्टैंड पर वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मार्च की शुरुआत भाकपा-माले जिला कार्यालय से हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पटेल बस स्टैंड पहुंचा। वहां सभा आयोजित कर नेताओं ने राज्य सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन करने का आरोप लगाया। मार्च का संचालन जिला कमिटी सदस्य अमित कुमार बंटी ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने छात्रों पर जुल्म बंद करो, दिलीप कुमार, शशि शेखर, शहबाज आलम और नवीन कुमार को रिहा करो तथा पांच हजार अज्ञात छात्रों को नामजद करना बंद करो जैसे नारे लगाए। जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम ने कहा कि शिक्षक अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन सरकार ने उनकी आवाज दबाने के लिए लाठीचार्ज कराया, जो लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं की समस्याओं को सुनने के बजाय दमन का रास्ता अपना रही है। ऐपवा नगर सचिव संगीता सिंह ने कहा कि युवाओं और बेरोजगारों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार और शिक्षक बहाली की मांग उठा रहे छात्रों पर बल प्रयोग कर सरकार ने अपनी दमनकारी मानसिकता का परिचय दिया है।

### अवैध शराब परिवहन मामले में युवक गिरफ्तार

**कोईलवर**। स्थानीय कोईलवर थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए कार्रवाई कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बभनौली गांव निवासी विजय कुमार उर्फ छोटू कुमार (22 वर्ष), पिता कामेश्वर राय, थाना बबुरा, जिला भोजपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कोईलवर थाना कांड संख्या 108/26 में दर्ज मामले के तहत आरोपी को मीणाचक-पचैना रोड से हिरासत में लिया गया। उसके पास से 80 लीटर देसी महुआ शराब एवं एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई है। थाना पुलिस ने बताया कि युवक पर अवैध शराब के परिवहन का आरोप है।

### महिला को ब्लेड से काट कर किया जख्मी

**आरा**। पूर्व से चले आ रहे घरेलू विवाद और दहेज को लेकर महिला को ससुराल वालो ने ब्लेड से शरीर पर कई जगह काट दिया है। घटना के बाद किसी तरह महिला जान बचाकर इलाज के लिय सदर अस्पताल आकर इलाज करा रही है। महिला का आरोप है कि मेरे पति और देवर मिलकर हमको घर से निकालना चाह रहे है। साथ ही दहेज की मांग भी कर रहे है। जब की पूरे हिंदू रीति रिवाज और दान दहेज के साथ मेरे मम्मी पापा ने एक साल पहले ही किया था। घटना शहर के टाउन थाना क्षेत्र के तरी मोहल्ला में रविवार की शाम की है। जख्मी महिला टाउन थाना क्षेत्र के तरी मोहल्ला निवासी किशन कुमार की 28 वर्षीया पत्नी साधना कुमारी है।

### प्रेमी जोड़ा गिरफ्तार, प्रेमी गया जेल

**आरा**। नवादा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर थाना क्षेत्र के चंदवा से एक प्रेमी युगल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लड़की के प्रेमी राजीव कुमार उर्फ बिहारी तुरहा चंदवा गांव के निवासी भोला तुरहा का पुत्र है। नवादा थाना के थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के चंदवा के निवासी राजीव तुरहा पर 2023 में एक शादी शुदा औरत को प्रेम जाल में फंसा कर भगाने का आरोप लगा थाना में केस दर्ज कराया गया था। जिसके बाद पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना की जांच और आरोपी की गिरफ्तारी में जुट गई थी। शनिवार की देर रात नवादा थाना की पुलिस ने चंदवा से छापामारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**आरा**। भोजपुर में सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। पिछले 11 दिन से पटना में इलाज चल रहा था। मृतक की पहचान मरचईया डेरा निवासी मैनेजर यादव(35) के तौर पर है। घटना करनामेपुर थाना क्षेत्र की है। पिता हरेराम यादव ने बताया कि 5 मई मेरी बेटी की शादी थी। जिसको लेकर 30 अप्रैल को बाइक से कार्ड बांटने के लिए आरा जा रहा था। इस बीच पटना-बक्सर फोरलेन पर धमार मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे जेसीबी ने गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद शव लेकर वापस आ गए। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

**घर में मचा कोहराम**: मृतक चार भाई-बहन में सबसे बड़ा था। परिवार में पत्नी रीना देवी, दो पुत्री खुशी, चंपा और दो पुत्र मनीष, आदित्य है। मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी रीना और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### महिला पुलिसकर्मियों को एड्स से बचाव का दिया गया प्रशिक्षण

**बक्सर**। जिलेबडुमरांव स्थित महिला पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में रविवार को एचआइवी/एड्स जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 2000 प्रशिक्षु महिला पुलिसकर्मियों ने भाग लेकर संक्रमण से बचाव, उपचार और जागरूकता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। कार्यक्रम का आयोजन बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के तत्वावधान में किया गया, जहां प्रशिक्षुओं को सुरक्षित जीवनशैली अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला पुलिस प्रशिक्षण केंद्र तथा बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-4, डुमरांव में विशेषज्ञों द्वारा एचआइवी/एड्स से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान संक्रमण के कारण, शुरुआती लक्षण, समय पर जांच, उपलब्ध उपचार सेवाएं और बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# लापता उप प्रमुख पति की मिली लाश, जहर देकर मारा गया

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में लापता पूर्व समिति सदस्य सह वर्तमान उप प्रमुख पति की लाश बरादम हुई। शव नारायणपुर थाना क्षेत्र के चावरिया गांव स्थित बधार से सोमवार की सुबह मिली। मृतक के मुंह से झाग निकलता हुआ पाया गया है। परिजन को आशंका है कि खिला-पीलाकर उनकी हत्या की गई। घटना की सूचना पाकर सदर एसडीपीओ-वन राजकुमार साह, पीरो एसडीपीओ कृष्ण कुमार सिंह, नारायणपुर थानाध्यक्ष संजीत शर्मा, गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत और पवना थानाध्यक्ष अनीष कुमार अतिरिक्त पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में शुरू कर दी। शव मिलने के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने शव को सड़क के बीचों बीच रखकर आरा-सासाराम मुख्य मार्ग बगवां गांव के पास जाम कर दिया।

**एफएसएल की टीम को बुलाया**: पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया है। सूचना पाकर एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य को इकट्ठा किया। जानकारी के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां गांव निवासी कपिलदेव सिंह के 40 वर्षीय बेटे सह पूर्व समिति सदस्य सह उप प्रमुख पति संजीत कुमार उर्फ टनटन है। मृतक की पत्नी पुष्पा देवी गड़हनी प्रखंड की वर्तमान उप प्रमुख हैं।

**एक दिन पहले घर से निकले थे**: बताया जा रहा कि रविवार की दोपहर का घर से बाहर निकले थे और घर वापस नहीं लौटे। जिसके बाद परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की गई थी, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसी बीच सोमवार की सुबह नारायणपुर थाना क्षेत्र के चावरिया बधार से उनका शव बरामद किया गया। सड़क किनारे उनके बाइक लावारिस हालत में मिली। जेब से मोबाइल भी मिला है।

# नैनीजोर दलित बस्ती में 500 महिलाओं का सम्मान

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**ब्रह्मपुर**। मातृ दिवस के अवसर पर ब्रह्मपुर प्रखंड के दक्षिणी नैनीजोर पंचायत स्थित दलित बस्ती में रविवार को मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 500 से अधिक वृद्ध महिलाओं का चरण पखारकर, माल्यार्पण कर, मिठाई खिलाकर तथा साड़ी व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार कुंवर ने की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, भाजपा प्रदेश सचिव अजय यादव तथा जदयू बक्सर जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा सहित कई सामाजिक और राजनीतिक लोग मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने महिलाओं का चरण पखारकर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि मां को सनातन संस्कृति में आदि शक्ति और सर्वशक्ति का स्वरूप माना गया है। उन्होंने लोगों से जाति और भेदभाव से ऊपर उठकर सामाजिक एकता बनाए रखने की अपील की। वहीं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार कुंवर ने कहा कि समाज विभिन्न जातियों में बंटा हुआ है, लेकिन हिंदुत्व और सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी वर्गों को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि मातृ दिवस मां के त्याग, ममता और संस्कारों को नमन करने का अवसर है।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने वृद्ध महिलाओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। दलित बस्ती में आयोजित इस आयोजन को सामाजिक समरसता और मातृ सम्मान का संदेश देने वाला बताया गया।

## देवर ने ब्लेड से भाभी पर किया हमला



सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में घरेलू विवाद में देवर ने भाभी पर जानलेवा हमला कर दिया। ब्लेड से हाथ पर वार किया है। स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए एडमिट कराया गया। घायल की पहचान तरी मोहल्ला निवासी किशन कुमारी की पत्नी साधना कुमारी(28) के तौर पर हुई है। घटना टाउन थाना क्षेत्र की है। अस्पताल में एडमिट साधना ने बताया कि पिछले साल 5 मई को उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद कुछ महीना अपने ससुराल रही। इस दौरान बाइक की मांग को लेकर पति और ससुराल वाले मारपीट करते थे। इस संबंध में महिला थाने में लिखित आवेदन दिया था। उसके बाद मायके वैशाली चली गई थी। कुछ दिन बाद फिर ससुराल आ गई थी। रविवार की शाम मेरे कमरे से पति सामान लेकर जा रहा था। रात में कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने पर ससुराल वालों ने मारपीट शुरू कर दी। इस बीच देवर ने ब्लेड से हाथ पर हमला कर दिया।

# जब-जब भक्तों पर संकट आया है, प्रभु ने किया उद्धार : पीताम्बर जी

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता




**बक्सर**। श्रीमद्भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का हुआ भावपूर्ण वर्णन 7 दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में कथावाचक आचार्य प्रेमाचार्य पीताम्बर जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र तथा भक्ति और धर्म से जुड़े प्रसंगों को सरल एवं मधुर शैली में प्रस्तुत किया। कथा के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। बक्सर जब-जब भक्तों पर संकट आया है, प्रभु ने उनका उद्धार किया है। श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को सद्गुणों और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा श्रवण से जीवन सफल हो जाता है। उक्त बातें शहर के बाईपास रोड स्थित बस स्टैंड के समीप आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथावाचक श्री प्रेमाचार्य पीताम्बर जी महाराज ने कही। कथा के सातवें दिन कथा व्यास प्रेमाचार्य पीताम्बर जी महाराज ने सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता को जीवन के लिए आदर्श है। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता में न कोई ऊंच-नीच होती है और न ही धन-दौलत का अहंकार। सच्ची मित्रता में सबकुछ समर्पित कर दिया जाता है। जब सुदामा जी अपनी पत्नी के आग्रह पर द्वारिका पहुंचे तो द्वारपालों ने उन्हें साधारण भिक्षुक समझकर रोक दिया। लेकिन जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा का नाम सुना, वे व्याकुल होकर दौड़ते हुए द्वार तक पहुंचे और अपने मित्र को गले से लगा लिया। इस प्रसंग को सुन श्रद्धालु भावुक हो उठे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ हवन-पूजन कथा के अंतिम दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन कराया गया। इसके बाद कथा विश्राम हुआ और रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर राजपुर विधायक संतोष निराला, भाजपा नेता सौरव तिवारी, समाजसेवी बंटू चौबे, ओमप्रकाश पाठक, आनंद पाण्डेय, मृत्युंजय तिवारी एवं सरोज तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन की व्यवस्था और धार्मिक माहौल की लोगों ने प्रशंसा की।

# ट्रक ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर

- पत्नी की मौत, पति के साथ ससुराल से मायके जा रही थी, लोगों ने 3 घंटे तक रोड जाम रखा

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, पति को हल्की चोटें आई हैं। मृतका की पहचान संदेश गांव निवासी देवेश कुमार प्रताप की पत्नी इंदू प्रताप(35) के तौर पर हुई है। घटना चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा मोड़ के पास की है। गुस्साए ग्रामीणों ने जलपुरा मोड़ के पास शव को सड़क के बीच रखकर जाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक सड़क को जाम रखा गया। जिसके कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। जाम की सूचना पर थानाध्यक्ष राकेश रौशन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटाया। फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

**घर में मचा कोहराम**: मृतका के पिता अशोक कुमार पंडित ने बताया कि ससुराल से अपने पति के साथ मायके आ रही थी। कोलवर पहुंचने पर उसने फोन किया था, लेकिन घर पहुंचने से पहले सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। तीन बेटी अमृता श्री, आदया नारायण, आदित्यजी और एक पुत्र सच्चितानंद है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## महिला ने जमीन हड़पने, जालसाजी और धमकी का लगाया आरोप

**ब्रह्मपुर**। ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र की एक विधवा ने जमीन हड़पने, जालसाजी करने तथा जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता वासमती देवी (45 वर्ष), पति स्वर्गीय रमेश यादव, वर्तमान पता कतरास रोड सिंह नगर, झारिया (धनबाद) तथा स्थायी निवासी रघुनाथपुर, थाना ब्रह्मपुर, जिला बक्सर ने इस संबंध में लिखित आवेदन दिया है।आवेदन में महिला ने आरोप लगाया है कि रहथुआ निवासी अवधबिहारी पाण्डेय ने विश्वास में लेकर उनके साथ धोखाधड़ी की। महिला के अनुसार 15 सितंबर 2025 की सुबह आरोपी उनके घर पहुंचा और खानदानी व मवरूसी जमीन का परिमार्जन कर नाम चढ़वाने, रसीद कटवाने तथा एलपीसी प्रमाण पत्र बनवाने की बात कही। इसी दौरान उसने कई सादे और रंगीन कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए।

## 4 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज हुए अंगीभूत

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता




**बक्सर**। जिले के वैसे हजारों छात्र-छात्राओं के लिए खुशखबरी है, जिन्हें उच्च शिक्षा के लिए मीलों दूर जिला मुख्यालय या दूसरे शहरों की दौड़ लगानी पड़ती थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ""सात निश्चय पार्ट-3"" के तहत जिले के 4 प्रखंडों में खोले गए नए डिग्री कॉलेज को अंगीभूत महाविद्यालय का दर्जा दे दिया गया है। इसको लेकर बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जारी पत्र के अनुसार राज्य सरकार के सात निश्चय-3 (2025-30) के चतुर्थ निश्वय "उन्नत शिक्षा उज्वल भविष्य" के अंतर्गत डिग्री महाविद्यालय रहित राज्य के 208 प्रखंडों में नये डिग्री महाविद्यालयों की स्थापना का अनुमोदन मंत्रिमंडल द्वारा प्रदान किया जा चुका है। इन महाविद्यालयों को संबंधित क्षेत्राधिकार वाले राज्य विश्वविद्यालयों की अंगीभूत इकाइयों के रूप में मान्यता दी गई है। शिक्षा विभाग ने जिले के उन प्रखंडों को प्राथमिकता दी है जहां अब तक एक भी अंगीभूत या संबद्ध कॉलेज नहीं था। विभाग के इस कदम से ग्रामीण क्षेत्रों के उन छात्रों को राहत मिलेगी, जो लंबे समय से उच्च शिक्षा सुविधाओं तक पहुंच के लिए संघर्ष कर रहे हैं। शिक्षा विभाग का उद्देश्य है कि ग्रामीण व सुदूरवर्ती इलाकों के छात्र छात्राओं को डिग्री की पढ़ाई अपने गांव के आस-पास हीं हो सके। अलग से डिग्री कॉलेज के लिए भूमि चिह्नित होगी जिले के जिस 4 प्रखंड का चयन किया गया है, उसमे चौगाई प्रखंड में प्रा०वि० बेलहरी चौगाई, केसठ प्रखंड में +2 उच्च विद्यालय रघुनाथपुर केसठ, ब्रह्मपुर प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय निमेज ब्रह्मपुर, चक्की प्रखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लीलाधरपुर चक्की का चयन किया गया है। जहां डिग्री स्तर की पढ़ाई कराई जाएगी। विभाग के अनुसार सबसे पहले चयनित प्रखंडों के विद्यालयों में अस्थायी डिग्री की पढ़ाई होगी, जहां विद्यालयों में जगह तथा वहां का भवन उत्कृष्ट हालत में है वहां पढ़ाई कराई जाएगी। उसके बाद इन प्रखंडों में अलग से डिग्री कॉलेज खोलने को लेकर तथा भवन बनाने को लेकर जमीनचिह्नित की जाएगी। अन्य कॉलेजों के प्राचार्य को मिली जिम्मेवारी डिग्री कॉलेज के अस्थायी रूप से चयनित किए गए उच्च माध्यमिक विद्यालय लीलाधरपुर चक्की के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने बताया कि अंगीभूत महाविद्यालय में 16 विषयों की पढ़ाई होगी। जिसके लिए अलग से शिक्षक होंगे। हालांकि कॉलेज के संचालन के दुसरे कॉलेज से प्राचार्य को जिम्मेवारी दी गई है। उच्च माध्यमिक विद्यालय लीलाधरपुर चक्की में बिक्रमगंज डिग्री कॉलेज के प्राचार्य को जिम्मेवारी देने की सूचना मिली है। +2 उच्च विद्यालय निमेज ब्रह्मपुर के प्रधानाध्यापक आलोक राज पासवान ने बताया कि यहां संचालित डिग्री कॉलेज में डीके कॉलेज डुमरांव के प्राचार्य वीणा कुमारी होंगी। इसी प्रकार अन्य चयनित विद्यालयों में भी अलग प्राचार्य होंगे। 1 जुलाई से होगा अस्थाई कक्षा का संचालन जारी पत्र के अनुसार यह भी निर्धारित किया गया है कि इन महाविद्यालयों का अस्थायी कक्षा संचालन शैक्षणिक सत्र 2026-30, दिनांक 01 जुलाई से डीएम द्वारा चिन्हित विद्यालयों संस्थानों के उपलब्ध भवनों में किया जाएगा। भविष्य में भूमि की उपलब्धता के आधार पर चरणबद्ध तरीके से इन महाविद्यालयों के स्थायी परिसर व भवन का निर्माण कराया जाएगा।

## 31 मई को नगर भवन में मनेगी महाराणा प्रताप सिंह की जयंती



सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**बक्सर**। महाराणा प्रताप फाउंडेशन की ओर से दी शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह का जयंती समारोह भव्य रूप से मनाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रविवार को स्थानीय किला मैदान स्थित रामलीला मंचन पर फाउंडेशन के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष तेज प्रताप सिंह छोटे व संचालन संयोजक पुनीत सिंह ने किया। अध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बताया कि 31मई को नगर भवन में जयंती समारोह मानने का निर्णय लिया गया है । धन्यवाद ज्ञापन अनिल राणा ने किया। मौके पर रमेश गुप्ता, अधिवक्ता राजीव भगत उमाकांत पांडेय धर्मेंद्र सिंह शिव जी चंद्रवंशी, त्रिभुवन दुबे सोनू कुमार, आजाद सी सिंह राठौर विजय भूषण सहाय कुमार मानवेंद्र विश्व प्रताप सिंह रंजीत सिंह राजेश कुमार रामाशीष यादव संतोष सिंह आदि सामिल रहे।

## हादसे की शिकार हुईं बक्सर की शिक्षिका, इलाज के दौरान मौत

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**बक्सर**। जिले के ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत बगेन गोला थाना क्षेत्र के एकरासी गांव की रहने वाली शिक्षिका सोनम कुमारी की सड़क हादसे के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार समेत पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बीपीएससी टीआरई-1 शिक्षिका सोनम कुमारी पूर्णिया जिले के डगरूआ प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय डुमरा में कार्यरत थीं। भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे जनगणना अभियान के तहत मकान सूचीकरण कार्य में उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। छह मई को वह शिक्षक सह सुपरवाइजर राजेंद्र कुमार के साथ बाइक से क्षेत्र में जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में अचानक बाइक से गिर जाने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान आठ मई को उनकी मौत हो गई। मृतका सोनम कुमारी एकरासी गांव निवासी रवि चंदन की पत्नी तथा राजेश कुमार सिंह की पुत्रवधू थीं। उनके असामयिक निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### जमीन विवाद पर 2 पक्षों में मारपीट, लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला, 3 घायल

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के नावानगर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। 11 मई सुबह 9 बजे हुई इस घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। घायलों में वास्कीत राय, उनकी पत्नी रंजू देवी और पुत्र राहुल कुमार शामिल हैं। आरोप है कि पड़ोसी पंकज राय, पवन कुमार, रोहित कुमार और चान्सी राय ने बाहरी लोगों को बुलाकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किया। वास्कीत राय के अनुसार, यह विवाद उनकी खरीदी हुई जमीन से संबंधित है, जिस पर एक सरकारी खाद्य की दुकान है। जमीन का खाता संख्या 126 और खेसरा संख्या 440 है। इस मामले को लेकर न्यायालय में एक मुकदमा भी चल रहा है। आरोप है कि आरोपियों ने न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करते हुए जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। बीच-बचाव करने आईं वास्कीत राय की पत्नी रंजू देवी और पुत्र राहुल कुमार को भी लाठी-डंडों से मारकर घायल कर दिया गया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने रंजू देवी के गले से सोने का जिउतिया भी छीन लिया। आसपास के लोगों के इकट्ठा होने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल वास्कीत राय ने बताया कि आरोपी पंकज राय ने उन्हें पुलिस में शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पंकज राय ने अगली बार उनके बेटे को भी मारने की धमकी दी। बताया गया है कि पंकज राय एसएसबी में कार्यरत हैं। इस संबंध में बिदुपुर थाना अध्यक्ष रवि प्रकाश ने बताया कि यह जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट का मामला है। दोनों पक्षों की ओर से थाने में आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि यह मामला दो पट्टीदारों के बीच का है, जिन्होंने पूर्व में पंचायत के माध्यम से रुपए के लेनदेन कर समझौता कर लिया था। थाना अध्यक्ष के अनुसार, दोनों पक्षों के लड़कों ने विवाद को फिर से बढ़ा दिया है। आवेदनों की जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### हाजीपुर की कंपनी में चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद, पुलिस फुटेज के आधार पर जांच में जुटी

**हाजीपुर**। हाजीपुर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के रामपुर नौसहन स्थित ओम शांति इंटरप्राइजेज में चोरी की घटना सामने आई है। यह वारदात कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में तीन चोर दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में दो चोर दीवार पर खड़े नजर आते हैं, जबकि एक चोर दीवार से नीचे उतरकर एक फ्रिज उठाता है। वह फ्रिज को बाउंड्री पर खड़े अपने साथी को पकड़ा देता है। इसके बाद चोर आम के पेड़ के सहारे मौके से फरार हो गए। कंपनी के मालिक कृष्ण कुमार शर्मा ने रविवार शाम करीब 6 बजे मीडिया को बताया कि यह घटना शनिवार सुबह लगभग 1 बजे की है। जब वह कंपनी पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि फ्रिज गायब है। इसके बाद उन्होंने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। मामले को लेकर औद्योगिक थाने में एक आवेदन भी दिया गया है। औद्योगिक थाना अध्यक्ष अरविंद पासवान ने जानकारी दी कि मामले की जांच की जा रही है।



### प्लम्बर हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा, आपसी रंजिश में हुई हत्या, मुख्य आरोपी समेत 2 अरेस्ट, पिस्टल बरामद

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने प्लम्बर ऋषि हत्याकांड का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया पिस्टल भी बरामद कर लिया है। यह घटना सदर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर स्थित एक बगीचे में हुई थी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विक्रम सिहाग ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुख्य अभियुक्त प्रियांशु शामिल है। प्रियांशु और मृतक ऋषि के बीच पहले से जान-पहचान थी। कुछ दिन पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद का बदला लेने के लिए प्रियांशु ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर ऋषि को दामोदरपुर स्थित एक बगीचे में बुलाया। वहां प्रियांशु ने ऋषि को गोली मारकर हत्या कर दी। एसपी सिहाग ने यह भी बताया कि प्रियांशु को पिस्टल उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### बाल आश्रय गृह से 10 बच्चे लापता, निरीक्षण के लिए पहुंचे थे एसडीओ, तलाश में जुटी पुलिस

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के नरौली बाल आश्रय गृह से 10 बच्चे लापता हैं। एसडीओ (पूर्वी) तुषार कुमार, स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मामले की छानबीन में जुट गई है। मुजफ्फरपुर के अनुमंडल पदाधिकारी (पूर्वी) तुषार कुमार ने बाल आश्रय गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पता चला बच्चे गायब हैं। बताया जा रहा है कि 10 बच्चे आश्रय गृह की दीवार फांदकर या किसी अन्य रास्ते से भागे। प्रशासन की कार्यशैली और आश्रय गृह की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आश्रय गृह के अधीक्षक ने स्थानीय मुसहरी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। मामला मुसहरी थाना क्षेत्र का है। बाल आश्रय गृह के पास एसडीओ पूर्वी के साथ-साथ मुसहरी थाना पुलिस कैंप कर रही है। आश्रय गृह में मौजूद अन्य बच्चों और वहां तैनात कर्मियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि बच्चे किस समय और कैसे फरार हुए। पुलिस जांच कर रही है कि क्या घटना के पीछे किसी बाहरी गिरोह का हाथ है या फिर प्रबंधन की लापरवाही के कारण बच्चे खुद भाग निकले। मुजफ्फरपुर के एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि बच्चों के गायब होने की सूचना मिली है। खोजबीन के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित कर दी गई है। आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही सभी बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा।

### लव-मैरिज पर परिवार ने जिंदा बेटी का किया अंतिम संस्कार

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में एक परिवार ने अपनी जिंदा बेटी को मृत मानकर उसका अंतिम संस्कार किया। इसके लिए युवती का पुतला बनाया गया, अर्थी सजाई गई। चार लोगों ने कंधा देकर अर्थी को श्मशान घाट पहुंचाया, जहां पूरे हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। मामला जिले के मड़वन प्रखंड के जियन खुर्द गांव का है। दरअसल, गांव की युवती ने लव मैरिज की है। जिसके बाद पंचायत ने परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर दिया। दबाव में परिवार ने बेटी को मृत मानकर उसका प्रतीकात्मक दाह संस्कार कर दिया। मामला रविवार का है। करीब एक महीने पहले युवती (20) अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई थी। मामले में परिजनों ने करजा थाने में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पिता ने थाने में दिए आवेदन में घर से अगवा करने का आरोप लगाया था। आवेदन में कहा गया, लड़की घर के दरवाजे पर खड़ी थी, तभी बाइक पर लड़का एक अन्य व्यक्ति के साथ आया और मुंह दबाकर लड़की को उठा ले गया। हमने खदेड़ कर इन्हें पकड़ने की कोशिश भी की थी, लेकिन ये फरार हो गए। वहीं आरोपी के घर जाकर जब बेटी को वापस करने को कहा तो पूरे परिवार ने हमारे साथ गाली-गलौज की। धमकाते हुए कहा, लड़की को वापस नहीं करेंगे, जो करना है कर लो। बाद में पुलिस ने युवती को बरामद कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में युवती ने खुद को बालिग बताते हुए युवक से शादी करने की बात कही और उसके साथ रहने की इच्छा जताई। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि उसके परिजन युवक के परिवार पर दबाव बना रहे हैं। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने युवती को उसकी इच्छानुसार उसके ससुराल भेज दिया गया। युवती के इस फैसले से का एक वर्ग नाराज हो गया। उन्होंने परिवार का 'सामाजिक बहिष्कार' कर दिया। पंचायत स्तर पर कथित तौर पर यह नियम बना दिया गया कि गांव का कोई व्यक्ति उस परिवार से मेल-जोल, खान-पान या सामाजिक संबंध नहीं रखेगा। इतना ही नहीं, जो भी व्यक्ति उस परिवार से संबंध रखेगा, उसके खिलाफ भी सामाजिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। समाज में दोबारा शामिल होने के लिए पंचायत ने एक शर्त रखी कि अगर परिवार अपनी बेटी को हमेशा के लिए मृत मानकर उसका अंतिम संस्कार कर देता है, तभी उन्हें वापस समाज का हिस्सा माना जाएगा।

# कदमकुआं में प्रेमिका के घर मिला प्रेमी का शव

## भाई बोला- कुर्सी पर बैठाकर उसकी मां-बहन ने हाथ पकड़ा, प्रेमिका ने गोली मार दी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के कदमकुआं इलाके में 26 साल के युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। मर्डर का आरोप मृतक की गर्लफ्रेंड, उसकी मां और बहन पर लगा है। मृतक की पहचान 27 साल के राहुल कुमार के रूप में हुई है। राहुल सिटी सेंटर मॉल के VIP शोरूम में स्टोर का मैनेजर था। भाई ने बताया, राहुल की गर्लफ्रेंड ने उसके सिर में गोली मारी है। मर्डर के बाद वो फरार हो गई है। इस हत्या में लड़की की मां-बहन ने भी उसका साथ दिया है। दरअसल, 6 मई को राहुल की सगाई हुई थी, जिससे उसकी प्रेमिका नाराज थी। वो प्रेमी पर लगातार शादी का दबाव बना रही थी। लड़की ने आज राहुल को मिलने के लिए अपने घर बुलाया था। घटना खटाल गली की है।

**भाई बोला- मां-बहन ने हाथ पकड़े, गर्लफ्रेंड ने गोली मारी:** राहुल के बड़े भाई प्रमोद कुमार ने बताया, "राहुल को लड़की ने फोर्स करके कदमकुआं थाने की खटाल गली में



अपने घर पर बुलाया था। वहां बुलाकर उसने कुर्सी पर भाई को बैठाया। भाई का एक हाथ उसकी मां ने पकड़ा और दूसरा बहन ने। इसके बाद गर्लफ्रेंड शीतल ने राहुल की कनपटी पर पिस्टल सटाकर गोली मार दी। गोली मारने के बाद लड़की की बहन ने मुझे खबर दी। मैं भाग-भागकर घर से घटनास्थल पहुंचा। वहां देखा तो मेरा भाई कुर्सी पर मरा पड़ा था। उसके सिर को उसकी प्रेमिका की मां ने पकड़ा था। हाथ उसकी बहन ने पकड़ा था। मेरे भाई का मोबाइल फोन भी गायब है। जिस लड़की ने गोली मारी है, वह भी फरार हो गई है।" लड़के की मां गुड़िया देवी और पिता ललन प्रसाद ने बताया, "आज सुबह घर से राहुल पटना सिटी सेंटर मॉल में ड्यूटी के लिए घर से निकला था। लंच सब कुछ पैक करके दिया था। सैलरी भी उसे मिली थी, जो उसकी जेब में थी। ड्यूटी से ही उसे लड़की ने बुला लिया और हत्या कर दी है।"

**पुलिस मामले की जांच कर रही है:** घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। वारदात के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुटी है। बताया जा रहा कि प्रेम प्रसंग का मामला है। शव को PMCH पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुराहाल है। मौके पर पहुंचकर पुलिस छानबीन में जुट गई है। राहुल और शीतल का 1 साल से अफेयर चल रहा था। प्रेमी की सगाई होने के बाद प्रेमिका उस पर प्रेशर बना रही थी। परिजन के मुताबिक, 1 साल पहले भी राहुल की शादी कोलकाता में तय हुई थी। उस वक्त शीतल ने शादी तुड़वा दी थी।

## पटना में आंधी-बारिश के बाद हंगामा करने वाले 18 गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना में 8 मई को आई तेज आंधी और बारिश के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया था। गर्दनीबाग थाना क्षेत्र में पेड़ गिरने से तीन लोग उसकी चपेट में आ गए थे, जिसमें सभी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

**घायल की मौत के बाद किया था हंगामा:** इलाज के दौरान एक घायल अभय कुमार उर्फ मटरू की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के डोमखाना राज मेडिकल के पास जमकर हंगामा किया।

इस दौरान हंगामा करने वालों पुलिस टीम पर हमला और सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी आरोप लगा। तकरीबन 1 घंटे तक यह पूरा विवाद चलता रहा। इसके बाद पुलिस ने जैसे तैसे कर मामले को शांत कराया।

**पुलिस टीम पर हमला करने वाले 18 अरेस्ट:** मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने फौरन

❑ **पुलिस टीम पर हमले का आरोप, पेड़ गिरने से एक युवक की हुई थी मौत**

कार्रवाई की है। पुलिस ने हंगामा करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और अन्य आरोपियों की पहचान भी की जा रही है।

## डीसीईसीई-2026 परीक्षा 23 और 24 मई को, 14 मई से डाउनलोड होंगे एडमिट कार्ड

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा डीसीईसीई (PE/PM/PMM)-2026 को लेकर अहम सूचना जारी की है। पर्षद की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षा 23 मई और 24 मई 2026 को राज्यभर के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पर्षद ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड 14 मई 2026 से आधिकारिक वेबसाइट BCECEB Official Website पर उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी अपने यूजर आईडी और पासवर्ड की मदद से लॉगिन कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। इस बार परीक्षा को पूरी तरह कदाचारमुक्त बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए जाएंगे, ताकि मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सके। इसके अलावा हर अभ्यर्थी की बायोमेट्रिक जांच की जाएगी, जिसमें फोटो मिलान और थंब इम्प्रेशन लिया जाएगा।

डीसीईसीई-2026 परीक्षा राज्य के 9 जोनों के अंतर्गत 14 जिलों के मुख्यालयों में आयोजित होगी। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर संबंधित जिलों के प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों की निगरानी और अभ्यर्थियों की सुविधा को लेकर भी तैयारी पूरी कर ली गई है।

पर्षद ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय रहते एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लें और उसमें अंकित दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## योजना एवं विकास विभाग की जिम्मेदारी संभालते ही सक्रिय हुए मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा, लंबित बहालियों पर जल्द फैसले के संकेत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग के नए मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने सोमवार को पटना स्थित घंटाघर कार्यालय में विभाग का कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही मंत्री ने विभागीय कार्यों की समीक्षा शुरू कर दी और बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने मंत्री को विभाग की कार्यप्रणाली, विभिन्न योजनाओं, सांख्यिकी गतिविधियों और विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थिति और आगामी कार्ययोजना पर प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

पदभार संभालने के बाद मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने साफ कहा कि विभाग में लंबे समय से लंबित



नियुक्तियों को जल्द पूरा करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि हजारों पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी होने और न्यायालय के निर्देश मिलने के बावजूद अब तक नियुक्तियां लंबित हैं, जिससे बड़ी संख्या में युवा प्रभावित हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि वे लगातार विभागीय गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे और अब जिम्मेदारी मिलने के बाद लंबित मामलों की गहन समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना एवं विकास विभाग राज्य के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिला स्तर पर LAEO-1, LAEO-2 और जिला योजना पदाधिकारियों के माध्यम से योजनाओं का संचालन किया जाता है, इसलिए विभाग को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि सरकार की मंशा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने की है और इसके लिए विभागों को भी तेजी से काम करना होगा। मंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों में रिक्त पदों का आकलन कर शीघ्र बहाली प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को जल्द अवसर मिल सके। मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने यह भी कहा कि विधायिका और कार्यपालिका के बेहतर समन्वय से ही विकास योजनाओं को गति मिलेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जो कार्य अब तक अधूरे रह गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाएगा।

वहीं अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने कहा कि विभाग द्वारा विकास योजनाओं की निगरानी और मूल्यांकन व्यवस्था को तकनीक के माध्यम से और मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचे।

# पटना में खराब सड़क को लेकर भड़के ऑटो चालक, खुसरूपुर में बीच रोड खड़ी किया ऑटो

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना जिले के खुसरूपुर में जर्जर सड़क और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर ऑटो चालकों का गुस्सा फूट पड़ा। स्टेट हाईवे से रेलवे गुमटी तक जाने वाले मेन रोड बेहद खराब है। इससे नाराज चालकों ने बीच सड़क पर ऑटो खड़ी कर जाम लगा दिया। कई घंटों तक चले प्रदर्शन के कारण इलाके में आवाजाही पूरी तरह बाधित रहा।

**हादसे की वजह बन रहे सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे - ऑटो चालक:** प्रदर्शन कर रहे ऑटो चालक अजय कुमार और गोलू ने बताया कि सड़क पिछले 12 वर्षों से जर्जर हालत में है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और उनमें जमा गंदा पानी हादसों को न्योता दे रहा है। उनका कहना है कि जलजमाव के कारण



गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे आए दिन ऑटो और ई-रिक्शा पलट रहे हैं। चालकों ने आरोप लगाया कि खराब सड़क के कारण वाहनों को नुकसान हो रहा है और यात्री भी घायल हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई।

**जनप्रतिनिधियों पर भी नाराजगी:** ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत आने वाली इस सड़क को लेकर स्थानीय लोगों में भी भारी नाराजगी है। स्थानीय निवासी राहुल कुमार ने बताया कि, 'सांसद और क्षेत्रीय विधायक को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी

**स्टेट हाईवे से रेलवे गुमटी तक आवाजही ठप**

हुई है।' ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर आज भी लोग कीचड़ और जलजमाव वाली सड़कों पर चलने को मजबूर हैं।

**स्कूली बच्चों और मरीजों को हुई परेशानी:** सड़क जाम और ई-रिक्शा परिचालन ठप रहने से स्कूली बच्चों, मरीजों और दफ्तर जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग घंटों जाम में फंसे रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक सड़क निर्माण को लेकर कोई ठोस आश्वासन या काम शुरू नहीं होता, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## पटना के मरीन ड्राइव से गंगा नदी में लुढ़की कार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के दीघा थाना क्षेत्र स्थित पाटीपुल घाट पर रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। घाट पर धोने के लिए खड़ी की गई एक कार अचानक लुढ़ककर गंगा नदी में समा गई। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। जानकारी के अनुसार, वाहन मालिक सुबह-सुबह अपनी स्कॉर्पियो लेकर घाट पर पहुंचा था। वह घाट पर गाड़ी खड़ी करके साफ करने के लिए पानी डाल रहा था। इसी दौरान फिसलन की वजह से वाहन धीरे-धीरे घाट की ओर खिसकने लगा। मालिक ने अपने स्तर से गाड़ी को रोकने की काफी कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। फिसलन के चलते कार गंगा नदी में लुढकती चली गई और देखते ही देखते गंगा



नदी में डूब गई।

गनीमत रही कि हादसे के समय गाड़ी के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस हादसे की बात घाट पर काफी भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने गाड़ी को निकालने के लिए अलग-अलग तरकीब लगना शुरू किया, लेकिन गाड़ी नहीं निकल पाई। सूचना मिलने पर दीघा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित किया। घाट किनारे मौजूद लोगों को सुरक्षित दूरी पर हटाया गया।

## बिहार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री नीतीश मिश्रा ने ग्रहण किया पदभार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री के रूप में सोमवार को नीतीश मिश्रा ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पदभार संभालने के बाद मंत्री नीतीश मिश्रा ने राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र को नई दिशा देने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि बिहार में डिजिटल तकनीक, नवाचार और तकनीकी निवेश की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें आगे बढ़ाने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित सेवाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। सरकार तकनीक के माध्यम



से बिहार को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में प्राथमिकता के आधार पर काम करेगी।


मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य बिहार को सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल करना है। इसके लिए तकनीकी निवेश को आकर्षित करने और युवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## अवर निबंधक अमरेंद्र कुमार से ईओयू की पूछताछ जारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। आर्थिक अपराध इकाई (EOU) ने सुपौल के जिला अवर निबंधक अमरेंद्र कुमार से आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में पूछताछ जारी है। उन्हें सोमवार को EOU मुख्यालय में उपस्थित होने का नोटिस जारी किया गया था। इस मामले में उनके निजी चालक को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। सूत्रों के अनुसार, EOU विशेष रूप से संपत्तियों के स्रोत, बैंकिंग गतिविधियों, नकदी के उपयोग और करीबी लोगों के नाम पर की गई खरीदारी से जुड़े सवाल पूछ सकती है। जांच एजेंसी को इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और वित्तीय लेनदेन से जुड़े तथ्य सामने आने की उम्मीद है। इससे पहले 6 मई को EOU ने अमरेंद्र कुमार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सुपौल और पटना स्थित उनके पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी।

**पूछताछ में जवाबों, दस्तावेजों के आधार पर होगी कार्रवाई:** जानकारी के मुताबिक, एजेंसी के पास कई अहम जानकारियां और प्राथमिक साक्ष्य मौजूद हैं। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के दौरान प्राप्त जवाबों और दस्तावेजों



के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। EOU सूत्रों के अनुसार, यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो मामले में कानूनी कार्रवाई और तेज हो सकती है। EOU पहले से ही अमरेंद्र कुमार से जुड़े कई आर्थिक पहलुओं की जांच कर रही थी। सीधे पूछताछ के लिए बुलाए जाना मामले में नया मोड़ माना जा रहा है। मामले में निजी चालक को नोटिस दिए जाने को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी को शक है कि चालक कई अहम गतिविधियों और वित्तीय लेनदेन की जानकारी रखता हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, EOU यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अमरेंद्र कुमार की संपत्तियों के संचालन, नकदी के आवागमन या अन्य संदिग्ध गतिविधियों में चालक की कोई भूमिका रही है या नहीं। जांच एजेंसियां अक्सर ऐसे मामलों में करीबी कर्मचारियों और सहयोगियों से पूछताछ कर आर्थिक गतिविधियों की कड़ियां जोड़ने का प्रयास करती हैं। चालक से यात्रा विवरण, विभिन्न स्थानों पर आवाजाही, संपत्तियों के उपयोग और अन्य संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े सवाल पूछे जा सकते हैं। EOU की जांच फिलहाल अमरेंद्र कुमार की कथित बेनामी संपत्तियों और आर्थिक लेनदेन पर केंद्रित है। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान कई जमीन, फ्लैट, बैंक खाते और निवेश से जुड़े दस्तावेज एजेंसी के रडार पर आए हैं। परिवार और करीबी लोगों के नाम पर संपत्ति खरीदने के पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# विष्णुगढ़ बच्ची हत्या मामला: हाई कोर्ट जांच पूरी होने का करेगा इंतज़ार, जून में अगली सुनवाई

**एजेंसी। रांची**

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय बच्ची की हत्या के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने सोमवार को सुनवाई करते हुए कहा कि वह पुलिस अनुसंधान पूरा होने का इंतजार करेगी। इसके बाद ही मामले में आगे की सुनवाई की जाएगी। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई जून माह में निर्धारित की है। यह सुनवाई न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। राज्य सरकार की ओर से अदालत के समक्ष केस डायरी, एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) जांच रिपोर्ट और बच्ची की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अदालत ने इन सभी दस्तावेजों का अवलोकन किया और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच की प्रगति पर नजर बनाए रखने की बात कही।




इस घटना को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया था। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को एफएसएल रिपोर्ट और मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, जिसे सोमवार को अदालत के समक्ष सौंपा गया। दरअसल, यह मामला विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 42/2026 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में मृत बच्ची की मां रेशमी देवी और भीम राम सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में यह आरोप सामने आया है कि तंत्र-मंत्र और अंधविश्वास के कारण बच्ची की हत्या की गई। पुलिस के अनुसार, बच्ची की मां ने हत्या में मुख्य भूमिका निभाई, जबकि भीम राम ने उसका सहयोग किया। मामले की पहली सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष यह तथ्य रखा गया था कि घटना की प्रकृति दिल्ली के चर्चित निर्भया कांड जैसी है। बताया गया कि बच्ची के निजी अंगों के साथ भी अमानवीय व्यवहार किया गया। इस पर अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। सुनवाई के दौरान घटना से संबंधित समाचार पत्रों की कटिंग अदालत में प्रस्तुत की गई थी। अदालत ने मामले को अत्यंत गंभीर मानते हुए तत्काल झालसा सचिव और हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को वर्चुअल माध्यम से तलब किया था। अदालत को बताया गया था कि बच्ची के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना 24 मार्च को हुई थी तथा 25 मार्च को प्राथमिकी दर्ज की गई। सुनवाई के दौरान अदालत ने वर्चुअल रूप से उपस्थित हजारीबाग के एसपी से पूछा था कि मामले में अब तक क्या जांच हुई है और क्या वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान किया गया है। इस पर एसपी ने अदालत को बताया था कि जांच जारी है और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपितों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस जवाब पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि घटना के छह दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। खंडपीठ ने यह भी पूछा था कि बच्ची के कपड़े और अन्य साक्ष्य फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं या नहीं। अदालत ने टिप्पणी की थी कि फॉरेंसिक जांच में पांच दिन की देरी से साक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं। सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी कहा था कि यदि समाचार पत्रों के माध्यम से यह घटना सामने नहीं आती, तो संभवतः न्यायालय को इसकी जानकारी भी नहीं मिल पाती। अदालत ने इस टिप्पणी के जरिए मामले में प्रशासनिक सतर्कता और पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए थे।

## जेएसएससी शिक्षक नियुक्ति मामला: हाई कोर्ट में सरकार और आयोग की अपील पर 10 जून को होगी सुनवाई

**एजेंसी। रांची**




स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2016 नियुक्ति मामले में मीना कुमारी से जुड़ी याचिका पर राज्य सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से दायर अपील (एलपीए) पर झारखंड उच्च न्यायालय में अब 10 जून को सुनवाई होगी। सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान सरकार और जेएसएससी की ओर से अपील पर शीघ्र सुनवाई करने का आग्रह किया गया। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने उच्च न्यायालय में पक्ष रखा। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ को बताया कि इस मामले में उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने अपने मूल आदेश में संशोधन कर दिया है, जबकि उस आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई पहले से लंबित है। खंडपीठ को यह भी बताया गया कि एकल पीठ ने अपने संशोधित आदेश में फैक्ट फाइंडिंग कमीशन के नए अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की नियुक्ति की है। इसके बाद फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने मामले की सुनवाई भी शुरू कर दी है। जेएसएससी और राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि जब इस मामले से संबंधित अपील खंडपीठ में लंबित है, तब समानांतर रूप से फैक्ट फाइंडिंग कमीशन में सुनवाई जारी रखना उचित नहीं है। उच्च न्यायालय के ग्रीष्मावकाश के दौरान भी फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने 16 मई को अगली सुनवाई निर्धारित की है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 10 जून को तय की है। इसी बीच, डोरंडा स्थित पुराने उच्च न्यायालय भवन में वन मैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान सरकार और जेएसएससी की ओर से मांगे गए दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। हालांकि कुछ दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी न्यायालय के समक्ष पेश की गई, लेकिन कमीशन ने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने सरकार और जेएसएससी को अंतिम अवसर देते हुए निर्देश दिया कि मांगे गए दस्तावेज 16 मई से पहले शपथ पत्र के साथ दाखिल किए जाएं। सुनवाई के दौरान माध्यमिक शिक्षा निदेशक और जेएसएससी के उपसचिव बशीर अहमद भी न्यायालय में उपस्थित रहे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शेखर प्रसाद गुप्ता, अमृतांश वत्स सहित अन्य अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा।

## संक्षिप्त समाचार

### जमशेदपुर में तेज रफ्तार ट्रेलर ने महिला को कुचला, चालक वाहन छोड़कर फरार




**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित आकाशदीप प्लाजा के समीप सोमवार को सड़क किनारे पैदल जा रही एक महिला को तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग तुरंत सहायता के लिए दौड़ पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर काफी तेज गति में था और चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। लोगों का कहना है कि चालक ने महिला को टक्कर मारने के बाद वाहन रोकने की बजाय कुछ दूरी तक ट्रेलर को आगे बढ़ाया। हालांकि, घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुटती देख चालक ट्रेलर को बीच सड़क पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए इलाके में यातायात भी प्रभावित रहा और सड़क पर लंबा जाम लग गया। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुट गई है। इसके लिए घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि चालक की पहचान की जा सके। साथ ही ट्रेलर के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर वाहन मालिक का भी पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने माना है कि हादसा तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही के कारण हुआ। पुलिस ने जल्द आरोपित चालक को गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया है।

### बारातियों को लेकर लौट रही पिकअप पलटा , दो की मौत



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र के उंधन गांव के पास सोमवार तड़के एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब बारात से लौट रही बारातियों से भरी एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। मृतकों की पहचान बारंगा गांव निवासी 12 वर्षीय रोहन गोप और गोपीपुर गांव निवासी 25 वर्षीय दशरथ सरदार के रूप में हुई है। वहीं हादसे में घायल लोगों में गोपीपुर गांव के सूरज महतो (22), शिशुपाल मोदी (26), राहुल गोप (20), बारंगा गांव के गोपी मोदी (18), सौरभ लोहार (16) तथा मेदासाई गांव निवासी सुरेश गोप (48) शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन (जेएच-06सी/7345) बारंगा गांव से बारातियों को लेकर आनंदपुर प्रखंड के समीज गांव गया था। शादी समारोह संपन्न होने के बाद सभी लोग देर रात वापस लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि वाहन में बारातियों के साथ साउंड सिस्टम का सामान भी लदा हुआ था, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर मनोहरपुर थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन पर अत्यधिक भार हादसे की वजह मानी जा रही है।

### पानी-बिजली कनेक्शन को लेकर विधायक प्रतिनिधि ने टाटा लैंड विभाग के रीजनल मैनेजर से की मुलाकात



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर के सोनारी, कदमा, बिष्टुपुर और साकची स्थित टाटा लीज एरिया में रहने वाले लोगों को पानी और बिजली कनेक्शन लेने में हो रही परेशानियों को लेकर सोमवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा ने टाटा लैंड विभाग के रीजनल मैनेजर प्रवीण कुमार से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के निवासियों से जुड़ी कई समस्याओं को विस्तार से रखा गया और उनके त्वरित समाधान की मांग की। मुकुल मिश्रा ने कहा कि टाटा लीज एरिया में रहने वाले बड़ी संख्या में लोगों ने पानी और बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन जमा किए हैं, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बावजूद उन्हें अब तक सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण आम नागरिकों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने टाटा लैंड प्रबंधन से आग्रह किया कि लंबित आवेदनों की शीघ्र समीक्षा कर योग्य आवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर पानी और बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। बैठक के दौरान टाटा लैंड के आरएम प्रवीण कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि लंबित मामलों की समीक्षा की जाएगी और जल्द ही समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रयास किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में शीतल खुल्लर, विनोद सिंह, काजल चौधरी और अशोक सिंह भी शामिल थे। बैठक में क्षेत्र की नागरिक सुविधाओं, भवन निर्माण प्रक्रिया और लीज एरिया से जुड़ी अन्य समस्याओं पर भी चर्चा हुई।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर सुरेंद्रनाथ सेनटेनरी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया एचईसी का शैक्षणिक भ्रमण

**एजेंसी। रांची**



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर सुरेंद्रनाथ सेनटेनरी स्कूल की कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने सोमवार को हेवी इंजीनियर्स कॉर्पोरेशन (एचईसी) का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने औद्योगिक मशीनों और उत्पादन प्रक्रिया को करीब से समझा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक धीरज कुमार और शिक्षिका शिल्पी कुमारी के नेतृत्व में भ्रमण में भाग लिया। शिक्षक धीरज कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को एचएमबीपी प्लांट का अवलोकन कराया गया, जहां उन्होंने विभिन्न औद्योगिक मशीनों और उनकी कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा एवं समझा। वहीं, शिक्षिका शिल्पी कुमारी ने जानकारी दी कि छात्रों को शीयरिंग मशीन, सीएनसी मशीन, फर्नेस, ड्रिलिंग मशीन, वेल्डिंग यूनिट, हाइड्रोलिक प्रेस और लेथ मशीन जैसी आधुनिक मशीनों के संचालन एवं उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। भ्रमण के दौरान एचईसी के अभियंताओं और तकनीकी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मशीनों की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया तथा औद्योगिक सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं। तकनीकी गतिविधियों को देखकर विद्यार्थियों ने उत्साह व्यक्त किया और विशेषज्ञों से कई जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए बेहद ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ। इससे छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक पक्ष को समझने के साथ-साथ औद्योगिक वातावरण से परिचित होने का अवसर मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और एचईसी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वायरल वीडियो मामले में धनबाद एसएसपी हाई कोर्ट में पेश, जांच तेज करने का निर्देश

**एजेंसी। रांची**






झारखंड उच्च न्यायालय ने वायरल वीडियो मामले में धनबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया है। सोमवार को एक क्रिमिनल अपील की सुनवाई के दौरान न्यायालय के आदेश के आलोक में धनबाद एसएसपी सशरीर अदालत में उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान एसएसपी की ओर से अदालत को बताया गया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर ली गई है। इसके बाद न्यायालय ने उनका पक्ष सुनते हुए अगली सुनवाई में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्रदान कर दी। मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 जून की तिथि निर्धारित की गई है। यह सुनवाई न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की खंडपीठ में हुई। अदालत ने एसएसपी को निर्देश दिया कि मामले की जांच में तेजी लाई जाए और अगली सुनवाई के दौरान विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की जाए। अपीलकर्ता की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष यह तथ्य भी आया कि युवती का वायरल वीडियो झारखंड के बजाय गुजरात से प्रसारित हुआ था। इस पर न्यायालय ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस को वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद उसे हटाने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए थे। दरअसल, इस मामले में अपीलकर्ता रवि साव को पूर्व में जमानत मिल चुकी है। इसके बाद पीड़िता ने उनकी जमानत रद्द करने के लिए याचिका दायर की। पीड़िता का आरोप है कि जमानत पर रिहा होने के बाद भी अपीलकर्ता ने अवैध गतिविधियों को जारी रखा। इस संबंध में उसने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। युवती का कहना है कि उसी क्रम में उसका वीडियो वायरल हुआ। अदालत के समक्ष यह भी बताया गया कि शिकायत में संज्ञेय अपराध का स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद पुलिस ने प्रारंभ में एफआईआर दर्ज नहीं की थी। इस पर उच्च न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जताते हुए पूछा था कि जब शिकायत में संज्ञेय अपराध का स्पष्ट खुलासा हो रहा था, तब एफआईआर दर्ज करने में देरी क्यों की गई।

## विधायक जगत माझी ने किया ज्ञान केंद्र का उद्घाटन



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी ने सोमवार को गोविंदपुर पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को किताबों से दोस्ती करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र होती हैं और पुस्तकालय में समय बिताने वाले विद्यार्थियों को जीवन में सफलता जरूर मिलती है। उद्घाटन के बाद विधायक ने ज्ञान केंद्र में बने कंप्यूटर कक्ष और लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबों के साथ महापुरुषों की जीवनी और प्रेरणादायक साहित्य उपलब्ध कराया गया है, जिससे छात्रों को पढ़ाई में मदद मिलेगी। जगत माझी ने कहा कि यदि ज्ञान केंद्र में और पुस्तकों की जरूरत होगी तो सूची उपलब्ध कराने पर उनकी व्यवस्था कराई जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र-छात्राओं ने परेड कर विधायक का स्वागत किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ उरांव, मुखिया अमर सिंह सामाड, पंचायत सचिव मानस कुमार त्रिपाठी, समाजसेवी किशोर दास, चिरंजीवी प्रधान, रंजीता प्रधान, प्रेमचंद प्रमाणिक सहित कई ग्रामीण और शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# गुवा सेल खदान में रोजगार को लेकर अनिश्चितकालीन चक्का जाम





**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिले की गुवा लौह अयस्क खदान में स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग को लेकर सोमवार तड़के शुरू हुआ अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। मानकी सुरेश चांपिया के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में खदान प्रभावित कई गांवों के मुंडा, मानकी, मुखिया और ग्रामीण शामिल हैं। आंदोलनकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक सेल प्रबंधन 500 स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार देने पर लिखित समझौता नहीं करता, तब तक खदान का संचालन पूरी तरह बाधित रहेगा। वहीं बड़ी संख्या में सीआईएसएफ के जवानों को तैनात किया गया है। ग्रामीणों ने गुवा खदान के मेन गेट, क्रशिंग प्लांट, लोडिंग प्वाइंट और रांजाबुरु क्षेत्र में आवाजाही रोक दी है। आंदोलन के कारण लौह अयस्क परिवहन और उत्पादन पर असर पड़ने लगा है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि खदान विस्तार और खनन गतिविधियों के कारण उनकी जमीन, जंगल और जल स्रोत प्रभावित हुए हैं, लेकिन बदले में स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिला। काशिया पेचा गांव के मंगता सुरीन ने कहा कि वर्षों से ग्रामीण प्रदूषण, विस्थापन और बेरोजगारी झेल रहे हैं, इसलिए अब वे सिर्फ आश्वासन नहीं बल्कि स्थायी रोजगार चाहते हैं। ग्रामीणों ने कारो नदी में बह रहे कथित प्रदूषित "लाल पानी" का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि खदान से निकलने वाला गंदा पानी खेतों और जल स्रोतों को नुकसान पहुंचा रहा है।

# सेवानिवृत्त टाटा स्टील कर्मी ने की पत्नी, बेटे और गर्भवती बेटी की हत्या

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



सिदगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एग्रिको रोड नंबर-2 स्थित क्वार्टर संख्या एल5/13 में सोमवार सुबह हुए तिहरे हत्याकांड ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या के बाद इलाके में दहशत और मातम का माहौल है। मामले में पुलिस ने घर के मुखिया और टाटा स्टील के सेवानिवृत्त कर्मचारी रविन्द्र प्रसाद सिंह को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित ने रविवार रात अपनी पत्नी, बेटे और बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह स्वयं रविन्द्र प्रसाद सिंह ने डायल-100 पर फोन कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही सिदगोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घर के भीतर से तीन शव बरामद किए। मृतकों की पहचान पत्नी सरिता सिंह (55), पुत्र रविशेक कुमार (30) और पुत्री सुप्रिया सिंह (31) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुप्रिया सिंह विवाहित थी और गर्भवती भी थी। घटना की खबर फैलते ही एग्रिको इलाके में भारी भीड़ जुट गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि रविन्द्र प्रसाद सिंह इसी वर्ष फरवरी माह में टाटा स्टील से सेवानिवृत्त हुए थे। रिटायरमेंट के बाद से परिवार में लगातार विवाद और तनाव की स्थिति बनी हुई थी। हालांकि हत्या के पीछे की वास्तविक वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया, जिसने घर के भीतर से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। ऐसे पॉश और शांत माने जाने वाले इलाके में एक साथ तीन हत्याओं की घटना से स्थानीय लोग स्तब्ध हैं। घटना की सूचना मिलते ही जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू और सिटी एसपी ललित मीणा सिदगोड़ा थाना प्रभारी फ़ैज़ अहमद समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित से लगातार पूछताछ की जा रही है। आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही हत्या के कारणों को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

**कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू**

Tender ________________ Date ________________

**अल्प कालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अन्तर्गत जन औषधि केन्द्र के संचालन हेतु पलामू जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मनातू/पाटन/लेस्लीगंज/चैनपुर के लिए एजेंसी का चयन निविदा के माध्यम से किया जाना है।

Request For Proposal Document (RFP) के शर्तों के अनुसार जन औषधि केन्द्र के संचालन हेतु पंजीकृत एजेंसी से निविदा दिनांक–26/05/2026 के अपराह्न 1:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | निविदा से संबंधित तिथि आदि। |
|---|---|---|
| 1 | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि। | 12/05/2026 |
| 2 | Pre-Bid Conference | 20/05/2026 के अपराह्न 1:00 बजे सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू। |
| 3 | ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 26/05/2026 के अपराह्न 1:00 P.M |
| 4 | ई–निविदा खोलने का समय | 28/05/2026 at 3:00 P.M |
| 5 | Bid Security (Non-Refundable) की राशि जो District Health Society (Jan Aushadhi), Palamu Payable at Palamu के नाम से देय होगा। केवल बैंक डीडी मान्य। | 5,000.00 (Five Thousand) only. |
| 6 | Bid Security (Refundable) की राशि जो District Rural Health Society (Janaushadhi), Palamu के नाम से देय होगा। केवल बैंक डीडी मान्य। | Rs. 50,000.00, (Rs. Fifty Thousand) Only for Each of the CHC. |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 8210173338 |
| 9 | हेल्पलाइन निविदा से संबंधित दूरभाष संख्या | 9142363737 |
| 10 | निविदा शुल्क एवं Bid Security का DD (Hard Copy)/Bank Guarantee कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 12/05/2026 to 26/05/2026 up to 01.00 pm |
| Further details can be seen on website www.palamu.nic.in | | |
| Civil Surgeon Cum CMO, Palamu - E-mail Add. cspalamu@gmail.com | | |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, का तकनीकी भाग खोलते / मूल्यांकन के समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदा में किसी प्रकार के कोरिजेन्डम www.palamu.nic.in पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 379488 District(26-27)#D

## संक्षिप्त समाचार

### 700 में 699 नंबर लाकर अनमोल बनीं हिमाचल टॉपर

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आखिरकार 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। धर्मशाला



स्थित बोर्ड मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा ने नतीजों का ऐलान किया। इस बार का रिजल्ट कई मायनों में खास रहा, क्योंकि पास प्रतिशत में बढ़ोतरी दर्ज की गई और मेरिट लिस्ट में लड़कियों का दबदबा एक बार फिर साफ दिखाई दिया। इस साल कुल 83.87% छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं। बोर्ड के मुताबिक 93 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। रिजल्ट आते ही पूरे हिमाचल में खुशी का माहौल बन गया, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा कांगड़ा जिले की छात्रा अनमोल की हो रही है, जिन्होंने लगभग परफेक्ट स्कोर हासिल कर इतिहास रच दिया। कांगड़ा जिले के पाहड़ा स्थित ए.वी.एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा अनमोल ने 700 में 699 अंक हासिल किए। उनका प्रतिशत 99.86% रहा, जो इस साल पूरे हिमाचल में सबसे ज्यादा है। जैसे ही रिजल्ट घोषित हुआ, स्कूल में जश्न शुरू हो गया। अनमोल की इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे जिले को गर्व महसूस कराया। इतने शानदार नंबरों ने उन्हें पूरे प्रदेश की टॉपर बना दिया। दूसरे स्थान पर तीन छात्रों ने मारी बाजी इस बार दूसरे स्थान पर एक नहीं बल्कि तीन छात्र रहे। तीनों ने 698 अंक हासिल किए और उनका प्रतिशत 99.71% रहा। इनमें शामिल हैं – अभिषेक मेहता, ऊना, पूर्णिमा शर्मा, बिलासपुर. रूहानी धीमान, ऊना। दिलचस्प बात यह रही कि ऊना जिले के दो छात्रों ने टॉप-2 में जगह बनाई।

### 75 साल का इंतजार खत्म: अब चिरमिरी के हर वार्ड में पहुंचेगी सरकारी बिजली

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के चिरमिरी शहर में



दशकों पुरानी बिजली समस्या अब खत्म होने जा रही है। आजादी के बाद से एसईसीएल क्षेत्र के आसपास रहने वाले हजारों परिवार अब तक सरकारी बिजली सुविधा से वंचित थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत शहर के सभी वार्डों तक सरकारी बिजली पहुंचाने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य शासन ने इस परियोजना के लिए 53.08 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। पुराने बजट की शेष राशि को जोड़कर कुल 53.57 करोड़ रुपये से वर्ष 2026-27 में विद्युत अधोसंरचना विकास कार्य शुरू किया जाएगा। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का नेटवर्क चिरमिरी के सभी वार्डों तक विस्तार किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, लंबे समय से एसईसीएल क्षेत्र के निवासी खदानों की बिजली व्यवस्था पर निर्भर थे। बिजली कटौती और अस्थिर सप्लाई के कारण लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब सरकारी बिजली पहुंचने से हजारों परिवारों को स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिसंबर 2024 में मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर दौरे के दौरान नगर निगम चिरमिरी में सरकारी बिजली आपूर्ति शुरू करने की घोषणा की थी।

# एक घर में दो पति तो सिंगल फैमिली, दो पत्नियां हुईं तो डबल परिवार; जनगणना फॉर्म में चौंकाने वाले सवाल

**लखनऊ, एजेंसी।** जनगणना के लिए भरे जाने वाले फॉर्म में कई सवाल और सही विकल्प अचरज भरे हैं। 34 सवालों में से एक सवाल यह भी है कि आपकी पत्नी कितनी हैं? अगर पत्नी दो होंगी तो 'डबल फैमिली' यानी दो दंपति का विकल्प भरना होगा। अगर एक महिला के दो पति हों तो 'सिंगल फैमिली' यानी एक दंपति माना जाएगा।

हकीकत यह है कि किसी भी परिवार में दंपति की गणना पत्नी की संख्या से ही निर्धारित होगी। जितनी पत्नियां, उतने ही दंपति। परिवार में दादा-दादी, पिता-माता और पुत्र-बहू हों तो इसका मतलब यह नहीं कि मुखिया वही होगा जो बड़ा होगा। यानी जरूरी नहीं है कि दादा या पिता ही मुखिया हों, कोई भी हो सकता है। परिवार के सदस्य जिसे मुखिया बताएंगे, वही फॉर्म में भरा जाएगा। जनगणना के लिए फॉर्म पूरी स्टडी से तैयार किया गया है। परिवार में चाहे जितने पुरुष और चाहे जितने उम्रदराज लोग हों, उन्होंने कहा कि बहू, पत्नी, दादी या पुत्री मुखिया है तो उसका ही नाम भरा जाएगा। परिवार की मुखिया उस परिवार की कोई भी महिला हो सकती है। मुखिया के लिए उम्र की सीमा नहीं है। फील्ड ट्रेनर (जनगणना) श्रवण जायसवाल ने बताया कि जनगणना लोग खुद भी कर



सकते हैं। ह्यद्द.ष्द्गठ्ठह्यह्वह्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर फॉर्म में हर सवाल के नीचे विकल्प हैं। सिर्फ आवासीय गणना होगी। टीम सत्यापन करने मौके पर जाएगी।

**खास-खास बातें:** नौकर घर में साथ या आपके किचेन से भोजन कर रहा हो तो उसे परिवार का सदस्य माना जाएगा। फॉर्म में उसे भी अंकित करना होगा। चार दोस्त साथ कमरे में रहते हैं तो परिवार माने जाएंगे। उस परिवार का मुखिया कोई भी दोस्त हो सकता है।

किसी दुकान में कोई परिवार सो रहा हो तो उसे कमरा या घर नहीं माना जाएगा। कमरे के आगे शून्य अंकित किया जाएगा। बरामदा, गैलरी छज्जा भी कमरा नहीं होगा। परिवार को सोने के लिए कमरा ही जरूरी माना गया है। इससे आवासीय गणना भी जाएगी। यह पता चल सकेगा कि कितने परिवारों के पास कमरा नहीं है। जनगणना फॉर्म के 34 सवालों में से एक यह भी है। पत्नी से तय की जाएगी घर में दंपति की गणना।

## नोएडा वालों ने शराब और प्रॉपर्टी पर लुटाए अरबों रुपये, फिर भी सरकार का खजाना खाली

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** इस बार जिले के लोगों ने शराब और प्रॉपर्टी पर जमकर पैसा खर्च किया है। लिहाजा स्टांप और आबकारी विभाग ने पिछले साल और अन्य विभागों के मुकाबले ज्यादा कमाई की है। स्टांप विभाग ने जहां 5,180 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 4,570 करोड़ राजस्व वसूले हैं, वहीं आबकारी विभाग ने 2506 करोड़ के लक्ष्य की तुलना में 2,413 करोड़ रुपये की कमाई की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के मुकाबले इस बार गौतमबुद्ध नगर की राजस्व वसूली 10.55 प्रतिशत गिरी है। प्रशासन को 26,876 करोड़ राजस्व मिला है। इसमें मंडी समिति और आबकारी विभाग पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले जिले की राजस्व वसूली में 10.55 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है। भू-राजस्व विभाग सबसे फिसड्डी रहा है। भू-राजस्व विभाग लक्ष्य का 3.41 प्रतिशत ही हासिल कर सका। हालांकि 2024-25 में यह प्राप्ति 2.81 प्रतिशत ही रही थी। प्रदेश सरकार हर साल जिला प्रशासन को राजस्व वसूली का लक्ष्य देती है। 2025-26 में जिले को 36,360 करोड़ का लक्ष्य मिला था लेकिन सभी विभाग मिलकर 80 प्रतिशत भी राजस्व जमा नहीं कर सके। लक्ष्य का 73.92 प्रतिशत ही मिला है।

# अहमदाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4.19 करोड़ रुपए की जब्त शराब नष्ट

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस ने धंधुका, धोलेरा और बागोदरा पुलिस स्टेशनों में दर्ज शराबबंदी से जुड़े मामलों के सिलसिले में जब्त की गई 4.19 करोड़ रुपए की विदेशी शराब



की 93,426 बोतलें और बीयर के टिन नष्ट कर दिए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। जब्त किए गए स्टॉक को नष्ट करने के लिए अदालत से अनुमति मिलने के बाद, यह अभियान धंधुका-बारवाला रोड पर स्थित धंधुका नगरपालिका ठोस अपशिष्ट निपटान केंद्र और एमआरएफ केंद्र में सुबह 9 बजे से दोपहर 1.30 बजे के बीच चलाया गया। अधिकारियों के अनुसार, शराब और बीयर की ये खेपें अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस के धंधुका संभाग के अंतर्गत आने वाले तीन पुलिस थानों में वर्ष 2025 और 2026 के दौरान दर्ज किए गए विभिन्न निषेध मामलों में जब्त की गई थीं। यह कार्रवाई धांधुका डिवीजन की प्रभारी डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस आस्था राणा की देखरेख में की गई। यह कार्रवाई शराबबंदी से जुड़े मामलों में जब्त की गई 'इंडियन मेड फॉरेन लिकर' (आईएमएफएल) के निपटारे से जुड़े निर्देशों के अनुसार की गई।

शराब नष्ट करने की इस प्रक्रिया के दौरान असिस्टेंट कलेक्टर विद्या सागर, धोलका के डिप्टी कलेक्टर जोशी, आबकारी विभाग के अधिकारी, पुलिसकर्मी और पंच गवाह मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया कानूनी नियमों के अनुसार ही पूरी की गई। यह कार्रवाई अहमदाबाद जिले और गुजरात के अन्य हिस्सों में जारी शराबबंदी लागू करने के अभियानों के बीच हुई है। इस साल की शुरुआत में राज्य विधानसभा में गुजरात सरकार द्वारा पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, अहमदाबाद में कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने 2025 के दौरान 10.71 करोड़ रुपए की 'इंडियन मेड फॉरेन लिकर' (आईएमएफएल) और 3.87 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जब्त किए। स्थानीय निकाय चुनावों से पहले हाल ही में चलाए गए एक और अभियान में अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस ने बताया कि इस साल 1 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच उसने लगभग 97 लाख रुपए की 16,976 बोतलें 'इंडियन मेड फॉरेन लिकर' (आईएमएफएल) और 10 लाख रुपए से ज्यादा की देसी शराब जब्त की है। साथ ही, शराबबंदी से जुड़े 870 मामले भी दर्ज किए हैं। शराबबंदी से जुड़ी कई बड़ी कार्रवाइयों की भी जानकारी दी है। इनमें उन शराब की खेपों को जब्त करना भी शामिल है, जिन्हें कथित तौर पर माल ढोने वाले वाहनों और शराब की अवैध बिक्री से जुड़े अंतर-राज्यीय सप्लाई नेटवर्क के जरिए गुजरात में तस्करी करके लाया गया था।

# नीतीश के जन्म स्थान बख्तियारपुर का नाम बदलने की तैयारी में सम्राट सरकार

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना जिले में स्थित बख्तियारपुर का नाम बदलने की चर्चाओं से सियासत गर्मा गई है। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी लालू एवं तेजस्वी यादव के राष्ट्रीय जनता दल ने दावा किया है कि सम्राट सरकार बख्तियारपुर का नाम बदलने की तैयारी में है। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से जुड़ी निशानियों को चुन-चुनकर मिटाया जा रहा है। बता दें कि बख्तियारपुर पूर्व सीएम नीतीश कुमार का जन्म स्थान है और इस जगह से उनका गहरा जुड़ाव है। रविवार को कहा, 'भाजपा के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सत्ता की कुर्सी हथियाते ही अपना संकल्प पूरा करना शुरू कर दिया है। नीतीश कुमार जी को सत्ता से बेदखल करने के बाद




अब बिहार से उनकी हर निशानी को चुन-चुनकर मिटाया जा रहा है। सीतामढ़ी राजकीय मेडिकल कॉलेज और जैविक उद्यान का नाम बदला जा चुका है, और अब उनके अपने गृह क्षेत्र बख्तियारपुर का नाम भी बदलने की पूरी तैयारी कर ली गई है। ' आरजेडी नेता ने आरोप लगाया कि सम्राट सरकार अब सिर्फ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा पर चलेगी। उन्होंने कहा, 'सत्ता से बेदखल होने के बाद जदयू के नेता अब चाहे जितनी छटपटाहट दिखा लें, भाजपा को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला।

## वैश्विक युद्ध के बीच सुरक्षित है भारत की ऊर्जा सप्लाई, देवेंद्र फडणवीस ने पीएम मोदी के बयान का किया समर्थन



**नागपुर , एजेंसी।** पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसी स्थितियों के बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वैश्विक तेल और गैस संकट पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। नागपुर में मीडिया से बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि दुनिया के बड़े देशों के बीच चल रहे इस संघर्ष का सीधा असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति के कारण भारत अब तक इसके बड़े प्रभाव से सुरक्षित रहा है। देवेंद्र फडणवीस ने वैश्विक परिदृश्य की तुलना करते हुए कहा कि युद्ध के कारण दुनिया भर में तेल और गैस की भारी कमी हो गई है। उन्होंने कहा, हमारे पड़ोसी देश इस समय ऊर्जा की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं और वहां कीमतें आसमान छू रही हैं।

# तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनते ही टीवीके चीफ विजय ने एक सीट से दिया इस्तीफा

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को हुए चुनाव में दो सीट से जीत दर्ज करने वाले मुख्यमंत्री विजय ने तिरुचिरापल्ली पूर्वी सीट से इस्तीफा दिया। उन्होंने पेरम्बूर सीट बरकरार रखी है। टीवीके चीफ विजय ने रविवार सुबह मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। इस विधानसभा चुनाव में टीवीके को विजय की दो सीटें मिलाकर कुल 108 सीटें मिली थीं, लेकिन अब एक सीट छोड़ने की वजह से पार्टी की कुल संख्या घटकर 107 हो गई है।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने से पहले, विजय ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसमें कहा गया कि उन्होंने पत्र मंत्रियों के.ए. सेंगोट्टैयन और पी. वेंकटरमन के माध्यम से विधानसभा के प्रमुख सचिव के. श्रीनिवासन को भिजवाया।

इससे पहले, विजय ने रविवार को कहा कि वे अपनी सरकार में एकमात्र सत्ता का केंद्र होंगे और उन्होंने खुद को साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले एक आम आदमी के रूप में पेश करने की कोशिश की। विजय ने कहा कि वह गरीबी और भूख से भलीभांति परिचित हैं, क्योंकि उनका जन्म एक साधारण सहायक फिल्म निर्देशक के पुत्र के रूप में हुआ था, जो कड़ी मेहनत करके सिनेमा जगत में सफलता प्राप्त करना चाहता था। मुख्यमंत्री ने अपने पहले भाषण में



आश्वासन दिया कि उनके शासन में सत्ता का एकमात्र केंद्र वह स्वयं होंगे।

उन्होंने कहा, 'यहां केवल एक ही केंद्र है, मेरे नेतृत्व वाला केंद्र। इस तरफ एक केंद्र, उस तरफ एक सत्ता केंद्र, वहां एक और सत्ता केंद्र - इनमें से कुछ भी मौजूद नहीं है, मैं अभी आपको बता रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं किसी शाही वंश से नहीं आता, मैं आप जैसा ही हूं और आप में से एक हूं, आपके परिवार का एक सदस्य हूं।' उन्होंने कहा कि वे वास्तव में खुद को उनमें से एक, उनका बेटा या भाई जैसा महसूस कर रहे हैं।

**राहुल गांधी की मौजूदगी में विजय ने ली शपथ:** विजय ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में रविवार को यहां रंगारंग समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और इसी के साथ ही इस दक्षिणी राज्य में 60 साल में पहली बार द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से इतर किसी दल की सरकार बनी। शपथ ग्रहण के बाद विजय ने पारदर्शी शासन का वादा करते हुए कहा कि राज्य में सत्ता का केवल केंद्र वही होंगे। विजय ने मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद यहां जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में अपने पहले संबोधन में कहा कि ''वास्तविक धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय'' के लिए प्रतिबद्ध शासन का नया युग अब शुरू हो गया है।

# विजय कैबिनेट की इकलौती महिला एस कीर्तना

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में ऐक्टर विजय ने नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। पहली बार सीएम बने विजय के मंत्रिमंडल में कुल नौ मंत्री हैं। लेकिन इस कैबिनेट की सबसे बड़ी खासियत हैं एकमात्र महिला मंत्री एस कीर्तना। महज 29 साल की कीर्तना, हिंदी समेत पांच भाषाएं बोलने में सक्षम हैं। शपथ ग्रहण करने के बाद कीर्तना ने कहाकि नई सरकार गवर्नेंस के मामले में एक उदाहरण पेश करेगी। उन्होंने कहाकि यह बेहद अविश्वसनीय है क्योंकि किसी अन्य प्रदेश को इस तरह की कैबिनेट नहीं मिली है। इससे पहले हमें भी किसी ने इस तरह का मौका नहीं दिया है। अब हम दुनिया को दिखाएंगे कि सरकार किस तरह से चलाई जाती है।

**कौन हैं एस कीर्तना:** कीर्तना विजय की पार्टी, टीवीके के टिकट पर तमिलनाडु के शिवकाशी से चुनी गई नई विधायक हैं। शिवकाशी को 'भारत का पटाखों का शहर' कहा जाता है। वह इस सीट से चुनाव जीतने वाली पहली महिला विधायक भी हैं। उन्होंने यहां पर सात दशकों से चले आ रहे पुरुषों के वर्चस्व को तोड़ा है। उन्होंने 11,697 वोटों से चुनाव जीता था। कीर्तना ने कांग्रेस के उम्मीदवार अशोकन जी को शिकस्त दी है।

**जन्म और पढ़ाई:** कीर्तना का जन्म साल 1996 में विरुधनगर में हुआ था। उन्होंने तमिल मीडियम सरकारी स्कूल से अपनी पढ़ाई की है। बाद में मदुरई कामराज यूनिवर्सिटी से संबद्ध कॉलेज से मैथमेटिक्स में बीएससी किया। वहीं, साल 2019 में पुडुचेरी यूनिवर्सिटी से स्टैटिक्स में एमएससी किया।

**पॉलिटिकल कंसल्टेंट का अनुभव:** सक्रिय राजनीति में आने से पहले कीर्तना, पॉलिटिकल कंसल्टेंट और डिजिटल कैंपेन स्ट्रेटेजिस्ट के तौर पर काम कर चुकी हैं। उन्होंने शोटाइम कंसल्टेंट और आईपैक के लिए काम किया। बाद में उन्हें तेलेगु देशम पार्टी, टीएमसी और डीएमके द्वारा भी चुनावी कैंपेन के लिए बुलाया गया। बीते कुछ साल में



कीर्तना ने पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन, ममता बनर्जी, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू के साथ काम किया है। शपथ के बाद कीर्तना ने कहाकि आइए हम तमिलनाडु को एक नई सरकार देते हैं। यह प्रदेश में सेकुलर और सामाजिक न्याय के नए दौर की शुरुआत है।

**कई भाषाएं बोलने में सक्षम:** कीर्तना कई भाषाएं बोलने में दक्ष हैं। इसमें भी खास बात हिंदी पर उनकी जबर्दस्त कमांड है। खासतौर पर तमिलनाडु जैसे गैर-हिंदी भाषी प्रदेश में यह उन्हें बेहद खास बनाता है। वह तमिल, तेलुगू और अंग्रेजी पर भी समान दक्षता रखती हैं। कीर्तना के मुताबिक अलग-अलग भाषाओं पर कमांड के चलते उन्हें अलग-अलग प्रदेशों में काम करने और वहां के लोगों से जुड़ने में बहुत आसानी हुई। उन्होंने कहाकि भाषाओं की जानकारी के चलते मुझे विभिन्न प्रदेशों में काम करने में आसानी हुई। कीर्तना ने बताया कि उन्होंने हिंदी बोलना इसलिए चुना, ताकि पूरे भारत के लोगों तक टीवीके चीफ विजय के संदेशों को पहुंचा सकें। अपने कैंपेन के दौरान एस कीर्तना ने शिवकाशी में मौजूद जमीनी समस्याओं पर फोकस किया। उन्होंने कहाकि एक हाई रिस्क इंडस्ट्रियल हब होने के बावजूद इस क्षेत्र में महज एक फायर सर्विस स्टेशन है। इसके चलते इमरजेंसी होने पर बहुत मुश्किल हो सकती है। इसके अलावा क्षेत्र में सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी कमियों की तरफ भी उन्होंने ध्यान आकर्षित किया। अपने चुनावी वादों में कीर्तना ने क्षेत्र के लोगों को पटाखा इंडस्ट्री के लिए बेहतर सुरक्षा उपाय, बीमा कवरेज, महिलाओं के लिए समान वेतन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और घातक केमिकल वाले इलाके में रहने वालों के लिए इलाज की बेहतर सुविधाओं की बात कही थी।

## सीधे निर्माण नहीं गिरा सकता प्राधिकरण' ; जेवर बांगर जमीन केस में यीडा को हाईकोर्ट से झटका

**इलाहाबाद , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के निर्माण ध्वस्त करने पर रोक लगा दी है। अब प्राधिकरण किसी भी निर्माण पर सीधे तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं कर सकेगा और पहले कानूनी नोटिस जारी कर संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देना होगा। कानूनी प्रक्रिया के बिना निर्माण को ध्वस्त करना पूरी तरह अवैध होगा। जस्टिस कुनाल रवि सिंह और जस्टिस महेश चंद्र त्रिपाठी की डिवीजन बेंच ने एक मामले की सुनवाई के रान यह आदेश दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि नोटिस और कानूनी प्रक्रिया के बिना निर्माण नहीं गिराया जा सकता। दरअसल, यह मामला जेवर स्थित जेवर बांगर की जमीन से जुड़ा है। यह क्षेत्र नोएडा एयरपोर्ट के आसपास है। यहां हो रहे निर्माण के खिलाफ यीडा की कार्रवाई को तीन याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में चुनौती दी थी। इसमें कहा गया था कि यीडा उनकी जमीन पर बने मकान और अन्य निर्माणों को बिना किसी वैध आदेश के ध्वस्त करने की तैयारी कर रहा है। याचिका में खसरा संख्या 573 और 574 की करीब डेढ़ हेक्टेयर से अधिक भूमि का जिक्र किया गया। इसकी कीमत जेवर एयरपोर्ट और आसपास तेजी से बढ़ते विकास के कारण अरबों रुपये तक पहुंच चुकी है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट से मांग की थी कि जब तक कानूनी प्रक्रिया पूरी न हो, तब तक कोई



ध्वस्तीकरण की कार्रवाई न की जाए। यीडा और याचिकाकर्ताओं का पक्ष सुनने के बाद हाईकोर्ट ने इस मामले में कहा कि किसी भी निर्माण को गिराने से पहले प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन जरूरी है। सरकारी एजेंसियां मनमाने तरीके से बुलडोजर चलाने की कार्रवाई नहीं कर सकतीं। व्यक्ति की संपत्ति और नागरिक अधिकारों को प्रभावित करने वाली कार्रवाई कानून के दायरे में होनी चाहिए। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रभावित पक्ष को पहले नोटिस देना और पक्ष रखने का अवसर देना अनिवार्य है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को शर्तों के साथ राहत दी। हाईकोर्ट ने दयानतपुर गांव में हो रहे निर्माण पर ग्रीन एवेन्यू बिल्डटेक समेत दो अन्य याचिकाकर्ताओं की सुनवाई कर यीडा को बिना नोटिस निर्माण न तोड़ने के आदेश दिए। याचिका में मांग की गई थी कि यीडा दयानतपुर स्थित खसरा नंबर 463/1 पर बनी चारदीवारी को बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए न तोड़ें। उनका कहना था कि यीडा बिना वैध आदेश के निर्माण गिराने की कोशिश कर रहा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### हिंदुत्व बनाम परिवारवादः तमिलनाडु के नतीजों ने दी उस तीसरे विकल्प की दस्तक, जिसकी भारत को तलाश है

कभी-कभी अपने देश की चुनावी सरगर्मियों को दूर से देखने में नए पहलू साफ नजर आते हैं। कुछ ऐसा हुआ मेरे साथ पिछले सप्ताह जिस दिन तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, असम और पुदुचेरी के चुनाव नतीजे आए थे, तब मैं स्विट्जरलैंड में एक छोटे, सुंदर से गांव में थी। यहां आना इसलिए हुआ क्योंकि इस गांव में एक खास अस्पताल है, जहां सिर्फ पुनर्वास होता है उन लोगों का, जो किसी मस्तिष्क आघात या पार्किंसंस जैसी गंभीर बीमारी के बाद पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। चिंता न करें, मैं बात अपने स्वास्थ्य की नहीं कर रही हूं, एक करीबी दोस्त की कर रही हूं, जिनके साथ आई हूं। स्विट्जरलैंड में इलाज करवाने के लिए बहुत पहले से मरीज आते रहे हैं। पुराने जमाने में तपेदिक के मरीज आते थे। पहले पहाड़ों की ठंडी और साफ हवा को तपेदिक का इलाज माना जाता था। अपने देश में भी तपेदिक के मरीज पहाड़ों में जाते थे। मसूरी जैसी जगहों में इस किस्म के उपचार के लिए अस्पताल बने थे। यूरोप के लोग स्विट्जरलैंड आते थे। जिस गांव में मैं हूं, उसकी लगभग सारी अर्थव्यवस्था इसी अस्पताल पर आधारित है। दूर से दिखी भारतीय राजनीति की नई तस्वीर इसलिए इस गांव में रहते हुए मैंने इंटरनेट की मदद से वे सारे शो देखे जिनमें चुनावों से जुड़े लंबे-चौड़े विश्लेषण राजनीतिक पंडितों ने किए थे। वे सारे अखबार भी पढ़े जो मैं रोज पढ़ती हूं जब भारत में होती हूं। मुझे वह बात बहुत कम सुनने को मिली जो मेरी राय में इन चुनावों में खास है। वह यह है कि शायद पहली बार उस 'जेन-जी' की क्रांति के आसार दिखे हैं, जो हमारे पड़ोसी देशों में बहुत पहले दिखे थे। शुरुआत श्रीलंका में हुई थी, जब आम लोग अपने राजनेताओं से इतने तंग आ चुके थे कि राष्ट्रपति के घर में घुसकर उन्होंने तोड़फोड़ की और कई राजनेताओं के घर तक जला दिए गए। राष्ट्रपति को देश छोड़कर भागना पड़ा। फिर इसी तरह की हलचल बांग्लादेश में दिखी और हाल में नेपाल में भी 'जेन-जी' की क्रांति देखने को मिली। मतदाता अब पुराने राजनीतिक विकल्पों से ऊब चुके हैं भारत में इस तरह की क्रांति आना मुश्किल है। शायद इसलिए कि लोकतंत्र की जड़ें हमारे देश में मजबूत हैं, लेकिन ऐसा कहने के बाद यह भी कहना होगा कि आम मतदाता उन राजनेताओं और राजनीतिक दलों से तंग आ चुके हैं, जिन्हें उन्होंने बारी-बारी मौका दिया था कुछ ठोस परिवर्तन लाने के लिए, लेकिन विशेष परिवर्तन आया नहीं। इस बार तमिलनाडु में अभिनेता विजय को जिताकर मतदाताओं ने साबित किया है कि उन्हें असली परिवर्तन चाहिए। कौन कह सकता था नतीजे आने से पहले कि यह नई राजनीतिक पार्टी और उसके बिल्कुल नए-नवेले नेता दोनों द्रविड़ दलों को हरा देंगे। न राजनीतिक पंडितों को इसका अंदेशा था और न ही चुनाव सर्वेक्षण करने वालों को। परिवर्तन की इसी भावना के कारण पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी जैसी अनुभवी मुख्यमंत्री को भारतीय जनता पार्टी ने इस बार बुरी तरह हरा दिया है। ममता को खुद इतना विश्वास था अपनी जीत पर कि नतीजों को स्वीकार करने के बजाय वे नाराज हो गईं और कहने लगीं कि चुनाव चोरी किया गया है। इसलिए त्यागपत्र देने के बदले वे सड़कों पर अपनी लड़ाई लेकर जाएंगी। अगर वे वास्तव में ऐसा करती हैं, तो नुकसान उनका अपना तो होगा ही, भारतीय लोकतंत्र का भी होगा। सवाल यह है कि अपने देश में मतदाता इतने गुस्से में क्यों हैं कि क्रांति करने की कोशिश कर रहे हैं? यहां याद रखिए कि इस क्रांति की थोड़ी बहुत कोशिश लोकसभा चुनाव में भी दिखी थी, जब नरेंद्र मोदी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था, बावजूद इसके कि आत्मविश्वास इतना था कि 'चार सौ पार' की बात की जा रही थी। खैरात नहीं, अब बदलाव चाहता है मतदाता मतदाताओं का गुस्सा मुझे काफी हद तक समझ में आता है। इसलिए कि साल में कई महीने मैं महाराष्ट्र के एक समुद्र किनारे गांव में गुजारती हूं। कोरोना के समय पूर्णबंदी के दौरान पूरा एक साल यहीं गुजारा था। इस गांव में पर्यटन की वजह से काफी तरक्की हुई है। मुंबई के अमीर लोगों ने आलीशान कोठियां बनाई हैं। गांव में हर घर छोटे होटल बन गए हैं और पूरी अर्थव्यवस्था अब पर्यटन पर निर्भर है, लेकिन गांव के गरीब लोग अब भी वैसे ही गरीब हैं जैसे पहले थे। कुछ ऐसा ही राष्ट्रीय स्तर पर पूरे भारत में भी हुआ है। राजनेता जानते हैं कि गरीब मतदाता उनसे खुश नहीं हैं, इसलिए उनके वोट लेने के लिए हर चुनाव से पहले खैरात बांटी जाती है। लोग इसे खुशी-खुशी ले लेते हैं, लेकिन जानते हैं कि इस खैरात से न उनकी बेरोजगारी खत्म होने वाली है और न ही उनके जीवन में वह सुधार आने वाला है जिसका उन्हें इंतजार है। अभी तक उनके सामने दो ही विकल्प हैं—एक तरफ भारतीय जनता पार्टी अपने हिंदुत्व के चोले में, और दूसरी तरफ विपक्षी दल अपने परिवारवाद को धर्मनिरपेक्षता के चोले में छिपाए हुए।

*भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार को भी असाधारण बताया गया है। पार्टी की सदस्य संख्या को दुनिया में किसी भी राजनीतिक दल से अधिक बताया गया है। विश्लेषण के अनुसार पार्टी के लगभग चौदह करोड़ सदस्य हैं, जो चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से भी अधिक हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मानव इतिहास में सबसे अधिक जनसमर्थन पाने वाले नेताओं में गिना गया है।*

## भारत और मोदी के बारे में वाशिंगटन पोस्ट की धारणा बदली

**नीरज कुमार दुबे**

अमेरिका का प्रमुख समाचार-पत्र वाशिंगटन पोस्ट वैसे तो अक्सर भारत विरोधी लेख ही प्रकाशित करता है लेकिन अब उसने एक दुर्लभ उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भारत के बारे में सकारात्मक लेख प्रकाशित किया है। इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय विश्लेषण ने भारत की राजनीति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की लगातार बढ़ती ताकत को लेकर दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर खींचा है। लंबे समय से पश्चिमी उदारवादी विचारधारा से जुड़े विश्लेषकों और भारत के विपक्षी दलों का मानना रहा कि भारत जैसी अत्यंत विविधतापूर्ण लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी मजबूत नेतृत्व वाली राजनीति की सीमाएं होंगी और अंततः ऐसी राजनीति का प्रभाव कमजोर पड़ जाएगा। लेकिन हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों ने इस धारणा को गहरी चुनौती दी है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सफलता को इस विश्लेषण में ऐतिहासिक मोड़ के रूप में देखा गया है। पश्चिम बंगाल लंबे समय से क्षेत्रीय पहचान, सांस्कृतिक विशिष्टता और मजबूत स्थानीय राजनीतिक परंपराओं वाला राज्य माना जाता रहा है। यहां की राजनीति पर लंबे समय तक क्षेत्रीय दलों का प्रभाव रहा और माना जाता था कि उत्तर भारत केंद्रित तथा हिंदी भाषी छवि वाली भारतीय जनता पार्टी के लिए यहां गहरी पैठ बनाना आसान नहीं होगा। लेकिन हालिया चुनावी परिणामों ने इस सोच को बदल दिया। विश्लेषण में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल की नेता ममता बनर्जी और उनकी पार्टी को लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी के विस्तार के सामने मजबूत दीवार माना जाता था। यह धारणा भी मजबूत थी कि भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता किसी एक राजनीतिक दल को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वस्वीकार्य बनने से रोकेगी। किंतु पश्चिम बंगाल में मिली सफलता ने यह संकेत दिया कि भारतीय जनता पार्टी अब उन क्षेत्रीय और सांस्कृतिक बाधाओं को भी पार कर रही है जिन्हें कभी उसके विस्तार की सीमा माना जाता था। लेख में भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार को भी असाधारण बताया गया है। पार्टी की सदस्य संख्या को दुनिया में किसी भी राजनीतिक दल से अधिक बताया गया है। विश्लेषण के अनुसार पार्टी के लगभग चौदह करोड़ सदस्य हैं, जो चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से भी अधिक हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मानव इतिहास में सबसे अधिक जनसमर्थन पाने वाले नेताओं में गिना गया है। विभिन्न वैश्विक सर्वेक्षणों में भी उनकी लोकप्रियता लंबे समय से शीर्ष पर बनी हुई है। देखा जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहचान अब केवल भारत के लोकप्रिय नेता तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वह वैश्विक राजनीति में भी एक प्रभावशाली और निर्णायक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे हैं। दुनिया के अनेक देशों में भारत की बढ़ती साख के पीछे मोदी की सक्रिय कूटनीति, मजबूत निर्णय क्षमता और वैश्विक मंचों पर भारत की स्पष्ट उपस्थिति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खास बात यह है कि ऐसे समय में जब दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश माने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई बड़े वैश्विक नेताओं की लोकप्रियता में गिरावट दर्ज की जा रही है, वहीं प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता लगातार मजबूत होती दिखाई दे रही है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों और जनमत अध्ययनों में मोदी लंबे समय से दुनिया के सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेताओं में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि भारत का नेतृत्व अब केवल घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन और अंतरराष्ट्रीय विमर्श में भी उसकी निर्णायक भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। हम आपको यह भी बता दें कि वाशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित लेख में आलोचनाओं का भी विस्तार से उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद विश्लेषण का निष्कर्ष यह है कि केवल चुनावी प्रबंधन या संस्थागत प्रभाव के आधार पर भारतीय जनता पार्टी की सफलता को नहीं समझा जा सकता। पार्टी ने कुछ दशकों के भीतर सीमित प्रभाव वाले संगठन से देश के 21 राज्यों में सत्ता तक का सफर तय किया है। इसके विपरीत स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस पार्टी अब कुछ गिने चुने राज्यों तक सीमित होती दिखाई दे रही है। लेख में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच संगठनात्मक अंतर को भी प्रमुखता से रेखांकित किया गया है। कांग्रेस को जहां स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत और अभिजात वर्ग का समर्थन मिला, वहीं भारतीय जनता पार्टी ने जमीनी स्तर पर लंबे संगठनात्मक संघर्ष के माध्यम से अपनी स्थिति मजबूत की। पार्टी ने जाति, भाषा, क्षेत्र और धार्मिक परंपराओं से परे व्यापक सामाजिक गठबंधन तैयार किया। इस पूरे विस्तार के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया गया है। सौ वर्ष पुराने इस संगठन ने लाखों कार्यकर्ताओं और अनेक सामाजिक संगठनों के माध्यम से व्यापक वैचारिक ढांचा तैयार किया। विश्लेषण में कहा गया है कि श्रमिक संगठन, निजी विद्यालय नेटवर्क, छात्र संगठन और धार्मिक नेतृत्व से जुड़े अनेक मंचों के जरिये यह विचारधारा समाज के विभिन्न हिस्सों तक पहुंची। इसी मजबूत सामाजिक नेटवर्क, रणनीतिक गठबंधनों और संगठनात्मक अनुशासन ने भारतीय जनता पार्टी के उभार की मजबूत नींव तैयार की। अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भी भारत की बढ़ती शक्ति को इस राजनीतिक विस्तार से जोड़ा गया है। लेख में भारत को दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति और तेजी से उभरती आर्थिक ताकत बताया गया है। साथ ही यह भी कहा गया कि एशिया में चीन के प्रभाव का संतुलन बनाने की क्षमता यदि किसी देश में है तो वह भारत है। ऐसे समय में भारतीय जनता पार्टी का लगातार विस्तार यह संकेत देता है कि आने वाले दशकों में भारत की दिशा और एशिया की शक्ति संरचना पर इस राजनीतिक विचारधारा का गहरा प्रभाव रह सकता है। विश्लेषण का अंतिम निष्कर्ष यही है कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आलोचक जिस राजनीतिक गिरावट की लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे हैं, वह फिलहाल दिखाई नहीं देती। इसके उलट वर्तमान राजनीतिक संकेत यह बताते हैं कि आने वाले वर्षों में भारत की राजनीति, उसकी वैश्विक भूमिका और एशिया का सामरिक संतुलन काफी हद तक इसी नेतृत्व और इसी राजनीतिक धारा के प्रभाव में आकार ले सकता है।

## क्या बच्चों के लिए एआई पर बैन सही विकल्प है?

**विनीत कुमार सिंह**

दुनियाभर में बच्चों और टीनेजर्स के द्वारा सोशल मीडिया इस्तेमाल को लेकर चिंता लगातार बढ़ रही है। कई देशों और उनके राज्यों में ऐसे कानून बनाए जा रहे हैं, जिनका मकसद कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से दूर रखना है। अब इसी बहस के बीच बच्चों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कि एआईचैटबॉट्स पर रोक लगाने की चर्चा भी तेज हो गई है। कनाडा के मैनिटोबा प्रांत में बच्चों के एआई इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव सामने आया है। सरकार का मानना है कि तकनीकी प्लेटफॉर्म बच्चों को ज्यादा समय तक स्क्रीन पर बनाए रखने और मुनाफा कमाने के लिए नुकसान पहुंचाने वाले तरीके अपना रहे हैं। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि कनाडा में किन्‌ढ्ढ प्लेटफॉर्म पर रोक लगेगी और नियम कैसे लागू होंगे। आज के समय में बड़ी संख्या में बच्चे एआई चैटबॉट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा उपयोग जानकारी खोजने, पढ़ाई में मदद लेने, नोट्स बनाने, सवाल हल करने और प्रोजेक्ट तैयार करने में हो रहा है। कई छात्र एआई टूल्स को कठिन विषय समझने और खुद को टेस्ट करने के लिए उपयोगी मानते हैं। अब एआईसिर्फ घर तक सीमित नहीं है, बल्कि स्कूलों और क्लासरूम तक पहुंच चुका है। कुछ जगहों पर छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए एआई आधारित रीडिंग टूल्स इस्तेमाल हो रहे हैं। वहीं कई स्कूलों के लैपटॉप और टैबलेट में एआई फीचर्स पहले से इंस्टॉल होकर आ रहे हैं, जो बच्चों को आर्टिकल लिखने, प्रेजेंटेशन बनाने और सवालों के जवाब देने में मदद की पेशकश करते हैं। शिक्षा और मनोविज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि एआई बच्चों की पढ़ाई को आसान तो बना सकता है, लेकिन जरूरत से ज्यादा निर्भरता नुकसानदायक हो सकती है। अगर छात्र हर काम के लिए‌ एआई पर निर्भर होने लगें, तो उनकी सोचने-समझने, तर्क बनाने, खुद से लिखने और समस्याओं को हल करने की क्षमता कमजोर हो सकती है। पढ़ाई का असली मकसद सिर्फ जवाब हासिल करना नहीं, बल्कि कठिन सवालों से जूझकर सीखना होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर‌ढ्ढ हर मुश्किल काम आसान कर देगा, तो बच्चों का बौद्धिक विकास प्रभावित हो सकता है। एआई चैटबॉट्स को लेकर एक और बड़ी चिंता बच्चों के सामाजिक व्यवहार को लेकर है। कई रिसर्च में सामने आया है कि बच्चे अब दोस्तों से बात करने की बजाय चैटबॉट्स से ज्यादा समय बिताने लगे हैं। इससे उनके सोशल स्किल पर असर पड़ सकता है। मानव संबंधों में भावनाएं, असहमति, समझ और वास्तविक अनुभव शामिल होते हैं, जबकि चैटबॉट अक्सर सिर्फ सहमति जताते हैं। ऐसे में बच्चों को सही सामाजिक अनुभव नहीं मिल पाता। कई टीनेजर्स खुद भी मानने लगे हैं कि वे एआई पर जरूरत से ज्यादा निर्भर होते जा रहे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि सिर्फ प्रतिबंध लगाना समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। सोशल मीडिया बैन के अनुभव बताते हैं कि बच्चे अक्सर ऐसे नियमों से बचने के रास्ते ढूंढ लेते हैं। इसके अलावा पूरी तरह रोक लगाने से तकनीक के सही इस्तेमाल का अवसर भी खत्म हो सकता है।‌ढ्ढ भविष्य की तकनीक माना जा रहा है। ऐसे में बच्चों को इससे पूरी तरह दूर रखना उन्हें आने वाले समय के लिए कमजोर भी बना सकता है। कई युवाओं का मानना है कि‌ढ्ढ कई चीजों को सीखने के अनुभव को बेहतर बना सकता है और पढ़ाई को ज्यादा आसान व समझने योग्य बना सकता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6089

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।


### सुडोकू पहेली क्र. 6088

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 6089



वर्ग पहेली 6088 का हल



## आज का राशिफल

### मेष
आज दिल और किस्मत दोनों आपका साथ देने वाले हैं। प्रेम जीवन में मिठास बढ़ेगी और पार्टनर के साथ बॉन्डिंग पहले से मजबूत होगी। धन-धान्य में भी बढ़ोतरी के संकेत हैं, लेकिन राजनीति या सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोग थोड़ा सावधान रहें, क्योंकि विरोधी पर्दे के पीछे चाल चल सकते हैं। नौकरी की तलाश में भटक रहे लोगों के लिए कोई दोस्त ही आज रास्ता खोल सकता है।

### वृष
आज का दिन आपको सिखाएगा कि जीत सिर्फ ताकत से नहीं, समझदारी से मिलती है। आप अपने विरोधियों पर भारी पड़ सकते हैं, लेकिन फैसले सोच-समझकर लें। संतान की ओर से कोई खुशखबरी मिल सकती है। प्रेम जीवन में समर्पण दिखाई देगा। परिवार में थोड़ी सतर्कता जरूरी है, क्योंकि कोई लिया हुआ निर्णय बाद में खल सकता है।

### कर्क
आज सेहत को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है। कोई पुरानी परेशानी फिर से सिर उठा सकती है। खर्चों पर कंट्रोल रखना जरूरी है। हालांकि सामाजिक क्षेत्र में आपकी पकड़ मजबूत रहेगी और कुछ नया करने की कोशिश आपको सफलता दिलाएगी। लंबे समय बाद किसी पुराने दोस्त से मुलाकात दिल को खुशी देगी। बिजनेस में कोई अच्छी डील हाथ लग सकती है।

### सिंह
आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन आपके अंदर ऊर्जा भरपूर रहेगी। आप लंबी यात्रा की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं को समझना आज जरूरी है।बिना सोचे कुछ कह दिया तो बात बिगड़ सकती है। काम तेजी से पूरे होंगे, लेकिन दूसरों के मामलों में दखल देना आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है।

### मिथुन
आज खर्चे आपकी जेब पर भारी पड़ सकते हैं।और अगर लापरवाही की तो बचत भी कम हो सकती है। भाई-बहनों के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद बढ़ सकता है, जो कानूनी रूप ले सकता है। आलस्य और काम टालने की आदत आज आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है।

### कन्या
आज आपको कानूनी मामलों में खास ध्यान देने की जरूरत है। बिजनेस में थोड़ा उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन पुराने निवेश, खासकर शेयर मार्केट से लाभ मिल सकता है। किसी डील को फाइनल करने से पहले हर कागज अच्छे से पढ़ लें। पार्टनरशिप में जल्दबाजी नुकसान दे सकती है।

### तुला
आज मन थोड़ा भारी रह सकता है। तनाव महसूस होगा। बच्चों की सेहत को नजरअंदाज न करें। किसी काम में रिस्क लेना आज नुकसान दे सकता है। पिताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं। उसे हल्के में लिया तो डांट भी सुननी पड़ सकती है। दिन के बीच में कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी।

### वृश्चिक
आज का दिन आपको आगे बढ़ाने वाला है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका मिलेगा। किसी सहयोगी की बात दिल को चुभ सकती है, लेकिन उसे दिल पर न लें। पुराना दोस्त अचानक मिलकर खुशियां बढ़ा सकता है। जीवनसाथी के लिए नई नौकरी के संकेत हैं। जिस काम को हाथ में लेंगे, उसमें सफलता आपके कदम चूमेगी।

### मकर
आज का दिन पॉजिटिव रिजल्ट लेकर आएगा, लेकिन परिवार में छोटी-सी कलह आपके मन को परेशान कर सकती है। संतान के करियर को लेकर आप कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं या यात्रा पर जा सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा, लेकिन पेट से जुड़ी परेशानी आपको परेशान कर सकती है। छात्रों को मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

### कुंभ
आज मन में बेचैनी रह सकती है और सेहत भी थोड़ा कमजोर रह सकता है। बिजनेस डील को लेकर चिंता बनी रहेगी। मां से किया हुआ वादा निभाना जरूरी है, वरना मन में अपराधबोध रहेगा। पैसों के मामले में किसी अजनबी पर भरोसा न करें। आज निवेश से दूर रहना ही बेहतर है। बैंकिंग या फाइनेंस से जुड़े लोगों को नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

### धनु
आज का दिन आपके लिए अच्छा है, बस एक छोटी सी सावधानी जल्दबाजी से बचें, वरना चोट लग सकती है। वाहन संभलकर चलाएं। परिवार में खुशियां रहेंगी और आप अपने बच्चों के लिए कोई सरप्राइज लेकर आ सकते हैं। छात्रों को आज मेहनत का असली मतलब समझना होगा। फोकस ही सफलता दिलाएगा। घूमने के दौरान कोई ऐसी जानकारी मिल सकती है।

### मीन
आज चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आपका धैर्य ही आपकी ढाल बनेगा। मन में नकारात्मक विचारों को जगह न दें। घर-परिवार में सुधार और साज-सज्जा पर ध्यान देंगे। परिवार में किसी शादी से जुड़ी रुकावट दूर हो सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस की सलाह को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। प्रमोशन में थोड़ी रुकावट आ सकती है। लेकिन ये बस एक परीक्षा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


● कौन होगा भारतीय टी20 टीम का अगला कप्तान?

# संजू और श्रेयस अय्यर नाम आया सामने

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की अपने देश को टी20 वर्ल्ड कप जिताने की खुशी शायद ज्यादा दिनों तक न रहे. जिस तरह के हालात बन रहे हैं, उसे देखते हुए लगता है कि वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान सूर्यकुमार आईपीएल 2026 खत्म होते ही भारत की टी20 कप्तानी गंवा देंगे. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उनकी जगह श्रेयस अय्यर या फिर संजू सैमसन में से किसी एक को नया कप्तान बनाने की तैयारी में हैं। बता दें कि इस साल की शुरुआत में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद से टीम इंडिया ने कोई टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है. नया सीजन जून के आखिर में आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज के साथ शुरू होगा. आईपीएल खत्म होने के बाद बीसीसीआई की चयन समिति की बैठक होगी, जिसमें टीम इंडिया के स्क्वाड और नए कप्तान पर फैसला लिया जाएगा।

खबरों के मुताबिक, इस बैठक में श्रेयस अय्यर या संजू सैमसन को आधिकारिक तौर पर नया कप्तान घोषित किए जाने की संभावना है. चयनकर्ता सैमसन की तरफ ज्यादा झुके हुए हैं, जिसकी वजह टी20 वर्ल्ड कप में उनकी अहम पारियां, आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए उनका मौजूदा शानदार प्रदर्शन और राजस्थान फ्रेंचाइजी की कप्तानी का उनका पिछला अनुभव है। इस आईपीएल सीजन में अब तक सैमसन ने 10 मैच खेले हैं और 402 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है. इसके अलावा श्रेयस अय्यर, आईपीएल में सफल कप्तान रहने के बावजूद, टी20 टीम से लंबे समय से बाहर चल रहे हैं. लेकिन उन्होंने भी अपने शानदार खेल से सभी को प्रभावित किया है। अय्यर ने आखिरी बार दिसंबर 2023 में भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था. नतीजतन, ऐसा माना जा रहा है कि चयनकर्ताओं को इस मोड़ पर उन्हें टीम में वापस लाना और तुरंत कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपना बहुत मुश्किल लग रहा है. इसलिए वो कप्तानी के लिए सेकंड ऑप्शन हैं।



## कप्तान के तौर पर सूर्य का प्रदर्शन

सूर्यकुमार के बल्लेबाजी के आंकड़े पहले से ही काफी चिंताजनक हैं. भारत के वर्ल्ड कप का खिताब बरकरार रखने के बावजूद, मुंबई के इस खिलाड़ी ने वर्ल्ड कप के दौरान दबाव में आकर कई बार निराश किया है. उन्होंने इस टूर्नामेंट के नौ मैचों में कुल 242 रन बनाए हैं. इनमें से, भारतीय कप्तान ने अपने पहले ही मैच में, जो कि एक अपेक्षाकृत कमजोर टीम, अमेरिका, के खिलाफ था, 84 रन बनाए थे. कप्तान के तौर पर स्काई ने अब तक 45 टी20 मैचों में कुल 932 रन ही बनाए हैं।

# चेपॉक में उर्विल पटेल का आया तूफान

● 13 गेंदों में फिफ्टी जड़कर बदला आईपीएल का इतिहास

**जयपुर (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने आईपीएळ के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है. उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच में टूर्नामेंट के इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक बनाया। इस दौरान उर्विल ने सिर्फ 13 गेंदों का सामना किया. इसके साथ उन्होंने यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली. जायसवाल ने 2023 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 13 गेंदों में अर्धशतक बनाया था।



## आईपीएल के सबसे तेज फिफ्टी

● 13 – यशस्वी जायसवाल (आरआर) बनाम केकेआर, कोलकाता, 2023 ● 13 – उर्विल पटेल (सीएसके) बनाम एलएसजी, लखनऊ, 2026 ● 14 – केएल राहुल (पीबीकेएस) बनाम डीसी, मोहाली, 2018 ● 14 – पैट कमिंस (केकेआर) बनाम मुंबई, पुणे, 2022 ● 14 – रोमारियो शेफ़र्ड (आरसीबी) बनाम सीएसके, बेंगलुरु, 2025

हालांकि उर्विल पटेल की ये पारी ज्यादा देर तक नहीं चल सकी औ 23 गेंदों में 65 रन बनाकर ही आउट हो गए. इस दौरान ने उन्होंने अपनी पारी में 2 चौके और 8 छक्के लगाए. उर्विल की इस पारी की वजह से सीएसके 204 रनों के विशाल लक्ष्य को चेज करने में काफी सहज दिखी।

## उर्विल ने तोड़ा डिविलियर्स का रिकॉर्ड

उर्विल ने अपनी पारी की शुरुआत धमाकेदार तरीके से की और 10 गेंद में ही 42 रन जड़ दिए. जिसके साथ वो आईपीएल के इतिहास में पहली 10 गेंद पर सबसे ज्यादा रन बनाने का एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया. जिन्होंने 10 गेंद में 41 रन बनाए थे।

आईपीएल पारी की पहली 10 गेंदों के बाद सबसे ज्यादा स्कोर
● 42* – उर्विल पटेल बनाम एलएसजी, चेन्नई, 2026
● 41* – एबी डिविलियर्स बनाम मुंबई, बेंगलुरु, 2015
● 41* – यशस्वी जायसवाल बनाम केकेआर, कोलकाता, 2023 ● 40* – अभिषेक शर्मा बनाम डीसी, दिल्ली, 2024
● 39* – रोमारियो शेफर्ड बनाम डीसी, मुंबई डब्ल्यूएस, 2024 ● 39* – प्रियांश आर्य बनाम सीएसके, चेन्नई, 2026

**सीएसके ने एलएसजी के 5 विकेट से हराया–** मैच की बात करें तो एमए चिदंबरम स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एलएसजी ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 203 रन बनाए. जवाब में ष्टस्द्य ने 19.3 ओवर में ही 5 विकेट खोकर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।

एएफसी 17 एशियन कप 2026

# उज्बेकिस्तान से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुआ भारत

**सऊदी अरब (एजेंसी)।** इंडियन नेशनल अंडर 17 फुटबाल टीम का एएफसी 17 एशियन कप 2026 में सफर खत्म हो गया। सऊदी अरब के जेद्दा में खेले गए ग्रुप डी मुकाबले में मौजूदा चैंपियन 5 वेकिस्तान नेशनल अंडर 17 फुटबाल टीम ने भारत को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इस हार के साथ भारत का फीफा 17 वर्ल्ड कप के लिए पहली बार सीधे क्वालिफाई करने का सपना भी टूट गया।

## शुरुआत से दबाव में दिखी भारतीय टीम

पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से मिली भारी हार के बाद भारत के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा था। ब्लू कोल्ट्स ने शुरुआत में सतर्क रणनीति अपनाई, लेकिन उज्बेकिस्तान ने लगातार आक्रामक फुटबॉल खेलते हुए भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाए रखा। हालांकि भारतीय गोलकीपर राजरुप सरकार ने कई शानदार बचाव कर टीम को मैच में बनाए रखा।



**गोलकीपर की गलती पड़ी भारी –** भारत की मजबूत रक्षापंक्ति 32वें मिनट में टूट गई। राजरूप सरकार गेंद रोकने के लिए तेजी से आगे आए, लेकिन उन्होंने उज्बेक खिलाड़ी अब्दुराइमोव को बॉक्स के अंदर गिरा दिया। रेफरी ने तुरंत पेनल्टी दे दी।

## भारत को बराबरी का मौका मिला, लेकिन चूकी टीम

पहले हाफ के इंजरी टाइम में Gunleiba Wangkheirakpam ने शानदार क्रॉस दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी उसे गोल में नहीं बदल सके। दूसरे हाफ में भारत ने ज्यादा आक्रामक खेल दिखाया। 56वें मिनट में कप्तान Dallalmuon Gangte की बेहतरीन फ्री-किक क्रॉसबार से टकरा गई। रीबाउंड पर Heeranganba Seram के पास गोल करने का मौका था, लेकिन वह करीब से भी गेंद को नेट में नहीं पहुंचा सके।

## आत्मघाती गोल ने खत्म की उम्मीदें

भारत की वापसी की उम्मीदों को 60वें मिनट में बड़ा झटका लगा, जब Wangkhem Denny Singh ने गलती से गेंद अपने ही गोल में डाल दी। इस आत्मघाती गोल के बाद भारत पूरी तरह दबाव में आ गया।

## उज्बेकिस्तान ने तीसरे गोल से लगाई मुहर

78वें मिनट में Akhrorbek Ravshanbekov ने तीसरा गोल कर मुकाबले पर पूरी तरह मुहर लगा दी। उनका पहला शॉट ब्लॉक हुआ, लेकिन उन्होंने रीबाउंड पर तेजी दिखाते हुए गेंद को गोल में पहुंचा दिया।

## भारत की प्लेइंग इलेवन

राजरूप सरकार (गोलकीपर), शुभम पूनिया, कोरौ मेइती कोंथौजाम, मूसा आशिक, अजलान शाह, राज सिंह वाहेंगबाम, डल्लालमुओन गांगटे (कप्तान), लॉमसांगजुआला, इंद्र राणा मगर, गुनलेइबा वांगखेराकपम, वांगखेम डेनी सिंह।

# पीबीकेएस के लिए प्रीति जिंटा गोल्डन टेंपल में नतमस्तक

लंगर हॉल में सेवा की, बोलीं- पंजाब का भरपूर प्यार मिला, प्लेऑफ में जरूर पहुंचेंगे

**अमृतसर(एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा शनिवार रात अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में माथा टेकने पहुंचीं। उन्होंने गुरु घर में नतमस्तक होकर अरदास की। इस दौरान प्रीति जिंटा की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में भी काफी उत्साह देखा गया। कई लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के बाद प्रीति जिंटा ने लंगर हॉल में सेवा की। उन्होंने संगत को लंगर वितरित किया। मीडिया से बात करते हुए प्रीति जिंटा ने कहा- बाबा जी का बुलावा आया था, उन्होंने बुलाया था तो हम आ गए। उन्होंने बताया कि 11 मई को उनकी पंजाब किंग्स क्रिकेट टीम का महत्वपूर्ण मुकाबला है और वह टीम की जीत के लिए अरदास करने पहुंची हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि वाहेगुरु जी की कृपा से उनकी टीम शानदार प्रदर्शन करेगी और सभी मैच जीतने का प्रयास करेगी और प्लेऑफ में पहुंचेगी।

# बाउंड्री पर लड़ाई नहीं होनी चाहिए थी

## नमन-तिलक विवाद पर भड़के पूर्व भारतीय क्रिकेटर कार्तिक

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** Murali Kartik Naman Dhir और Tilak Varma के बीच हुई बहस पर नाराजगी जताई है। IPL 2026 में Mumbai Indians और Royal Challengers Bengaluru के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच बाउंड्री लाइन पर तीखी बहस देखने को मिली थी।

**कैसे शुरू हुआ पूरा विवाद –** आरसीबी की पारी के 18वें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की। नमन धीर ने वाइड लॉन्ग-ऑन पर शानदार प्रयास करते हुए गेंद पकड़ ली, लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण उन्होंने गेंद तिलक वर्मा की तरफ उछाल दी। हालांकि थ्रो थोड़ा गलत दिशा में गया और कैच पूरा नहीं हो सका। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान पर बहस शुरू हो गई, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया।

**'ऐसे समय में बहस की जरूरत नहीं थी' –** मुरली कार्तिक ने क्रिकबज पर बातचीत के दौरान कहा कि ऐसे अहम समय में खिलाड़ियों को शांत रहना चाहिए था। उन्होंने कहा, हम बाहर से बैठकर पूरी सच्चाई नहीं जानते, लेकिन जो चीज मुझे खराब लगी, वह नमन धीर और तिलक वर्मा की बातचीत थी। उस समय ऐसी बहस की जरूरत नहीं थी। कार्तिक ने कहा कि क्रुणाल उस समय क्रैम्प्स से जूझ रहे थे, इसलिए रन नहीं ले पाए, लेकिन खिलाड़ियों को गेंद तुरंत वापस फेंकनी चाहिए थी।



**'कॉमन सेंस और क्रिकेट स्मार्टनेस जरूरी' –** कार्तिक का मानना है कि दबाव भरे मुकाबलों में खिलाड़ियों को ज्यादा समझदारी दिखाने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, मैदान पर सभी खिलाड़ी आक्रामक होते हैं, लेकिन ऐसे समय में कॉमन सेंस और क्रिकेट स्मार्टनेस काम आनी चाहिए। बाउंड्री लाइन पर दो खिलाड़ियों का बहस करना अच्छा नहीं लगता।

**मुंबई ड्रेसिंग रूम की अफवाहों पर भी बोले –** मुरली कार्तिक ने मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम को लेकर चल रही अफवाहों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, पिछले कुछ समय से मुंबई इंडियंस को लेकर कई तरह की बातें चल रही हैं। पिछले तीन साल टीम के मुताबिक नहीं गए हैं। लेकिन मैं मैदान पर ऐसा माहौल नहीं देखना चाहता था।

**बाद में तिलक ने पूरा किया शानदार कैच –** हालांकि उसी ओवर में बाद में तिलक वर्मा ने क्रुणाल पंड्या का शानदार कैच पकड़कर टीम को राहत दिलाई। उन्होंने गेंद को हवा में उछालने के बाद बाउंड्री के बाहर जाकर दोबारा कैच पूरा किया। कैच लेने के बाद तिलक और नमन ने एक-दूसरे को हाई-फाइव भी दिया।

सुनील गावस्कर ने कर दी भविष्यवाणी

# आईपीएल 2026 के फाइनल में पंजाब, रायल चैंलेजर बेंगलुर की हो सकती टक्कर

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल 2026 के फाइनल को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के प्लेऑफ की रेस से बाहर होने के बाद गावस्कर ने कहा कि उन्हें अब भी पंजाब किंग्स और रायल चैलेंजर बेंगलुरु इस सीजन के फाइनलिस्ट नजर आते हैं।

**'हार कभी-कभी टीम के लिए फायदेमंद होती है' –** गावस्कर का मानना है कि लगातार हार किसी टीम को फिर से संभलने का मौका देती है और खिलाड़ियों को सतर्क बनाती है। उन्होंने जियोस्टार पर कहा, %मैं अब भी पंजाब किंग्स का समर्थन करूंगा। कई बार कुछ हार टीम को रीसेट होने का मौका देती हैं और खिलाड़ी जरूरत से ज्यादा आत्मविश्वास में नहीं रहते। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन कई ऐसे मैच गंवाए हैं, जिन्हें उन्हें जीतना चाहिए था। पंजाब को इस दौर की अहमियत पता होगी और वे लगातार हार के बाद आत्मविश्वास खोना नहीं चाहेंगे। मुझे अब भी पंजाब किंग्स और आरसीबी इस सीजन के फाइनलिस्ट लगते हैं।



**पीबीकेएस की फॉर्म पर क्या बोले गावस्कर –** सीजन की शुरुआत में पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन किया था और पहले सात मैचों में अजेय रही थी। हालांकि इसके बाद टीम लगातार तीन मुकाबले हार चुकी है। बावजूद इसके, 13 अंकों के साथ टीम अभी भी पॉइंट्स टेबल में मजबूत स्थिति में बनी हुई है।

**आरसीबी ने मुंबई को हराकर बदला समीकरण –** आरसीबी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

# अंपायर से बहस करना पड़ा भारी, आरसीबी कोच एंडी फ्लावर पर बीसीसीआई का बड़ा एक्शन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** रायल चैलेंजर बेंगलुरु के हेड कोच एंडी फ्लावर पर आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले के दौरान अंपायर से बहस करने के कारण बीसीसीआई ने कार्रवाई की है। बीसीसीआई ने एंडी फ्लावर पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। उन पर मैच के दौरान अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगा, जिसे उन्होंने स्वीकार भी कर लिया।



**किस बात पर भड़के थे एंडी फ्लावर–** यह घटना आरसीबी की रन चेज के 18वें ओवर के दौरान हुई। दरअसल, नमन धीर ने बाउंड्री लाइन के पास क्रुणाल पंड्या का कैच पकड़ने की कोशिश की थी। कैच के दौरान नमन धीर का संतुलन बिगड़ा और ऐसा लगा कि गेंद बाउंड्री के पार जा सकती थी। हालांकि तीसरे अंपायर ने ज्यादा एंगल चेक किए बिना फैसला सुना दिया, जिससे एंडी फ्लावर नाराज हो गए। फ्लावर चौथे अंपायर से बहस करते हुए काफी गुस्से में दिखाई दिए और इसी दौरान उन्होंने आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया।



विराट के खिलाफ बयान देने के लिए पैसे ऑफर हुए

# जर्मन मॉडल लिजलाज बोलीं- मुझे अलग-अलग मैगजीन से बहुत सारे कॉल आए

**मुंबई (एजेंसी)।** जर्मन मॉडल लिजलाज ने हाल ही में दावा किया कि विराट कोहली द्वारा कथित तौर पर उनकी फोटो लाइक करने के बाद कुछ पत्रकारों ने उन्हें क्रिकेटर के खिलाफ गलत बयान देने के लिए पैसे ऑफर किए थे।

फिल्मीमंत्रा को दिए इंटरव्यू में लिजलाज ने बताया कि कथित तौर पर पोस्ट लाइक किए जाने के बाद उन्हें लगातार लोगों के फोन आने लगे। सभी यही कह रहे थे कि विराट ने उनकी पोस्ट लाइक की है। अपने फेवरेट क्रिकेटर विराट द्वारा कथित तौर पर उनकी तस्वीर लाइक किए जाने पर लिजलाज ने कहा, 'मैं इससे बहुत खुश थी और थोड़ा इमोशनल भी हो गई थी, लेकिन मुझे बिल्कुल उम्मीद नहीं थी कि ऐसा कुछ होगा। मुझे अलग-अलग मैगजीन से इतने सारे कॉल आने लगेंगे।' लिजलाज के इंस्टाग्राम पर 5.21 लाख से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

**लिजलाज बोलीं- मैं पैसों के लिए झूठ नहीं बोलूंगी-** लिजलाज ने दावा किया, 'कुछ लोग आप पर ऐसी बातें बोलने का दबाव भी डालते हैं, जो आप कहना नहीं चाहते। कुछ पत्रकारों ने तो मुझे पैसे ऑफर किए ताकि मैं उनके (विराट कोहली) बारे में गलत बातें कहूं और ऐसे आरोप लगाऊं, जो उन्होंने कभी किए ही नहीं।'

उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन मैं ऐसा क्यों करूंगी? मैंने खुद कहा था कि वो मेरे फेवरेट क्रिकेटर हैं। फिर मैं पैसों के लिए उनके बारे में गलत बातें क्यों बोलूं? मैं ऐसी इंसान नहीं हूं।'

# बार्सिलोना ने 29वां ला लीगा खिताब जीता

## रियल मैड्रिड को 2-0 से हराया, मार्कस रशफोर्ड और फेरान टोरेस ने गोल किए



**बार्सिलोना (एजेंसी)।** बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग 'ला लीगा' का खिताब फिर जीत लिया। एल क्लासिको में टीम ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराया। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने सीजन के तीन मैच बाकी रहते अपनी 29वीं ला लीगा ट्रॉफी पक्की कर ली। मैच में मार्कस रशफोर्ड और फेरान टोरेस ने गोल किए। जीत के बाद बार्सिलोना और रियल मैड्रिड के बीच अंकों का अंतर 14 हो गया, जिसे पार करना रियल मैड्रिड के लिए नामुमकिन है। यह मुकाबला बार्सिलोना के घरेलू मैदान कैंप नाउ पर खेला गया।

## भावुक हुए खिलाड़ीः हेड कोच के पिता को समर्पित की जीत

मैच के दौरान बार्सिलोना के खिलाड़ियों ने भावुक संदेश दिया। गोल करने के बाद मार्कस रशफोर्ड और फेरान टोरेस हेड कोच हंसी फ्लिक के पास गए और उन्हें गले लगाया। कोच फ्लिक के पिता का पिछले वीकेंड निधन हुआ था। खिलाड़ियों ने जीत और गोल को कोच और उनके परिवार को समर्पित किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### बरौली गढ़ पर हाई मास्क लाइट लगाने की उठी मांग

**बारुण (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** प्रखंड के पिपरा पंचायत अंतर्गत ग्राम बरौली स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन गढ़ पर ग्रामीणों ने स्थायी हाई मास्क लाइट लगाने की मांग जिला प्रशासन से की है। ग्रामीणों का कहना है कि बरौली गढ़ गांव की पहचान एवं आस्था का प्रमुख केंद्र है। गढ़ परिसर में स्थापित बजरंगबली मंदिर अपनी सुंदरता एवं धार्मिक महत्व के कारण आसपास के क्षेत्रों में भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शादी-विवाह, धार्मिक अनुष्ठान एवं विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान यहां काफी भीड़ जुटती है। ऐसे में रात्रि के समय पर्याप्त रोशनी नहीं रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा फिलहाल अपने स्तर से छोटे-छोटे बल्ब लगाकर रोशनी की व्यवस्था की गई है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि गढ़ पूरे गांव का केंद्र बिंदु है, इसलिए यहां एक स्थायी हाई मास्क लाइट लगाया जाना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी से शीघ्र हाई मास्क लाइट लगाने की मांग करते हुए कहा कि इससे गढ़ परिसर की सुंदरता बढ़ेगी तथा रात्रि के समय आने-जाने वाले लोगों को भी काफी सुविधा मिलेगी।

### एक जून को धूमधाम से मनाया जाएगा पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिला मुख्यालय स्थित सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक मोड़ स्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने की, जबकि संचालन सुरेश विद्यार्थी जम्होरिया द्वारा किया गया। बैठक में ट्रस्ट के सदस्यों ने आपसी विचार-विमर्श के बाद आगामी 1 जून को पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव को भव्य एवं दिव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया। तय कार्यक्रम के अनुसार जन्मोत्सव के अवसर पर पृथ्वीराज चौहान प्रतिमा स्थल पर प्रातःकाल ट्रस्ट के मुख्य अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही सभागार में पृथ्वीराज चौहान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में उपस्थित कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. संजीव रंजन, भीम कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, वरीय सदस्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, चंद्रप्रकाश विकास, राम भजन सिंह एवं संजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी पृथ्वीराज जन्मोत्सव को ऐतिहासिक रूप दिया जाएगा।

# रफ्तार का कहर : स्कॉर्पियो-बाइक की भीषण टक्कर में दो दोस्तों की हुई मौत

**निज संवाददाता** | दाउदनगर(औरंगाबाद)





जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। अकबरपुर गांव के समीप एनएच-139 पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन काफी तेज गति में थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके परखच्चे उड़ गए। हादसे के दौरान बाइक सवार दोनों युवक कई फीट दूर जा गिरे। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। दुर्घटना की भयावहता देखकर आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। मृतकों की पहचान राजकुमार बिगहा निवासी 20 वर्षीय सोनू कुमार और शमशेर नगर रामटोली निवासी 19 वर्षीय साहिल कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों आपस में काफी घनिष्ठ मित्र थे और वीडियोग्राफी का काम करते थे। सोमवार को वे एक शादी समारोह में वीडियोग्राफी करने के लिए तरारी गांव जा रहे थे। परिजनों के अनुसार दोनों सुबह घर से काम के लिए निकले थे, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह उनकी आखिरी यात्रा साबित होगी। हादसे के बाद मृतकों के गांवों में मातम का माहौल है। जैसे ही घटना की सूचना परिजनों तक पहुंची, परिवार में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों युवक मिलनसार स्वभाव के थे और मेहनत कर अपने परिवार की मदद करते थे। कम उम्र में हुई इस दर्दनाक मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है। दुर्घटना के दौरान स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढेनुमा जगह में जा गिरा। हालांकि स्कॉर्पियो का एयरबैग खुल जाने से उसमें सवार लोगों की जान बच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चालक और अन्य सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक काफी घबराया हुआ नजर आया। घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार और एएसआई सत्येंद्र तिवारी ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण सड़क सुरक्षा को लेकर काफी आक्रोशित थे। करीब आधे घंटे तक एनएच-139 पूरी तरह जाम रहा, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बाद में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद लोगों ने जाम हटाया। जिला पार्षद अरविंद कुमार यादव और मुखिया प्रतिनिधि राजू कुमार भी मौके पर पहुंचे और मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि एनएच-139 पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। तेज रफ्तार वाहनों और सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण यह मार्ग लगातार हादसों का गवाह बन रहा है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 'सहयोग शिविर' को लेकर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

## पोर्टल संचालन और आवेदन निष्पादन की मिली जानकारी

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



औरंगाबाद समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सोमवार को "विकसित भारत-समृद्ध बिहार" अभियान के तहत आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के सफल संचालन को लेकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सहयोग शिविर पोर्टल के संचालन तथा प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों को एक साथ प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों को बताया गया कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इसके तहत विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों और आवेदनों का ऑनलाइन निबंधन कर उनका शीघ्र निष्पादन किया जाएगा, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को पोर्टल पर आवेदन प्राप्त करने, निबंधन की प्रक्रिया, जांच, संबंधित विभाग को अग्रसारित करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन से संबंधित तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों को यह भी बताया गया कि प्रत्येक आवेदन की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही तय की जा सकती है।

प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तर पर "सहयोग सेल" के गठन की जानकारी भी साझा की गई। बताया गया कि यह सेल प्राप्त आवेदनों की सतत निगरानी करेगा और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करेगा। सहयोग सेल के माध्यम से यह प्रयास किया जाएगा कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का समाधान कर लोगों को राहत पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों से कहा गया कि वे आमजन के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने पोर्टल संचालन से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। कई अधिकारियों ने अपने सवाल और सुझाव भी रखे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। अधिकारियों को पोर्टल के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम में डीसीएलआर दाउदनगर प्रणव कुमार, वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, रितेश कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के अंत में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सहयोग शिविर को जनहित में प्रभावी और परिणामकारी बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

# दुष्कर्म और वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

**औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने तथा आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में औरंगाबाद पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसकी मां को गिरफ्तार किया है। रविवार रात की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने दोनों आरोपियों को सीवान जिले से पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रोहित कुमार एवं उसकी मां मीना देवी के रूप में हुई है। आरोपी रोहित कुमार के पिता का नाम उपेंद्र राम बताया गया है। मामला रिसियप थाना कांड संख्या 43/26 से संबंधित है। पीड़िता द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि रोहित कुमार ने उसे शादी का झांसा देकर प्रेम संबंध स्थापित किया और विश्वास में लेकर शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान आरोपी ने धोखे से आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

# युवाओं को तकनीकी ज्ञान अपनाने का संदेश

**निज संवाददाता** | रफीगंज (औरंगाबाद)



औरंगाबाद में सोमवार को मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत औरंगाबाद के निर्देश पर स्वामी विवेकानंद युवा क्लब खंडवा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान युवाओं और विद्यार्थियों को तकनीक के बढ़ते महत्व तथा आधुनिक जीवन में उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विज्ञान, तकनीक और आधुनिक भारत के विकास में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता की कॉपियों का मूल्यांकन मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य अरुण कुमार और भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष साहू ने संयुक्त रूप से किया। मूल्यांकन के बाद तनु कुमारी को प्रथम, मोनिका कुमारी को द्वितीय तथा राहुल कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को अतिथियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस देश के वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों के योगदान को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि तकनीक ने शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, कृषि और उद्योग सहित हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। आज के दौर में युवाओं के लिए तकनीकी ज्ञान बेहद आवश्यक हो गया है। भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि भारत तेजी से तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और युवा शक्ति इस बदलाव की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विद्यार्थियों से नई तकनीकों को सीखने और उनका सकारात्मक उपयोग करने की अपील की।

मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक हार्दिक सिंह राजपूत ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी जानकारी के बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। पहले जहां लोग तकनीक से कम परिचित थे, वहीं अब घर-घर में मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने युवाओं से डिजिटल और तकनीकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया अभियान से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आधुनिक तकनीकी युग के अनुरूप तैयार करना है। इस अवसर पर नगर मंत्री राहुल कुमार, रोहित कुमार, सनी कुमार, नीरज कुमार, प्रियंका कुमारी, सुमन कुमारी, रुचि कुमारी समेत कई युवा और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ।

# औरंगाबाद में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## सड़क किनारे से हटाई गईं दुकानें, दोबारा कब्जा करने पर होगी सख्त कार्रवाई

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



शहर को जाममुक्त और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से सोमवार को नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर रमेश चौक से लेकर सब्जी मंडी तक सड़क किनारे लगी अस्थायी दुकानों और अतिक्रमित संरचनाओं को हटाया गया। अभियान के दौरान कई स्थानों पर बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जे हटाए गए। अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी। नगर परिषद के अधिकारियों ने फुटपाथ और सड़क किनारे दुकान लगाने वाले दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद के जूनियर इंजीनियर लव कुमार सिंह ने बताया कि शहर को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए तीन चरणों में अभियान चलाया जाएगा। पहले चरण में रमेश चौक से सब्जी मंडी तक कार्रवाई की जा रही है। दूसरे चरण में नवाडीह रोड तथा तीसरे चरण में धर्मशाला सहित अन्य क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि शहर में लगातार बढ़ते जाम की मुख्य वजह सड़क किनारे अवैध रूप से लगने वाली दुकानें और अतिक्रमण है। अभियान पूरा होने के बाद वाहन चालकों, सब्जी विक्रेताओं एवं आम लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए नए जेल परिसर के पास 82 दुकानों का निर्माण कराया गया है। मई के अंतिम सप्ताह तक सब्जी और फल मंडी को वहां शिफ्ट करने की योजना है। अभियान के दौरान नगर परिषद एवं नगर थाना की टीम लगातार लोगों को समझाने में भी जुटी रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने नाराजगी भी जताई, लेकिन प्रशासन ने साफ किया कि शहर को जाममुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से शहर में जाम की समस्या गंभीर बनी हुई थी, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

### नवाडीह रोड को वन-वे बनाने की योजना

जिला प्रशासन नवाडीह रोड को वन-वे बनाने की योजना पर भी कार्य कर रहा है, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाया जा सके। इसके अलावा नवाडीह मोड़ के पास संचालित अवैध टेंपो स्टैंड को भी दूसरी जगह स्थानांतरित करने की तैयारी चल रही है।

# सबका सम्मान–जीवन आसान के तहत जनता दरबार आयोजित

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सात निश्चय-3 अंतर्गत "सबका सम्मान–जीवन आसान" पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष रखा। कार्यक्रम के दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से जुड़े मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता तथा अनुग्रह अनुदान सहित विभिन्न जनहित से संबंधित विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों में त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# औरंगाबाद में 'तीसरी आंख' का पहरा, अब शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर

## हाई रेजोल्यूशन कैमरों से होगी निगरानी, ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों का कटेगा ऑनलाइन चालान

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



शहर में अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को अधिक मजबूत एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन ने बड़ी पहल शुरू की है। अब शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में लगाए गए हाई रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरों के जरिए पुलिस की 'तीसरी आंख' हर गतिविधि पर चौबीसों घंटे नजर रखेगी। प्रशासन का दावा है कि इस नई व्यवस्था के बाद अपराधियों के लिए बच निकलना आसान नहीं होगा। पुलिस विभाग की ओर से शहर के कई महत्वपूर्ण स्थानों पर अत्याधुनिक कैमरे लगाए गए हैं। इनमें सिन्हा कॉलेज मोड़, गांधी मैदान मोड़, प्रियव्रत पथ मोड़, रमेश चौक के पास महाराजगंज रोड, महाकाल मंदिर क्षेत्र, समाहरणालय मुख्य द्वार, बाईपास रोड सहित अन्य प्रमुख इलाके शामिल हैं। इन कैमरों को इस प्रकार स्थापित किया गया है कि शहर की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा सके।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लगाए गए कैमरे अत्यंत संवेदनशील और हाई रेजोल्यूशन तकनीक से लैस हैं। कैमरों में कैद होने वाली तस्वीरें इतनी स्पष्ट होंगी कि संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की पहचान आसानी से की जा सकेगी। इससे छिनतई, चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल अपराधियों तक पहुंचने और उनकी शीघ्र गिरफ्तारी में काफी मदद मिलेगी। अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवस्था केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था को भी व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पुलिस विभाग ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम को तकनीकी रूप से अंतिम रूप देने में जुटा है। आने वाले दिनों में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ स्वचालित कार्रवाई की जाएगी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद बिना हेलमेट वाहन चलाना, गलत दिशा में गाड़ी ले जाना, नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करना, सीट बेल्ट नहीं लगाना अथवा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन सीधे कैमरों की नजर में आ जाएंगे। ऐसे मामलों में संबंधित वाहन मालिक के नाम ऑनलाइन चालान जारी किया जाएगा। प्रशासन ने आम लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने की अपील की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में हर जगह वाहन जांच अभियान चलाने की आवश्यकता कम हो जाएगी, क्योंकि सीसीटीवी आधारित निगरानी प्रणाली स्वतः नियम तोड़ने वालों की पहचान कर कार्रवाई करेगी। पुलिस की इस नई हाईटेक व्यवस्था से शहर में अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और सुचारू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# उत्तर कोयल जलाशय परियोजना की हुई उच्चस्तरीय समीक्षा

## निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश, 59.32 प्रतिशत कार्य पूरा

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



उत्तर कोयल जलाशय परियोजना (एनकेआरपी) से संबंधित निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक सोमवार को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में परियोजना की प्रगति, भूमि अधिग्रहण, निर्माण कार्य, मानव संसाधन एवं मशीनरी की उपलब्धता सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में बताया गया कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड से प्रारंभ होकर बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुम्बा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से गुजरते हुए गया जिले तक जाती है। यह राज्य की महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजनाओं में शामिल है। परियोजना के अंतर्गत कुल नौ पैकेज (पैकेज-03 से पैकेज-11) शामिल हैं। इसकी कुल लंबाई 77.69 किलोमीटर है, जिसमें लगभग 12 किलोमीटर गया जिले में तथा शेष 61.69 किलोमीटर औरंगाबाद जिले में स्थित है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि परियोजना की कुल भौतिक प्रगति 59.32 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि पिछले सात दिनों में 1.07 प्रतिशत प्रगति हुई है। विभिन्न पैकेजों में लाइनिंग, स्ट्रक्चर निर्माण एवं अन्य कार्य तेजी से चल रहे हैं। पैकेज-03 और पैकेज-04 में लगभग 78 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरे हो चुके हैं। बैठक में निर्माण कार्यों को गति देने के लिए संबंधित एजेंसियों को आवश्यक मशीनरी एवं पर्याप्त जनशक्ति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही वितरण प्रणाली (डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम) से संबंधित निविदा प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि नवीनगर, अंबा, औरंगाबाद एवं मदनपुर डिवीजन से संबंधित री-टेंडर प्रक्रिया प्रगति पर है तथा डब्ल्यूएपीसीओएस को आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

भूमि अधिग्रहण की समीक्षा में बताया गया कि औरंगाबाद जिले में कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जानी है, जिसमें से 38.5734 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है। शेष भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वहीं गया जिले में कुल 96.749 हेक्टेयर भूमि में से 88.045 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है।

# खलिहान में लगी आग, सात बीघे का सूखा चारा जलकर राख



**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जिले के उपहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत निमड़ा गांव में सोमवार दोपहर अचानक आग लगने से एक किसान का भारी नुकसान हो गया। आग की चपेट में आने से करीब सात बीघे में रखा सूखा चारा जलकर पूरी तरह राख हो गया। यह चारा गांव निवासी किसान अखिलेश सिंह का बताया जा रहा है। घटना सोमवार दोपहर करीब दो बजे की है। किसान अखिलेश सिंह ने बताया कि उन्हें ग्रामीणों के माध्यम से खलिहान में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता बैठक आयोजित

**निज संवाददाता** | ओबरा (औरंगाबाद)



दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सोमवार को ओबरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मेघपुर पंचायत, खुदवा थाना में जागरूकता एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन एनएलआर इंडिया फाउंडेशन की ओर से किया गया। बैठक में एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के राज्य समुदाय आधारित पुनर्वास (सीबीआर) कॉर्डिनेटर अक्षय कुमार प्रजापति ने दिव्यांग स्व-सहायता समूह एवं गांव के दिव्यांगजनों के साथ संवाद किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम तथा उनके अधिकारों एवं सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकताओं एवं दिव्यांगता के अनुसार विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि जिन दिव्यांगजनों के पास अभी तक यूडीआईडी कार्ड अथवा विकलांगता प्रमाण पत्र नहीं है, उनका प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जल्द से जल्द बनवाने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।

इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तथा वॉश (जल, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य) विषय पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। प्रतिभागियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं दैनिक जीवन में आवश्यक सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कुल 21 दिव्यांगजनों ने भाग लिया, जिनमें 3 दिव्यांग बच्चे एवं 3 कुष्ठ प्रभावित दिव्यांगजन शामिल थे। बैठक के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी समस्याएं, जरूरतें एवं सुझाव खुलकर साझा किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड डीआईडी कॉर्डिनेटर रणजीत कुमार की भूमिका सराहनीय रही।

# जर्जर सड़क और जलजमाव से लोग परेशान

**निज संवाददाता** | ओबरा (औरंगाबाद)

जिला के ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित न्यू थाना रोड की बदहाल स्थिति से स्थानीय लोग परेशान हैं। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी सतह और नालियों का गंदा पानी जमा रहने के कारण राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद स्थिति और गंभीर हो जाती है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क की मरम्मत और निर्माण को लेकर वर्षों से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। यह मार्ग ओबरा थाना तक पहुंचने का मुख्य रास्ता है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवाजाही करते हैं। बाजार आने-जाने वाले ग्रामीण और शहरी लोग भी इसी सड़क का उपयोग करते हैं।

बरसात के मौसम में सड़क पर जलजमाव की समस्या बढ़ जाती है। गंदा पानी जमा रहने से दुर्गंध फैलती है और आसपास के लोगों में बीमारियों का खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से डेंगू, मलेरिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासी एवं स्काउट गाइड के जिला संगठन आयुक्त श्रीनिवास कुमार, सौरभ तिवारी, मृत्युंजय कुमार, रजनीश कुमार और मनीष कुमार सहित अन्य लोगों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।